जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 19 संख्याः 157 प्रभात जालोर, गुरुवार 12 सितम्बर, 2024 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को टोक्यो (जापान) में निवेशकों की बैठक में भाग लिया। बैठक में उन्होंने दिसम्बर में आयोजित होने वाले राइज़िंग राजस्थान ग्लोबल इन्वैस्टमेंट समिट-2024 में शामिल होने के लिये जापान के निवेशकों को आमंत्रित किया। इस मौंके पर उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा और राजस्थान के उद्योग-वाणिज्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा भी उनके साथ मौजूद थे।*

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने टोक्यो में ''राइज़िंग राजस्थान'' के रोड शो का नेतृत्व किया

### जेट्रो, काई ग्रुप, निप्पॉन स्टील ट्रेडिंग, हिताची, यामाशिता रबर, ई एंड एच प्रिसिज़न, ताकाहाटा प्रिसिज़न और अन्य जापानी फर्मों के साथ मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की

टोक्यो, 11 सितंबर। ''राइज़िंग राजस्थान'' ग्लोबल इन्वैस्टमैंट समिट 2024 के दक्षिण कोरिया रोड शो के सफल आयोजन के बाद, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने आज जापान की राजधानी टोक्यो में निवेशकों की बैठक (रोड शो) में भाग लिया। इस उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की यह जापान यात्रा जापानी व्यापार जगत को प्रदेश में निवेश के लिए और इस साल दिसंबर में आयोजित ''राइज़िंग राजस्थान'' ग्लोबल इन्वैस्टमैंट 2024 में शामिल होने के लिए आमंत्रित करने के लिए हो रही है।

- **मुख्यमंत्री ने टोक्यो में नीमराणा दिवस समारोह में भाग लिया, उन्होंने कहा नीमराणा देश-विशिष्ट निवेश क्षेत्र के लिए एक मॉडल है। नीमराणा में कई जापानी कम्पनियां हैं।**
- **मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने अनिवासी राजस्थानी (एन.आर.आर.) समुदाय से भी मुलाकात की। समुदाय से जापान में राजस्थान के दूत की भूमिका निभाने का आह्वान किया।**

टोक्यो में आयोजित इस रोड शो को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री ने जापानी निवेशक समुदाय और उद्यमियों को राजस्थान में निवेश करने और मौजूदा संबंधों को मजबूत करने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा, जापानी निवेशकों के लिए उपयुक्त व्यापारिक वातावरण प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता नीमराणा जापानी निवेश क्षेत्र की सफलता से स्पष्ट है, जहां अब तक 48 से अधिक जापानी कंपनियों ने लगभग 8.34 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है और 26,000 से अधिक लोगों को रोजगार दिया है। यह ''ईज ऑफ डूइंग बिजनेस'' के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का एक जीवंत उदाहरण है। इसकी सफलता से प्रेरित होकर, हमारी सरकार नीमराणा से करीब 20 कि.मी. दूर छिलोट में दूसरा जापानी निवेश क्षेत्र भी विकसित कर रही है।

टोक्यो में हुई निवेशकों की इस बैठक में उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव अजिताभ शर्मा ने जापानी निवेशकों के समक्ष राजस्थान में निवेश के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी और राज्य की नई नीतियों और शासन प्रणाली में हो रहे परिवर्तन के बारे में बताया।

इसके अलावा, जापानी व्यापारिक समुदाय और राजस्थान राज्य के बीच साझेदारी को चिह्नित करते हुए रोडशो में नीमराणा दिवस समारोह भी आयोजित किया गया।

इसके अलावा, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने टोक्यो में आज जापान की कुछ चुनी हुई कंपनियों के सी.ई.ओ. और बिज़नेस लीडर्स के साथ लंच पर मुलाकात की और उन्हें राजस्थान में अपना व्यवसाय स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले इस प्रतिनिधिमंडल ने जेट्रो, काई ग्रुप, निप्पॉन स्टील ट्रेडिंग, हिताची, यामाशिता रबर, ईएंडएच प्रिसिजन, ताकाहाटा प्रिसिजन सहित कई जापानी कंपनियों के अधिकारियों के साथ बैठकें की।

इन बैठकों में, मुख्यमंत्री ने राज्य में निवेश करने और जापान और राजस्थान के बीच रिश्तों को मजबूत करने के लिए उनकी प्रशंसा की।

रोडशो के बाद, मुख्यमंत्री शर्मा ने टोक्यो में रहने वाले अनिवासी राजस्थानी (एनआरआर) समुदाय से भी मुलाकात की। ये वो लोग हैं, जो वर्तमान में जापान में रह रहे हैं, लेकिन उनकी जड़ें राजस्थान में हैं। मुख्यमंत्री ने अनिवासी राजस्थानियों के समुदाय से जापान में राजस्थान के दूत की भूमिका निभाने और अपने गृह राज्य में निवेश को सुविधाजनक बनाने में मदद करने का आ ान किया।

जापान के दौरे पर गए मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में राजस्थान सरकार के माननीय उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, उद्योग और वाणिज्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा और रीको और बीआईपी के अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल हैं।

## गहलोत सरकार अपने अंतिम दिनों में भी बाज नहीं आई एक और मैगा स्कैम से

### ईस्टर्न कैनाल प्रोजैक्ट के तहत 9,600 करोड़ रूपये के टैण्डर आवंटित किये मेघा नामक कम्पनी को

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 सितम्बर। अशोक गहलोत सरकार का एक बहुत बड़ा घोटाला, जो उनके पाँच वर्ष के कार्यकाल के बिल्कुल अन्त में हुआ था, गैर कानूनी एवं अनियमित तौर तरीकों की एक अनूठी मिसाल है। जिस कम्पनी को यह ठेका दिया गया था, उसे खुश करने में मुख्यमन्त्री हद से ज्यादा झुक गए थे। शुद्धि पत्रों में वित्तीय तथा तकनीकी - दोनों ही प्रकार के बड़े-बड़े बदलाव किए गए, और इसका नतीजा यह हुआ कि जो शर्तें रखी गई थीं, उन पर राज्य सरकार ने स्वयं समझौते किए।

संदर्भित कम्पनी का नाम ''मेघा'' है तथा इस कम्पनी की खास बात यह है इसने भाजपा को अधिकतम इलेक्टोरल बॉन्ड बॉण्ड्स दिए हैं।

**तीन निविदाओं की कुल राशि- रु.7788 करोड़**
**निविदा में भरी राशि - रु.10571करोड़**
**आर्डर फाइनल हुआ - रु. 9600 करोड़**

यह पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना से संबंधित है। ''राजस्थान के कोटा एवं बारां जिलों में रामगढ. बैराज, महलपुर बैराज, नवनीरा पम्प हाउस, मुख्य नहर को डिलीवरी सिस्टर्न तक पहुँचाना तथा हाईब्रिड वार्षिक मॉडल पर 10 वर्ष के ओ. एण्ड एम. (आपरेशन एवं मैन्टिनैंस) के साथ डिलीवरी सिस्टर्न का निर्माण।''

- **इस कम्पनी को राजी रखने के लिये गहलोत सरकार उल्टी लटक गई। कम्पनी को लाभ व सुविधा प्रदान करने के लिये राज्य सरकार ने, टैण्डर की शर्तों में तीन बार परिवर्तन किया, कोरिजैन्डम जारी करके। उदाहरण के लिये, एक कोरिजैन्डम जारी करने मेघा कम्पनी पर, सी.ए. व बैंक द्वारा सत्यापित दस्तावेज ही टैण्डर के साथ देने की शर्त हटा दी।**
- **मजे की बात है कि मेघा कम्पनी ने सबसे ज्यादा इलैक्ट्रोरल बॉण्डस खरीद के दिये थे भाजपा को। क्या इसी कारण अब ज्यादा नहीं उछाला जा रहा नयी सरकार में भी।**

सम्बन्धित मन्त्री थे महेन्द्र जीत मालवीय, जो अशोक गहलोत के बहुत निकट माने जाते थे। समझा जाता है कि उन्होंने सब कुछ अशोक गहलोत के निर्देशानुसार किया था।

रोचक बात यह है कि वे कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। क्या इसी कारण भाजपा इस इतने बड़े घोटाले के बारे में कुछ नहीं बोल रही है?

मालवीय ने, कम्पनी को लाभ पहुँचाने के लिए जारी किए गए शुद्धि-पत्रों के जरिए, ''मेघा'' कम्पनी को अनेक लाभ पहुँचाए।

गहलोत सरकार ने बिडर द्वारा सी.ए. द्वारा प्रमाणित तथा बैंक द्वारा प्रमाणित दस्तावेजों का प्रावधान हटा दिया था। इसके बाद, बिडर स्वयं के हस्ताक्षर युक्त अपना ही प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकता था तथा बैंक सॉल्वेन्सी के किसी बाहरी प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं रही थी।

## क्या अमेरिका हरियाणा के चुनाव में रूचि ले रहा है?

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 सितम्बर। पिछले सप्ताह नई दिल्ली में एक विचित्र घटना घटी। रात के 2 बजे, किसान संगठनों के एक दर्जन नेता गुप्त मीटिंग के लिये अमेरिकन दूतावास में जाते हुए देखे गए तथा डेढ़ घंटे के बाद बाहर आये। इनमें हरियाणा, पंजाब तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसान नेताओं के अलावा कुछ

- **सूत्रों से पता चला है कि हरियाणा के कुछ किसान नेता पंजाब व उत्तर प्रदेश के कुछ किसानों के साथ गत सप्ताह रात 2 बजे अमेरिकी दूतावास गए थे।**

कम्यूनिस्ट नेता भी शामिल थे। दूतावास में प्रवेश करते समय उनके चेहरे ढ़के हुये थे। चाणक्यपुरी की खुफिया एजेसिंयों को जब ये लोग संदेहास्पद लगे तो उन्होंने इन नेताओं पर नज़र रखी तथा उनके बाहर आने के बाद उनका पीछा किया। ये सभी लोग छतरपुर के एक फार्म हाउस में जाते देखे गए।

गुप्तचर अधिकारियों ने उनकी पहचान की तथा इस घटना की सूचना

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## 'उचित शिक्षा के लिए ''अनफिट'' हैं मदरसे'

### नैशनल कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर कहा

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 सितम्बर। नैशनल कमीशन फॉर प्रोटैक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स (एन.सी.पी.सी.आर.) ने कहा है कि मदरसे बच्चों, जो वहां पढ़ते हैं, को अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा देने के लिए उपयुक्त नहीं हैं। उनके काम करने का मनमाना तरीका है तथा यहां एक स्टैण्डर्ड पाठ्यक्रम व कार्यशैली का सर्वथा अभाव है।

सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दायर कर एन.सी.पी.सी.आर. ने यह बात कही और यह भी कहा कि राइट टू एजूकेशन (आर.टी.ई. एक्ट, 2005 के भाग 2(न) के तहत स्कूलों की जो परिभाषा है, उसके अनुसार मदरसे स्कूल नहीं हैं और ये वाजिब शिक्षा के लिए सही स्थान नहीं है। इस बात की अनदेखी नहीं की जा सकती कि एक बच्चा जो ऐसा संस्था में शिक्षा प्राप्त करता है, वो स्कूल में पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम के मूल ज्ञान से वंचित रह जाता है।''

- **आयोग ने कहा कि चूंकि मदरसा राइट टु एजुकेशन कानून में परिभाषित स्कूल के दायरे में नहीं आते हैं इसलिए इनमें पढ़ने वाले बच्चे इस कानून के तहत दी जाने वाली सुविधाओं से भी वंचित रह जाते हैं।**
- **आयोग ने कहा कि मदरसे मनमाने तरीके से चलते हैं और वे अन्य स्कूलों में पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम का इस्तेमाल भी नहीं करते हैं।**

इसमें आगे कहा गया है कि मदरसे मनमाने तरीके से काम करते हैं और संवैधानिक प्रावधानों और आर.टी.ई. एक्ट तथा जुवेनाइल जस्टिस एक्ट 2015 के प्रावधानों के खिलाफ हैं, एन.सी.पी.आर. ने कहा कि मदरसों की तीन श्रेणियाँ हैं, मान्यता प्राप्त मदरसे, गैर मान्यता प्राप्त मदरसे और अज्ञात मदरसे। ये वे मदरसे हैं जिन्होंने राज्य सरकार से मान्यता के लिए कभी भी आवेदन नहीं किया।

एन.सी.पी.आर. ने कहा है, ''बच्चे भी ऐसी संस्थाओं में भर्ती होते हैं, जो मान्यता प्राप्त नहीं (अनरिकग्नाइज्ड) हैं, क्योंकि ये नियोजित एवं व्यवस्थित नहीं (अनमैप्ड) होती हैं, तथा ऐसी संस्थाओं की संख्या भी ज्ञात नहीं है। इसलिए, ये संस्थाएं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे रही हैं या नहीं, इसके साथ ही, इन संस्थाओं द्वारा बच्चों को दिए जा रहे माहौल की कोई जानकारी भी उपलब्ध नहीं होती है। इस प्रकार की (अनरिकग्नाइज्ड तथा /अथवा अनमैप्ड) में पढ़ने वाले बच्चों को ''स्कूल न जाने वाले बच्चे'' (आउट ऑफ स्कूल) माना जाना चाहिए, भले ही उन्हें नियमित शिक्षा दी जा रही हो।''

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इस साल मार्च में ''उत्तर प्रदेश बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट, 2004 को

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## खुली जेल में अस्पताल प्रोजैक्ट पर सुप्रीम कोर्ट गंभीर

जयपुर, 11 सितंबर। सुप्रीम कोर्ट ने सांगानेर स्थित देश की पहली खुली जेल की जमीन पर अस्पताल बनाए जाने के मुद्दे को गंभीरता से लिया है। इसके साथ ही अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि यदि राज्य सरकार इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाती है तो सीएस भी वहां रहने का पहला अनुभव लेंगे।

- **सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर यह प्रोजैक्ट आगे बढ़ाया तो मुख्य सचिव को भी इसमें रहने जाना पड़ सकता है।**

जस्टिस बी.आर. गवई व के.वी. विश्वनाथन की खंडपीठ ने यह टिप्पणी प्रसून गोस्वामी की अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान की।

प्रार्थी पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनुज ने खंडपीठ को बताया कि अदालत ने 17 मई 2024 को आदेश

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## अमेरिकी मीडिया के अनुसार, कमला हैरिस ने डॉनल्ड ट्रम्प को अच्छी तरह पछाड़ा, प्रथम टी.वी. डिबेट में!

### पोलिटिको, एक जाना माना न्यूज़ प्लेटफार्म, व न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, पूरी ''डिबेट'' में कमला हैरिस ट्रम्प पर छायी रहीं

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 सितम्बर। अमेरिकन मीडिया ने डैमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की प्रत्याशी कमला हैरिस को रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डॉनल्ड ट्रम्प के साथ बहस में बढ़त दी है। जुलाई में हुई बहस में जो बाइडन काफी जूझते हुए नज़र आए थे, इसके विपरीत फिलाडैल्फिया में हुई डिबेट में कमला हैरिस काफी गरिमापूर्ण और फोकस्ड नज़र आईं।

ए.बी.सी. न्यूज़, जिसने वह डिबेट आयोजित की थी, में ट्रम्प ने हैरिस पर बढ़त प्राप्त करने के लिए गलत जानकारी व ''षड्यंत्र'' रचने की बाते कही, पर उन्हें सफलता नहीं मिली। ए.बी.सी. के अनुसार, जब हैरिस ने सटीक प्रहार शुरु किए तो ट्रम्प जल्दी ही रक्षात्मक मुद्रा में आ गए।

एक स्वतंत्र न्यूज़ प्लेटफॉर्म 'पॉलिटिको' ने हैरिस को विजेता घोषित कर दिया और कहा कि उन्होंने बार-बार ट्रम्प का संतुलन बिगाड़ दिया। न्यूयॉर्क टाइम्स ने भी यही बात कही। उन्होंने कहा बहस में अधिकतर हैरिस हावी रहीं। उन्होंने वकालत की क्षमता का उपयोग कर ट्रम्प को रक्षात्मक मुद्रा में ला दिया। हैरिस द्वारा बाइडन प्रशासन का बचाव करने की बजाय ट्रम्प खुद के कार्यकाल में लिए गए फैसलों को उचित ठहराते हुए दिखे। न्यूयॉर्क टाइम्स ने बताया कि ट्रम्प काफी दयनीय दिखे।

- **सी.एन.एन. के अनुसार, हैरिस ने डिबेट के दौरान, बार-बार ट्रम्प को उकसाया और वे बार-बार हैरिस के शब्द जाल में फंसते चले गये।**
- **डिबेट के बाद हैरिस ट्रम्प के आगे निकल गयीं, लोकप्रियता की रेटिंग में।**
- **अगर यह क्रम चलता रहा तो, कमला हैरिस अमेरिका की प्रथम महिला राष्ट्रपति बन सकती हैं।**

वॉशिंगटन पोस्ट ने कहा कि ट्रम्प कई बार तथ्यों से भटके और 2020 के चुनावों और इमिग्रेशन के बारे में झूठे दावों का सहारा लेते दिखे। हैरिस ने ट्रम्प पर आरोप लगाया गया कि वे झूठ और निजी शिकायतों से भरी पुरानी थकी हुई प्लेबुक को ही बार बार झाड़ पोंछकर पेश कर रहे हैं तथा उनके पास अमेरिका के लोगों के लिए कोई असली प्लान नहीं है।

सी.एन.एन. ने कहा कि हैरिस ने जो भी बातें कहीं, ट्रम्प हर बात में उनमें उलझते दिखे। सी.एन.एन. ने कहा कि हैरिस पूरी तरह से तैयार थीं और उन्होंने ट्रम्प को उकसाने की रणनीति पर बखूबी अमल किया। ट्रम्प बार-बार आप खोते हुए नजर आए। सी.एन.एन. ने कहा कि ट्रम्प ने यहां तक कह दिया कि प्रवासी लोग अमेरिकन लोगों के पालतू जानवर को खा जाते है।

फॉक्स न्यूज़ ने संतुलन बनाने की कोशिश की, पर उसका सारा जोर इस पर रहा कि ''फैक्ट चैक'' पर ट्रम्प ए.बी.सी. के मॉडरेटर्स से उलझते रहे।

दोनों प्रत्याशियों की यह पहली डिबेट थी, जो टी.वी. पर आई थी। शुरु में ट्रम्प आगे दिख रहे थे, पर बाद में

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## प्रेमिका के पति के हत्यारे को आजीवन कारावास

जयपुर, 11 सितंबर। जिले के सत्र न्यायालय ने प्रेमिका के पति की हत्या करने वाले युवक राकेश सैनी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने तीस वर्षीय इस अभियुक्त पर दो लाख रुपए का जुर्माना

- **सत्र न्यायालय ने आरोपी राकेश सैनी को तो सजा दी, पर, उसकी प्रेमिका पूजा को दोष मुक्त कर दिया। अदालत ने राकेश सैनी पर दो लाख रूपए का जुर्माना भी लगाया।**

भी लगाया है। वहीं, अदालत ने मृतक की पत्नी पूजा देवी को दोष मुक्त कर दिया है। अदालत ने कहा कि अभियुक्त का पूजा देवी से संबंध होना प्रमाणित है, लेकिन अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर सका कि पूजा ने अपराध में राकेश

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## विचार बिन्दु

वह जो अपने प्रियजनों से अत्यधिक जुड़ा हुआ है। उसे चिंता और भय का सामना करना पड़ता है। क्योंकि सभी दुःखों की जड़ लगाव है। इसलिए खुश रहने के लिए लगाव छोड़ दीजिये। –चाणक्य सुविचार

# बंपर बारिश से खुशहाली की बयार के साथ खेत-खलिहान को नुकसान

राजस्थान में चालू मानसून में भारी बारिश से जहाँ भूजल स्तर में वृद्धि के साथ पेयजल किल्लत वाले क्षेत्रों में ख़ुशी की लहर देखी जा रही है वहीं फसलों को नुकसान पहुँचने से किसानों के चेहरों पर चिंता से भजन लाल सरकार भी चिंतित है। राज्य सरकार किसानों की क्षतिपूर्ति के लिए मुआवजा देने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री भजन लाल के निर्देश पर मंत्रीगण जिलों का दौरा कर भारी वर्षा और अतिवृष्टि से फसलों सहित विभिन्न क्षेत्रों में हुए नुक्सान का ब्यौरा एकत्रित कर रहे है। सरकार कृषि विभाग के अधिकारियों से प्रदेश में हो रहे नुकसान का फीडबैक ले रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकार ने राजस्व विभाग के माध्यम से एक पखवाड़े पहले ही गिरदावरी के लिए कह दिया था । एक सितंबर से प्रदेश में गिरदावरी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई ताकि किसान को कितना नुकसान हुआ हुआ है तथा किसको कितना उसको मुआवजा देना है, इसका निर्धारण हो पाए। प्रदेश में तीन इंश्योरेंस कंपनियां काम कर रही है जो जाँच पड़ताल कर किसानों के नुकसान की भरपाई की कार्यवाही में जुटी है। किसान आयोग अध्यक्ष ने अतिवृष्टि से फसलों में हो रहे खराबे पर चिंता जाहिर की है। किसान आयोग अध्यक्ष ने कहा है कि कि सरकार किसानों की पीड़ा को जानती है और खुद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नियमित मॉनिटरिंग कर रहे हैं। किसान आयोग के मुताबिक प्रदेश में लगातार हो रही बरसात से सब तरफ खुशी का माहौल है। आने वाले समय में पेयजल और सिंचाई के पानी की समस्या का समाधान हो रहा है। अत्यधिक बरसात से फसलों में खराबी भी सामने आ रही है। सरकार फसलों में हो रहे खराबी से चिंतित है।

राजस्थान में चालू मानसून में सर्वत्र बंपर वर्षा से खेत-खलिहान से लेकर पेयजल की कमी वाले क्षेत्रों में ख़ुशी की लहर है। हालांकि अतिवृष्टि और बाढ़ से जन जीवन अस्त व्यस्त होने के साथ जानमाल के नुक्सान की जानकारी भी मिली है। इसके बावजूद किसानों का कहना है हमारी नदियों और अन्य स्त्रोतों में पानी की अच्छी आवक होने से भूमिगत जलस्तर में आशातीत रूप से वृद्धि हुई है। अनेक नदियां वर्षों से सूखी पड़ी थी, उनमें भी पानी आया है।

भूजल स्तर में वृद्धि होने से डार्क जोन क्षेत्रों के कुओं, हैडपम्पों और ट्यूबवेल सहित अन्य स्त्रोतों में पानी आने से पेयजल की किल्लत ख़त्म होने के आसार है। प्रदेश के लगभग सभी बांध पानी से लबालब भर गए है जिससे सिंचाई और पेयजल आपूर्ति में अच्छी मदद मिलेगी। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पिछले दस से पचास वर्षों की अवधि में सूखे की मार झेल रही अनेक जिलों की नदियों में पानी की आवक से लोगों के चेहरों पर ख़ुशी देखी जा रही है। मानसून ने पिछले 50 सालों का रिकार्ड तोड़ दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है पानी की अच्छी आवक से भूमिगत जलस्तर 15 प्रतिशत तक रिचार्ज होने की उम्मीद है।

मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में चालू मानसून में अब तक औसत से 62 प्रतिशत ज्यादा अर्थात 650 मि.मी बारिश हो चुकी है। बारिश ने वर्षों पचास के बाद प्रदेश में यह नया रिकॉर्ड बनाया है। अभी मानसून ख़त्म नहीं हुआ है और यह आंकड़ा अभी और बढ़ेगा। मिली जानकारी के मुताबिक प्रदेश के साढ़े तीन सौ से अधिक बांध पानी से लबालब भर चुके है। अत्यधिक पानी की आवक से लगभग 200 बांधों के गेट खोले जा चुके है। प्रदेश के सभी 691 बांधों में 85 प्रतिशत पानी आ चुका है और यह क्रम अनवरत चालू है। बांधों में पानी की अच्छी आवक से अगले एक साल तक पानी की किल्लत का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**सरकार कृषि विभाग के अधिकारियों से प्रदेश में हो रहे नुकसान का फीडबैक ले रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकार ने राजस्व विभाग के माध्यम से एक पखवाड़े पहले ही गिरदावरी के लिए कह दिया था । एक सितंबर से प्रदेश में गिरदावरी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई ताकि किसान को कितना नुकसान हुआ हुआ है तथा किसको कितना उसको मुआवजा देना है, इसका निर्धारण हो पाए।**

राज्य में नदी, नालों, तालाबों, झीलों, कुओं और बांधों में पानी की अच्छी आवक से भूजल स्तर में वृद्धि के साथ पेयजल किल्लत वाले क्षेत्रों में ख़ुशी की लहर देखी जा रही है। वैज्ञानिकों के मुताबिक भूजल स्तर को फिर से जीवंत करने में वर्षा जल मदद करता है। पेयजल का मुख्य स्त्रोत भूगर्भ जल ही है। भूजल वह जल होता है जो चट्टानों और मिट्टी से रिस जाता है और भूमि के नीचे जमा हो जाता है। जिन चट्टानों में भूजल जमा होता है, उन्हें जलभृत कहा जाता है। भारी वर्षा से जल स्तर बढ़ सकता है और इसके विपरीत, भूजल का लगातार दोहन करने से इसका स्तर गिर भी सकता है।

गौरतलब है राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य है। राजस्थान रेतीला, बंजर, पर्वतीय और उपजाऊ कच्छारी मिट्टी से मिलकर बना है। राज्य की अर्थ व्यवस्था कृषि एवं ग्रामीण आधारित है। कृषि और पशु पालन यहां के निवासियों के मुख्य रोजगार है। वर्षा की अनियमितता के कारण यह प्रदेश अनेकों बार सूखे और अकाल का शिकार हुआ। मगर प्रदेशवासियों ने विपरीत स्थितियो में भी जीना सीखा और अपने बुलन्द हौसले को बनाये रखा।

राजस्थान अपनी जल-जरूरतों की पूर्ति के लिए सबसे ज्यादा भू-जल पर ही निर्भर है। यह ग्रामीण एवं शहरी घरेलू जलापूर्ति का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है। पिछले कुछ वर्षों में लाखों निजी कुओं के निर्माण से भूजल के दोहन में भारी वृद्धि दर्ज की गई है। इसके अलावा खेती में सिंचाई भूजल के माध्यम से होती है। जिसके परिणामस्वरूप भूजल में गिरावट आई है। भू-जल दोहन के अनुपात में जल की प्राप्ति नहीं होने से संकट बढ़ रहा है। घटते भू-जल के लिए सबसे प्रमुख कारण उसका अनियन्त्रित और अनवरत दोहन है। इस वर्ष चालू मानसून में अनेक ऐसी नदियों और तालाबों में पानी आने के समाचार भी मिल रहे जो वर्षों से सूखे की मार झेल रहे थे। भूजल खेती और सिंचाई के कार्य में बहुतायत से उपयोग में आता है।

'इंटरकनेक्टेड डिजास्टर रिस्क रिपोर्ट 2023' शीर्षक से संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय-पर्यावरण और मानव सुरक्षा संस्थान की एक रिपोर्ट में बताया गया है, भूजल की वर्तमान स्थिति को सुधारने के लिये भूजल का स्तर और न गिरे इस दिशा में काम किए जाने के अलावा उचित उपायों से भूजल संवर्धन की व्यवस्था हमें करनी होगी। पानी की कमी के चलते निरन्तर खोदे जा रहे गहरे कुओं और ट्यूबवेलों द्वारा भूमिगत जल का अन्धाधुन्ध दोहन होने से भूजल का स्तर निरन्तर घटता जा रहा है। देश में जल संकट का एक बड़ा कारण यह है कि जैसे-जैसे सिंचित भूमि का क्षेत्रफल बढ़ता गया वैसे-वैसे भूगर्भ के जल के स्तर में गिरावट आई है। भूजल दोहन के अंधाधुंध दुरुपयोग को यदि समय रहते रोका नहीं गया, तो आने वाली पीढियों को इसके भयानक परिणाम भुगतने होंगे। सरकार को जनता में जागरूकता लाने के लिए विशेष प्रबन्ध और उपाय करने होंगे। रिपोर्ट के अनुसार देश में कृषि के लिए लगभग 70 प्रतिशत भूजल का उपयोग किया जाता है। भारत दुनिया में भूजल का सबसे बड़ा यूजर है, जो यूएसए और चीन के कुल उपयोग से भी अधिक है। भारत का उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र देश की बढ़ती 1.4 अरब आबादी के लिए रोटी की टोकरी के रूप में काम करता है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**बाल मुकुंद ओझा,**
**वरिष्ठ लेखक और पत्रकार**

# भारत के संविधान के होते हुए, क्या सार्थकता है मनु स्मृति पर यदा-कदा की निरर्थक बहस का?



महावीर सिंह

भारत एक संवैधानिक राष्ट्र है। इसका शासन संविधान के अनुसार चलता है। हमारा संविधान उन मानवीय मूल्यों पर आधारित है जिनको बीच में रख कर स्वतंत्रता का आंदोलन चला और अंततोगत्वा भारत वैसा राष्ट्र बना जैसा ज्ञात इतिहास में पूर्व में कभी नहीं था। कैबिनेट मिसन के प्रावधानों के अनुसार 1946 संविधान निर्मात्री सभा का गठन हुआ। इस सभा में स्वतंत्रता के जंग में शामिल सभी संगठनों, विभिन्न समुदायों के 229 व देशी रियासतों के भी 70 प्रतिनिधि थे। कुछ संगठन जो आजादी की लड़ाई के प्रति उदासीन थे उनके भी कुछ-कुछ प्रतिनिधि थे। इस प्रकार की जनता की संविधान निर्मात्री सभा नें हर मुद्दे पर व्यापक बहस के बाद संविधान तैयार किया जिसके अनुसार गत 74 साल से भारत का शासन चल रहा है। इस संवैधानिक व्यवस्था से आम लोगों की बहुत सी आकांक्षाए पूरी हुई, कुछ नहीं भी हुई।

पुराने राजाओं की राज व्यवस्थाओं में कुल मिलाकर एक राजा व उसके द्वारा बनाए मंत्री मंडल द्वारा ही शासन का संचालन होता था। ऐसे मंत्री मंडलों में अधिकांशत: उच्चवर्णों के लोग ही होते थे । ऐसे लोगों के मंत्रिमंडल के निर्णय उन्ही वर्गों के हितों को सर्वोपरि रख कर होता था। नि:सन्देह पूर्व में भी कुछ अच्छे राजा हुए यथा अशोक महान, हर्षवर्धन व उत्तर-दक्षिण के गुप्त सम्राज्य के राजा, दक्षिण के कुछ चोल और कुछ अन्य। अब जनता द्वारा चुनी संसद कानून बनाती अर्थात राजा के अधिकार जनता में हैं। जनता के चुने हुए लोग ही संसद द्वारा अनुमोदित कानूनों,नीतियों की अनुपालन करते, कराते है। अब मनुस्मृति लिखी बातों के लिए कोई स्थान है ही नहीं तो फिर यदा कदा मीडिया में अर्थहीन डिबेट क्यों चलती हैं? वर्तमान में मनुस्मृति का पठन-पाठन, चर्चा, कानून के विद्वानों, विद्यार्थियों, वकीलों के लिए यह समझने के लिए तो हो सकता है कि समाजों में कानून की क्यों आवश्यकता है और विभिन्न ऐतिहासिक काल खंडों में विभिन्न विषयों के कानून कैसे-कैसे बने व उनमें समय-समय पर क्या और क्यों बदलाव हुए है। इस से अधिक इसका कोई महत्व नहीं।

मनु स्मृति में बहुत से श्लोक मनुष्यों के आपसी रिश्तों, व्यवहार में शिष्टाचार, जन्म, शादी, श्राद्ध से सम्बंधित है। इन में से अधिकांश में कोई आपत्ति वाली बात नहीं है। आपत्ति केवल इतनी है यह सारे श्लोक केवल तीन उच्च वर्णों के कार्यों में ही उपयोग में लिए जाते है। शुद्र वर्ग के लिए नही। इस से यह झलक मिलती है कि तत्समय शुद्र वर्ग के लिए सेवा आदि कार्य तो निर्धारित थे किन्तु उन्हें उच्च तीन वर्गों वाले समाज से अलग - थलग ही रखा गया।

आइए जरा मोटे रूप से देखें यह मनुस्मृति है क्या? यह एक पुरानी विधि संहिता है। कितनी पुरानी है पुख्ता रूप से कोई कुछ नहीं कह सकता। कुछ इसे 2, 5 से 10 हजार साल पुरानी बाताते है। कुछ तो इसे सृष्टि के सृजन के साथ जोड़ने में भी नहीं हिचकिचाते। उनके अनुसार मनु ब्रह्मा के पुत्र है। कुछ लोग कल्पना दौड़ाते है कि हर युग-कल्प में एक मनु होता है जो समाज को व्यवस्थित ढंग से चलाने के नियम-कायदे बनाते और सिखाते हैं।

मनुस्मृति में कुल श्लोक कितने हैं, इस पर भी मतभिन्नता है। भिन्न-भिन्न लोग 2500 से 3000 तक श्लोक मानते हैं। मनुस्मृतियाँ कितनी है इस पर भी एक राय नही। नारद स्मृति, पराशर स्मृति, याज्ञवल्क्य स्मृति आदि भी चलन में है। कुछ अन्य स्मृतियों में भी समाज के लिए नियम कायदे बताए है। वैसे तो ब्रिटिश हुकूमत के समय ही मनुस्मृति के विपरीत कानून बनने शुरू होगए थे जैसे बाल विवाह निषेध अधिनियम या 1834-35 के पश्चात सभी वर्गों लोगों के लिए शिक्षा प्राप्ति के लिए सुविधाओं का विस्तार व समानता आदि। फिर समय-समय पर इस विषय को क्यों चर्चा में लाया जाता है? मनुस्मृति पर पहला मुखर विरोध डॉक्टर बीआर अम्बेडकर नें शुरू किया। उन्होंने 25 दिसम्बर 1927 को सार्वजनिक रूप से मनुस्मृति को जलाया। जनता के समक्ष यह विषय रखा कि मनुस्मृति में महिलाओं व वंचित दलित वर्गों के लिए अत्यंत विभेदकारी, गैर बराबरी वाली व परस्पर विरोधी बातें लिखी है। बहुत से दण्ड प्रावधान भी वर्ग के अनुसार अलग-अलग है। उनके अनुसार शिक्षा के प्रसार से नवचेतना आई है और मनुस्मृति जैसी पुरातन कानून संहिताओं के लिए आधुनिक, प्रगतिशील समाज में कोई स्थान नहीं होना चाहिए।

भारत का संविधान 16 नवम्बर 1949 को बनकर तैयार हुआ और 30 नवम्बर 1949 के ऑर्गनाइजर में नव निर्मित संविधान को मनुस्मृति के अनुसार न होने के बिंदु पर आलोचना छपी। आलोचना के मुख्य बिन्दु थे कि संविधान में प्राचीन भारत की संवैधानिक विकास यात्रा, संस्थाओं, शब्दावलियों का बिल्कुल उपयोग नहीं किया गया। मनुस्मृति की सारे संसार में तारीफ की जाती है जो भारतीय हिंदुओं को सहज स्वीकार्य है। कुछ लोग तो यहां तक बोल देते हैं कि हिंदुओं को अंग्रेजों के 200 साल के शासन में उतना नुकसान नहीं हुआ जितना संविधान के कारण हुआ है। तलाक (डिवोर्स कानून) प्रावधानों पर भी ऑर्गनाइजर में एक असहमति वाली टिप्पणी छपी थी। कुछ आगे बढ़ते हुए मनुस्मृति में दिए प्रलय, ब्रह्मा, सृष्टि सृजन व कुछ विवादस्पद श्लोको में से कुछ पर चर्चा कर विषय पर कुछ ओर स्पष्टता लाएं:-(आगे सम्बंधित श्लोक ब्रेकिट में लिखे है, पहला अंक अध्याय दर्शाता है ओर डॉट के बाद की संख्या श्लोक संख्या है।)

इस ग्रन्थ के प्रथम अध्याय में ध्यान लीन बैठे मनु जी नें, महर्षियों के आग्रह पर, मनुस्मृति का ज्ञान उनको दिया। श्लोक 1.61 के अनुसार सृष्टि रचना के बाद सबसे पहले मनुस्मृति धर्म शास्त्र बना। श्लोक 1.62 के अनुसार मनु नें कहा कि भृगु नें उनके द्वारा दिया ज्ञान अच्छी तरह समझ लिया और स्मरण कर लिया। मनु के अनुसार आगे से भृगु ऋषि ही यह ज्ञान सब को सुनाएंगे। इसका अर्थ हुआ कि वर्तमानं में जो मनुस्मृतियाँ बाजार में उपलब्ध है उनमें मनु जी के मूल श्लोकों के साथ-साथ, श्रवण करने वालों के स्मरण व उनकी व्याख्या, समझ, ज्ञान, सृजन का भी मेल जरूर होगा। श्रुति आधारित मनु स्मृतियों को बहुत बाद में लिखित रूप दिया गया है। प्रथम अध्याय में ही चार वर्णों के सम्बंध में लिखा है। श्लोक संख्या 1.2 के अनुसार ऋषियों नें मनु के समक्ष इच्छा व्यक्त की थी कि उन्हें चार वर्णों के कर्मों के बारे में बताएं। प्रलय का जिक्र है 1.7 में और 1.10 के अनुसार, सृष्टि का सृजन ईश्वर की इच्छा मात्र हुआ है। 1.11 के अनुसार ईश्वर नें जल में बीज छोड़ा जो एक तीव्र प्रकाश वाले अंडे में परिवर्तित हुआ और उस में से हजारों साल बाद ब्रह्मा निकले। ब्रह्मा ही ब्रह्म हैं।

**शेष अगले अंक में.........**

**–महावीर सिंह,**
**पूर्व आईएएस**

# गणेश उत्सव ने आमजन को स्वराज और एकता का संदेश दिया



गोविन्द पारीक

लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने ब्रिटिश हुकूमत द्वारा धारा 144 के कडे कानून से व्याप्त भय को खत्म कर इस कानून का विरोध करने के लिए सार्वजनिक रूप से भाद्रपद मास की चतुर्थी से चतुर्दशी तक गणेश उत्सव मनाने की शुरुआत की। अत: भारत की स्वराज प्राप्ति में भगवान गणेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। भारतीयों में अंदरूनी रुप से चल रही स्वराज की धारणा को नियंत्रित करने के उद्देश्य से अंग्रेजों ने वर्ष 1894 में धारा 144 का नया कानून लागू किया। इस कठोर कानून तहत किसी भी स्थान पर 5 से अधिक भारतीय एकत्रित नहीं हो सकते थे। इसके उल्लंघन पर कोड़े मारने का कठोर दण्ड था। सनातन परंपरा में भगवान गणेश को प्रथम पूज्य देवता माना जाता है। पुरातन काल से ही गणेश जी के जन्मोत्सव के रूप में भाद्रपद मास की चतुर्थी को गणेश चतुर्थी का अयोजन किया जाता था। सात वाहन, राष्ट्रकूट तथा चालुक्य वंश के काल में भी गणेश जन्मोत्सव मनाने के प्रमाण मिलते हैं। छत्रपति शिवाजी ने इसे राष्ट्रधर्म और संस्कृति से जोड़ दिया। गणेशजी पेशवाओं के कुलदेवता थे। पेशवाओं ने गणेश उत्सव को व्यापक स्तर पर मनाना प्रांरभ किया।

उत्सव के दौरान प्रतिदिन तिलक आमजन में जोश भरने के लिए बडे क्रांतिकारिओं को आमंत्रित करते थे। बंगाल के सबसे बड़े नेता विपिन चन्द्र पाल 20 अक्टूबर को तथा 21 अक्टूबर को उत्तर भारत के लाला लाजपत राय वहां पहुंचे। अगले वर्ष 1895 में पुणे में 11 गणपति स्थापित किए गए। यह संख्या बढ़ते हुए वर्ष 1896 में 31 और वर्ष 1897 में 100 तक पंहुच गई और कालान्तर में यह संख्या लगातार बढ़ती गई। गणपति उत्सव का आयोजन कालांतर में मुंबई, नागपुर, अहमदनगर आदि अनेक शहरों में किया जाने लगा। पुणे से प्रांरभ हुआ दस दिवसीय गणेश उत्सव अब विश्व के अनेक देशों में अत्यंत उत्साह, उमंग और उल्लास से मनाया जाता है। मान्यता है कि इन 10 दिनों तक भगवान गणेश पृथ्वी पर ही रहकर भक्तों के कष्टों को दूर करते हैं। पौराणिक कथा अनुसार, महर्षि वेदव्यास ने भगवान गणपति जी से महाभारत की रचना को लिपिबद्ध करने की प्रार्थना की। गणेश चतुर्थी के दिन से व्यासजी श्लोक बोलते गए और गणेशजी उसे लिपिबद्ध करते गए। गणेशजी ने लगातार लेखन के बाद 10वें दिन चतुर्दशी पर सरस्वती नदी में स्नान किया। इसी कारण गणेश चतुर्थी के दिन स्थापित गणेश की 10 दिन पूजा करने के बाद प्रतिमा को अनंत चतुर्दशी के दिन विसर्जन कर दिया जाता है।

**–गोविन्द पारीक,**
**अतिरिक्त निदेशक, से.नि.**
**जनसंपर्क**

# बाबा भर्तृहरिनाथ के मेले में करीब सात लाख श्रद्धालु पहुंचे

- **मंदिर के पुजारियों एवं अन्य साधुओं के आश्रमों द्वारा भक्तों के लिए भण्डारों का आयोजन हुआ**
- **तीन दिन में लाखों श्रद्धालु मेले में पहुंचे, जहां बाबा भर्तृहरिनाथ के दर्शन कर अपनी मन्नतें मांगी**

**अलवर,** (निसं)। अलवर के लोकदेवता बाबा भर्तृहरिनाथ का तीन दिवसीय मेला अपने अन्तिम पड़ाव की ओर है। बुधवार को अलवर में जिले में घर-घर बाबा भर्तृहरि की ज्योत देखी गई। वहीं तीन दिवस के दौरान करीब 6 से 7 लाख श्रद्धालु मेले में पहुंचे, जहां उन्होंने बाबा भर्तृहरिनाथ के दर्शन कर अपनी मन्नतें मांगी। इस लक्खी मेले में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने साथ मिलकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा में कोई कोर कसर नहीं छोडी। दूसरी ओर भर्तृहरि मंदिर के पुजारियों द्वारा एवं अन्य साधुओं के आश्रमों द्वारा हजारों लोगों के भोजन के लिए अटूट भण्डारों का आयोजन किया गया।



बाबा भर्तृहरिनाथ के मेले में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मन्नत मांगी।

हर साल भाद्र पक्ष की अष्टमी के दिन यहां लक्खी मेले का आयोजन किया जाता है जिसे माधोगढ़ ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित करवाया जाता है। यहां पर उल्लेखनीय है कि बाबा भृर्तहरि का मेला सघन जंगल में आयोजित होता है और लाखों की संख्या में भक्त पहुंचते हैं लेकिन जिला प्रशासन और पुलिस की सूझबूझ के चलते अपराधी मेले में कम ही पहुंचते हैं, फिर भी छुटपुट अपराध होना इतने बड़े मेले में मायने नहीं रखते। मेले में भंडारे का आयोजन मंदिर ट्रस्ट सहित वहां साधुओं के आश्रमों द्वारा संचालित होते हैं जहां लाखों की संख्या में बाबा के भक्त और मेलार्थी प्रसादी पाते हैं। यहां संतोषनाथजी के आश्रम में बाबा सोमवार नाथ द्वारा तीन दिन देसी घी का भंडारा आयोजित हुआ, जिसमें करीब एक लाख श्रद्धालुओं ने प्रसादी पाई। मंदिर के महंत पुजारी पदम नाथ ने जानकारी देते हुए बताया कि जो भी यहां श्रद्धा भाव से बाबा के दर्शनों के लिए आते हैं बाबा भर्तृहरि उनकी सभी मनोकामना को पूरा करते हैं। वहीं बुधवार को मेले में बाबा भर्तृहरि जी महाराज के मेले में आए हुए श्रद्धालु का मंदिर में दर्शन के दौरान मोबाइल गिर गया।

महन्त पदम नाथ पुजारी को मोबाइल मिला वह मोबाइल स्विच ऑफ बताया गया लेकिन महंतजी के द्वारा मोबाइल को घर ले जाकर चार्ज किया और उस मोबाइल को चालू करने पर श्रद्धालु नाहर सिंह मीणा उपखंड रैणी का फोन आया और महंतजी ने फोन को रिसीव कर उनको अपना परिचय दिया। महंतजी ने कहा कि आपका मोबाइल मंदिर परिसर में है आप आ जाइए आपको मोबाइल दे दिया जाएगा। अलवर के नाहर सिंह मीना दूसरे दिन जब भर्तृहरि मंदिर पहुंचा तो महंत जी के द्वारा ईमानदारी का परिचय देते हुए 30 हजार रुपये का मोबाइल दो रुपये नगद तथा मोटरसाइकिल के कागज सौंपे गए।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**गुरूवार 12 सितम्बर, 2024**

भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, नवमी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, मूल नक्षत्र रात्रि 9:53 तक, आयुष्मान योग रात्रि 10:41 तक, बालव करण दिन 11:40 तक, चन्द्रमा आज धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-धनु, मंगल-मिथुन, बुध-सिंह, गुरू-वृष, शुक्र-कन्या, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज रवियोग सम्पूर्ण दिन-रात रहेगा। आज श्री हरि जयन्ती, श्री चन्द्र नवमी, अदु:ख नवमी, तल नवमी है। आज से भागवत सप्ताह आरम्भ होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:47 तक, चर 10:31 से 12:23 तक, लाभ-अमृत 12:23 से 3:27 तक, शुभ 5:00 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:15, सूर्यास्त 6:32



**मेष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।



**वृष**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। मित्रों/रिश्तेदारों से संबंध खराब हो सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।



**मिथुन**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है।



**कर्क**
स्वास्थ्य में सुधार होगा। व्यक्तिगत परेशानियां दूर होने लगेगी। दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी।




**सिंह**
नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा। महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कन्या**
परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्य के लिए यात्रा संभव है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**तुला**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।



**धनु**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।



**मकर**
व्यक्तिगत परेशानियों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यक्तिगत खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी।



**कुंभ**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है।



**मीन**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिल्गेी।

# इस्कॉन के राधाष्टमी महोत्सव में श्रद्धालु आनन्द विभोर हुए

**पाली**, (नि.सं.)। 11 सितंबर इस्कॉन पाली के द्वारा भाद्रपक्ष शुक्ल अष्टमी को राधाष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया।

इस्कॉन के कार्तिक कृष्ण प्रभु ने बताया कि अमरनाथ नगर किसान केसरी गार्डन के पीछे पाली में स्थित इस्कॉन केन्द्र पर राधाष्टमी महोत्सव मनाया गया। जिसमें प्रातः माला जप व मंगल आरती व फूलों से श्री राधा-कृष्णजी व इस्कॉन केन्द्र का विषेष श्रृंगार किया गया। फिर सायं 4रू30 बजे से मुख्य कार्यक्रम शुरू हुआ। कीर्तन से कार्यक्रम की शुरूआत की फिर पंच तत्वो से श्रीराधा-कृष्णजी का अभिषेक किया गया। उक्त अभिषेक को चरणामृत के रूप में सभी भक्तों ने ग्रहण किया तथा श्रीराधा-कृष्णजी को छप्पन भोग लगाया। भक्तो के द्वारा विभिन्न तरह - तरह के व्यंजन तैयार कर भोग लगाया गयाौ विशेष रूप से श्री राधा रानी जी को पांच मुख्य चीज अत्यधिक पंसद है कलर में नीला रंग जो श्री कृष्ण का है, मिष्ठान में रबड़ी, नमकीन में अरबी, प्रिय पर्व होली, पान बीडे का भोग लगता है तथा उसके बाद विशेष महाआरती की में भक्त आनन्द विभोर होकर हरे कृष्ण....का गुणगान गाने लगे।



इस्कॉन पाली ने भाद्रपक्ष शुक्ल अष्टमी को राधाष्टमी महोत्सव का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

इस्कॉन के कार्तिक कृष्ण प्रभु ने कथा/प्रवचन के माध्यम से श्री राधारानी के प्राकटय के बारे में बताया कि श्री राधा-कृष्ण युगल स्वरूप है।

इस अवसर पर राधा तत्व को समझाते हुए बताया कि राधारानी पूर्ण व आदि शक्ति है। जिनसे ही लक्ष्मी, दुर्गा, पार्वती, सीता रूकमणी इत्यिद से स्वरूप में प्रकट हुए तथा श्रीकृष्ण के बाये भुजा से राधारानी प्रकट व दाये भुजा से बलरामजी प्रकट हुए हैं। जो राधारानी श्रीकृष्ण को आनन्द आस्वादन के लिए प्रकट हुए है जो भगवान की हलादिनी आनन्द प्रदायनी शक्ति है। ये दोनो एक है लेकिन यह लीला में दोनो अलग है। कलयुग में राधा-कृष्ण युगल एक होकर चैतन्य महाप्रभु के रूप में प्रकट होते है।

श्री कृष्ण की कृपा राधारानी के बिना अधूरी है क्योकि श्री कृष्ण सेवा लेने वाले भगवान है और राधा रानी सेवा करने वाली भगवान है। इसलिए श्रील प्रभुपादजी ने श्री राधा-कृष्ण की युगल विग्रह की स्थापना की तथा श्री राधा-कृष्ण की कृपा का युगल महामंत्र दिया।

हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे। हरे राम, हरे राम, राम राम हरे हरे।। जो श्रीराधारानी सेवा लेकर कृष्ण के चरणो मे अर्पित कर कृपा करवाती है।

राधारानी सबसे कृपालु है तथा उनकी कृपा पाने के लिए सदैव हरि नाम कीर्तन व महामंत्र जप, सेवा भाव रखना चाहिए जिससे श्रीकृष्ण के चरणकमलों की कृपा का लक्ष्य शीघ्रअति शीघ्र प्राप्त हो सके।

उसके बाद नाट्यय कार्यक्रम के द्वारा श्री राधा-कृष्ण प्रेम के बारे में व कलयुग में नाम जप करने व न करने से क्या होता है कि महिमा तथा विग्रह की सेवा के बारे में बताया गया। जिसमें भक्तों ने खुब आनन्दित व ज्ञानार्थ हुए।

उसके बाद नृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्री राधा-कृष्ण के युगल प्रेम व भगवान की हलादिनी आनन्द प्रदायनी शक्ति के बारे मे बताया कि कार्यक्रम देखकर भक्त आनन्द विभोर व उत्साहित हुए उसके बाद सभी भक्तों के द्वारा प्रसाद लिया गया।

छोटी से छोटी सेवा से प्रसन्न होने वाली ऐसी हमारी राधा ठकुरानी के महोत्सव को शहरवासियों द्वारा खूब आनिन्दत भाव से मनाया गया है।

## भूखंडों की ई-नीलामी जारी

**जोधपुर**, कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के नेतृत्व में प्राधिकरण ने माह अगस्त से अक्टूबर 2024 ई-नीलामी कार्यक्रम अनुसार राजस्व ग्राम पाल के खसरा संख्या 495 आयुषी एवेन्यू स्थित 5989.29 वर्गमीटर के भूखण्ड को विद्यालय प्रयोजनार्थके लिए ई-नीलामी के जरिये 8100/- प्रति वर्गमीटर की उच्चतम बोली दर पर विक्रय किया गया, जिससे प्राधिकरण को 4 करोड 85 लाख की आय प्राप्त होगी। बुधवार को राजीव गांधी नगर योजना के 01 भूखण्ड की नीलामी की गई।

प्रभारी अधिकारी नीलामी शाखा संदीप सान्दू ने बताया कि माह जुलाई-दिसम्बर 2024 ई-नीलामी कार्यक्रम अनुसार आवासीय, व्यवसायिक एवं मल्टीस्टोरी रहवासीय भूखण्डों की नीलामी के क्रम में जेडीए ने बुधवार को राजीव गांधी नगर योजना सेक्टर एफ के भू.सं. 178, 179, 190, 191 व 207 की नीलामी की जाएगी, आवेदकोंसे उक्त भूखण्डों के लिए 17 सितम्बर तक नियमानुसार धरोहर राशि जमा करवाते हुए 18 सितम्बर को 12:30 बजे तक ऑनलाईन बोली लगाते हुए ई-नीलामी में भाग लिया जा सकता है।

इसी प्रकार 20 सितम्बर को राजीव गांधी नगर योजना सेक्टर एफ के भू.सं. 208, 224, 225, 247 व 248 की नीलामी की जाएगी, आवेदकों द्वारा उक्त भूखण्डों के लिए 19 सितम्बर तक नियमानुसार धरोहर राशि जमा करवाते हुए 20 सितम्बर को 12:30 बजे तक ऑनलाईन बोली लगाते हुए ई-नीलामी में भाग लिया जा सकता है। ई-नीलामी से संबंधित जानकारी प्राधिकरण की वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

# अतिक्रमणों व अवैध निर्माण पर कार्रवाई




जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने अवैध निर्माणों, अवैध कॉलोनियों, सड़क मार्गाधिकार के अतिक्रमणों पर कार्रवाई जारी रखी।

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने अवैध निर्माणों, अवैध कॉलोनियों, सडक मार्गाधिकार के अतिक्रमणों सहित अन्य अतिक्रमणों पर नियमित रूप से कार्यवाही की जा रही है। प्राधिकरण दस्ते ने ग्राम गेंवा कायलाना झील के पास प्राधिकरण की भूमि पर अवैध रूप से किए जा रहे अतिक्रमण को बंद करवाया गया।

मुख्य नियंत्रक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं तहसीलदार जोन 06 मंजु देवासी के निर्देशन में प्रवर्तन अधिकारी प्रवीण गहलोत, प्रवर्तन निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा मय जेडीए दस्ते द्वारा बुधवार को मुख्य बनाड रोड का मौका निरीक्षण किया गया। दस्ते ने व्यावसायिक इमारतों, हॉस्पिटल प्रकाशन इत्यादि को पाबंद किया गया कि बेसमेंट से पानी की निकासी निजी ट्रैक्टर से करवायी जावें एवं पानी को मुख्य सडक पर नहीं छोडा जावें, अन्यथा प्राधिकरण की नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जायेगी।

इसी प्रकार जेडीए तहसीलदार जोन 05 के निर्देशानुसार भू-अभिलेख निरीक्षक सुनील प्रसाद एवं पटवारी नरेन्द्रसिंह राजपुरोहित द्वारा ग्राम गेंवा खसरा संख्या 695 में कायलाना जाने वाली मुख्य रोड पर पहाड खोदकर अवैध रूप से अतिक्रमण किया जा रहा था, जिसे अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने मौके पर रूकवाया गया। दस्तेने अतिक्रमियों को सख्त हिदायत दी गई कि प्राधिकरण की भूमि पर किसी प्रकार का अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण नहीं करें, अन्यथा प्राधिकरण ने नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# गीता भवन में भागवत कथा का समापन



पाली के गांधी मूर्ति स्थित गीता सत्संग भवन में भागवत कथा का समापन तथा राधाष्टमी कार्यक्रम हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। पाली के गांधी मूर्ति स्थित गीता सत्संग भवन में चल रही भागवत कथा का समापन आज हुआ।

प्रवचन देते हुए देवी हेमलता शास्त्री ने सभी सनातन धर्म के नियम पर चलकर धर्म की रक्षा करें, भागवत कथा श्रवण करने से सब पाप नष्ट हो जाते हैं।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राधा जी को त्याग की परी मूर्ति बताया। उन्होंने सारा जीवन कान्हा के प्रेम में बिता दिया। आज बृज के हर जगह गांव गांव में राधा अष्टमी पर्व मनाया जा रहा है। कथा के बाद कृष्ण राधा की आरती की गई और सभी को प्रसाद पंजीरी, वितरित किया गया। इस अवसर पर गीता भवन के अध्यक्ष प्रेमानंद महाराज ने 7 दिन तक चली कथा मैं सहयोग करने वाले सभी का आभार प्रकट किया तथा बताया कि आगे भी गीता भवन ट्रस्ट ऐसे आयोजन करवाता रहेगा।

## राधाष्टमी पर पूजन व श्रृंगार किया

**जोधपुर**, (कासं) । भाद्रपद शुक्ल अष्टमी पर आज शहर में राधाष्टमी धूमधाम से मनाई गई।

रातानाडा स्थित कृष्ण मंदिर सहित शहर के प्रमुख कृष्ण मंदिरों में बुधवार को राधाष्टमी मनाई गई। रातानाडा स्थित कृष्ण मंदिर के पुजारी हरिभाई गोस्वामी बताया कि राधा रानी के जन्मोत्सव पर विशेष झांकी सजाई गई और राधा रानी का अलौकिक श्रृंगार किया गया। सुबह कीर्तन सत्संग व राधा रानी की महाआरती के साथ भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। इसी प्रकार सूरज नगर स्थित ईश्वर प्रेम आश्रम के पास हरी प्रेम सभागार में राधाष्टमी महोत्सव मनाया गया। डॉ. रेणु परिहार ने बताया कि सुबह भजन कीर्तन हुए। मंदिर में भव्य सजावट की गई। राधाष्टमी के अवसर पर सत्संग भवन में भी बुधवार को महा महोत्सव आयोजित किया गया। महोत्सव में भजन गायक अनिल पुरोहित, संजय पंचारिया, दीपक पंवार समेत वृंदावन से विशेष रूप से आमंत्रित भजन कलाकार ने भक्ति संगीत की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर सत्संग भवन को फूलों की माला, रंगीन झालरों से सजाया गया। तनावड़ा फांटा स्थित इस्कॉन मंदिर में राधा रानी का शुभ प्राकट्यय महोत्सव मनाया यगा। मंदिर में राधा गोविन्द को फूलों के वस्त्र पहनाए गए।

# रांकावत समाज के पैदल संघ का रानी में स्वागत



पाली से चारभुजा गढ़बोर दर्शन के लिए रवाना हुए रांकावत समाज के पैदल यात्रा संघ का तखतगढ़ व रानी में स्वागत हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। रांकावत समाज का सोलहवा पैदल यात्रा संघ तखतगढ से चारभुजा गढ़बोर दर्शन के लिए मंगलवार को तखतगढ़ से हाथी घोड़ा रथ के साथ रवाना हुआ।

समाज के प्रचार मंत्री धर्मेंद्र वैष्णव ने बताया कि तखतगढ़ के समाज बंधुओ ने सभी का भव्य स्वागत किया। आज बिरामी चौकी संस्था भवन से प्रात करीब 6:00 बजे रवाना हुआ। रानी संस्था भवन में नाश्ता रखा गया और रानी के समाज बंधुओ ने भव्य स्वागत किया। जहां समाज के फुआ लाल, जयवर्धन, पुष्कर दास, हीरालाल, बाबूलाल गोयल आदि ने सभी का दुपट्टा माला पहना स्वागत किया।

दोपहर का भोजन हनुमान जी मंदिर विंगरला में हुआ। आज रात्रि विश्राम आशापुरा जी नाडोल में होगा। संघ में करीबन 300 यात्री यात्रा कर रहे हैं और भी आगे जुड़ते जाएंगे। दशम को संघ चारभुजा पहुंचेगी। रात्रि में समाज का कार्यक्रम होगा। दूसरे दिन रेवाड़ी के दर्शन कर यात्रा पूरी होगी। संघ के लाभार्थी रूप दास पुत्र अचल दास नागोरा परिवार तखतगढ है। संपूर्ण संघ रांकावत वैष्णव भवन चैरिटेबल ट्रस्ट चारभुजा गढ़बोर के तत्वाधान में आयोजित किया गया है। संघ में व्यवस्था बनाए रखने के लिए संभागीय अध्यक्ष भैंरूदास पावा, बिरामी संस्था के पदाधिकारी अशोक कुमार, कल्याण दास, ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश कुमार कोटेचा, रामदास बिरामी, चेन दास सुमेरपुर, मदनलाल बिजोबा, फुआराम रानी, कुकाराम चाणोद, प्रवीण रानी गांव, रमेशकुमार खिमाडा, बाबुलाल, शिव लाल, मीडिया प्रभारी अशोक गोरवाल पावा मौजूद रहे।

## प्रशिक्षणार्थियों ने रैली निकाली

**जोधपुर**, (कासं) । महात्मा गांधी चिकित्सालय में स्थित सरकारी नर्सिंग स्कूल के जीएनएम व नर्सिंग प्रशिक्षणार्थियों ने ट्रांसपोर्ट के लिए बस की मांग को लेकर बुधवार को भी अपना आंदोलन जारी रखा। उन्होंने बुधवार को महात्मा गांधी हॉस्पिटल से जिला कलेक्ट्रेट तक विरोध रैली निकाली। साथ ही अपनी मांगों को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। स्टूडेंट्स ने अपनी अपने ज्ञापन में कहा कि उनकी मांग उनकी सुरक्षा को लेकर है।

जीएनएम व नर्सिंग प्रशिक्षणार्थियों ने बताया कि वह अपने प्रशिक्षण के दौरान शहर के अलग-अलग हॉस्पिटल में सुबह-शाम व रात की पारी में जाते हैं। वहां जाने की जिम्मेदारी इन स्टूडेंट की स्वयं की होती है। प्रशिक्षण लेने वालों में 80 प्रतिशत महिला स्टूडेंट हैं। इन्हें हॉस्पिटल में आने के समय काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हाल ही में अलग-अलग स्थानों में महिला चिकित्सा कर्मियों के साथ हुई घटनाओं के बाद यह स्टूडेंट भी डरने लगे हैं। ऐसे में प्रशिक्षण केंद्र से हॉस्पिटल तक जाने के लिए सभी वाहन सुविधा की मांग कर रहे हैं। इसको लेकर स्टूडेंट ने कई बार अधिकारियों को पत्र लिखकर समस्या को बताया लेकिन, कोई सुनवाई नहीं हुई। जबकि इंडियन नर्सिंग काउंसलिंग के अनुसार विद्यार्थियों के आने-जाने की व्यवस्था होनी चाहिए। एमजीएच प्रशासन का कहना है कि उनके पास फंड नहीं है।

## बोहरा ने आयकर अधिकारी का कार्य संभाला

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। आयकर विभाग राजस्थान , जयपुर के प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त के आदेश के अनुसार सुमेरपुर से स्थानांतरित होकर आए देवीदयाल बोहरा ने जैसलमेर आयकर अधिकारी का पद भार संभाल लिया।

ज्ञात रहे देवीदयाल बोहरा जिले के पोकरण के मूल निवासी है तथा उनकी प्रारंभिक व कॉलेज की शिक्षा जैसलमेर व पोकरण से हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सामाजिक, धार्मिक कार्यों के साथ शांत, सरल व सौम्य स्वभाव के बोहरा के पद भार ग्रहण करने से स्थानीय लोगों, व्यापारियों, उनके सहपाठियों में उत्साह दिखाई दिया।

बोहरा आयकर विभाग में आने से पूर्व तत्कालीन थार आंचलिक ग्रामीण बैंक, शाखा म्याजलार में भी अपनी सेवाए दी है।

पूर्व में भीलवाड़ा, कोटा, चितौड़गढ़, माउंट आबू में पदस्थ रहे तथा अपनी कार्यशैली से सभी को प्रभावित किया।

बोहरा के पिताजी दयाल बोहरा ने भी जिला कोष कार्यालय, जैसलमेर में अपनी सेवाए दी है जिनके कार्यों से सभी प्रभावित थे।

बोहरा के कार्यभार ग्रहण करने के मौके पर टैक्स बार एसोसिएसन से सी ए श्री एम. एल टावरी, सी ए श्री प्रमोद भाटिया, टैक्स कंसल्टेंट चन्द्र भाटिया, सी ए जे पी व्यास, सी ए प्रवीण व्यास, सी ए पंकज पुरोहित, सी ए रौनक मालपानी, मांगीलाल देथा, एडवोकेट कपिल खत्री, दीपक मोदी, चंद्रशेखर भाटिया, ओम भाटिया, कुंजबिहारी भाटिया, ओम बिस्सा ने श्री बोहरा का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

स्वागत समारोह में निरीक्षक पारस, विक्रम सेन ने भी माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# शिशु जन्म के पहले मिनट पर कार्यक्रम हुआ

**जोधपुर**, (कासं)। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक नवजात पुनर्जीवन कार्यक्रम रिससीटेशन प्रोग्राम पहले गोल्डन मिनट प्रोजेक्ट के तहत उम्मेद हॉस्पीटल में बेसिक एनआरपी प्रोवाइड कोर्स हुआ। संचालन बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रघुनाथ बारूपाल ने किया।

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विष्णु गोयल, डॉ संदीप चौधरी, डॉ रघुनाथ बारूपाल ने बताया कि नवजात पुनर्जीवन कार्यक्रम एनआरपी अत्यधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि नवजात शिशु के जन्म के पहले मिनट में किए उपाय जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# अटल भूजल योजना के होर्डिंग का अनावरण किया




जल संरक्षण को बढ़ावा देने व भूजल के गिरते स्तर को रोकने के लिए चलाई जा रही अटल भूजल योजना के होर्डिंग का अनावरण जैसलमेर में जिले के प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जैसलमेर**, (नि.सं.) । जल संरक्षण को बढ़ावा देने व भूजल के गिरते स्तर को रोकने के लिए चलाई जा रही महत्वपूर्ण अटल भू-जल योजना के होर्डिंग का अनावरण जिले के प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत ने किया।

जिला कलैक्टर सभागार मैं आयोजित इस कार्यक्रम मैं प्रभारी मंत्री के साथ जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, जिला प्रमुख प्रतापसिंह सोलंकी, योजना के अध्यक्ष व जिला कलैक्टर प्रतापसिंह, अतिरिक्त जिला कलैक्टर मुन्नीराम बागड़िया, समाजसेवी चन्द्रप्रकाश सारदा, फ़तेहगढ़ प्रधान जनकसिंह, पूर्व विधायक सांगसिंह भाटी, अरुण पुरोहित, बाल भारती महाराज तथा जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

योजना के अध्यक्ष व जिला कलैक्टर ने अतिथियों को योजना की जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि जिले की पंचायत समिति जैसलमेर, नाचना व मोहनगढ़ में संचालित हो रही इस योजना में, योजना से जुड़े विभागों को जल सरक्षण के कार्यों पर प्रोत्साहन राशि का भुगतान हो रहा है।

योजना के नोडल अधिकारी डॉ नारायणदास इणखिया ने बताया कि योजना से जिले में किसानों को सर्वाधिक लाभ हो रहा है। योजना के तहत अब तक डिग्गी, फवारा, उन्नत बीजो के मिनिकिट, पाइप लाइन से किसानो को लाभान्वित किया जा चुका है। योजना के तहत जिले में अब तक कृषि विभाग को दस करोड़ पैसठ लाख रूपये अनुदान के रूप में मिल चुके हैं।

प्रभारी मंत्री ने योजना के तहत भू जल स्तर बढ़ाने के साथ लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

## पोलो खिलाड़ी मंगोलिया में छाए

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर के पोलो खिलाड़ियों ने मंगोलिया में जीत दर्ज की है। पोलो खिलाड़ी धनंजय सिंह, हेमेंद्र सिंह व निखिलेंद्र सिंह ने भारत को रिप्रजेंट करते हुए फिलिपींस को हराया।

जोधपुर के पोलो खिलाड़ी धनंजय सिंह ने बताया कि मंगोलिया के चंगेज खां पोलो क्लब में यह मैच हुआ। गत चार सितंबर को टीम मंगोलिया पहुंची। मंगोलिया के चंगेज खां पोलो क्लब में पहले राज कालान कप खेला गया जिसमें मिक्स टीम ने हिस्सा लिया। जोधपुर के धनंजय सिंह के साथ दिल्ली के दीपक उदान थे। इस टीम का मुकाबला मंगोलिया व अर्जेंटीना से हुआ। इस टूर्नामेंट में अर्जेंटीना की टीम विजेता रही। दस सितंबर को मुकाबला भारत व फिलीपींस के बीच था। भारत की टीम से जोधपुर के पोलो खिलाड़ी धनंजय सिंह, हेमेंद्र सिंह व निखिलेंद्र सिंह मैदान में उतरें। टीम ने फिलिपींस को 9-5 गोल से हराया।

# लुटेरी दुल्हन ब्यूटी पार्लर से हुई रफूचक्कर

**जोधपुर** , (कासं) । शहर के झालामंड स्थित डंढ की ढाणियां में रहने वाले एक युवक ने बिहारी युवती से शादी की। शादी के एक सप्ताह बाद दुल्हन जेवर लेकर फ रार हो गई। बिचौलियों के साथ में दुल्हन के परिवार को 2.73 लाख रूपए दिए गए थे। वापिस आने के नाम पर पीड़ित को झूठे केस में फंसाने की धमकीं दी जा रही है।

कुड़ी भगतासनी पुलिस ने बताया कि डंढ की ढाणियां, झालामंड निवासी देवाराम पुत्र बालाराम प्रजापत की तरफ से केस दर्ज करवाया गया। इसमें बताया कि उसकी शादी नहीं होने के साथ उसके पिता कुड़ी भगतासनी क्षेत्र सेक्टर 8 में रहने वाली विमला जैन से मिले थे। विमला ने कहा कि उसने कई लडक़ों की शादी करवाई है। देवाराम की शादी के लिए बिहार के मधुबनी की रहने वाली नमी मिश्रा से मुलाकात करवाई गई। तब उसके परिवार के लोगों ने 2.73 लाख रूपयों की डिमाण्ड रखी। 10 अगस्त को हिन्दू रीति रिवाज से उनकी शादी करवाई गई। 18 अगस्त को परिवादी देवाराम की पत्नी नमी मिश्रा ने झालामंड ब्यूटी पार्लर पर चलने को कहा। इस पर वह उसे लेकर गया। मगर नमी मिश्रा ने कहा कि ब्यूटी पार्लर में भीड़ ज्यादा है वह घंटे भर से आकर उसे ले जाए। देवाराम घंटे भर बाद वहां पहुंचा तो पता कि वह वहां से भाग गयी है। इस पर पीड़ित ने विमला जैन, नमी मिश्रा के जीजा बिट्टू गुप्ता, विमला जैन के पुत्र मुकेश से बात की तो वे आनाकानी करने के साथ झूठे केस में फंसाने की धमकियां देने लगे। नमी मिश्रा कभी खुद को जयपुर, कभी दिल्ली तो कभी लखनऊ होना बताती। वह घर से जाते समय मंगलसूत्र और पायल जोड़ी भी ले गई।

## अवैध गैस भरते पकड़ा

**जोधपुर** , (कासं) । जोधपुर शहर की बासनी पुलिस ने बासनी गांव में एक जगह पर दबिश देकर वहां अवैध रूप से की जा रही गैस रिफिलिंग का पता लगाया। मौके से छोटे- बड़े गैस सिलेण्डरों के साथ नोजल पाइप आदि सामग्री को जब्त किया गया। ईसी एक्ट में केस दर्ज किए जाने के साथ जांच थानाधिकारी शफीम मोहम्मद कर रहे है। एसीपी पश्चिम छवि शर्मा की तरफ से केस दर्ज करवाया गया।

एसीपी छवि शर्मा ने बताया कि बासनी गांव में एक जगह पर अवैध गैस रिफिलिंग की सूचना मिली थी।

**सम्मन बनाम मुद्दायलाह बिनावर कायमी तनकीहात**
(आर्डर रूल 1व5 दीवानी)
दिनांक-25-9-24
अज अदालत...अपर जिला जिलाधीश, सिरोही।
ब-ईजलाय श्री सुरेन्द्र साहु
मुद्दई...शैलेषकुमार....मुदायलाह......श्रीमति सोनीया व अन्य।
दावा बाबत् विभाजन सम्पति
सिविल मुल वाद सुंख्याः...39/2022
मुसम्मीः-
1. श्रीमति सोनीया जैन पुत्री जयंतिलालजी शाह जाति जैन निवासीः37, गर्ल्स स्कुल स्ट्रीट, शेशादरी पुरम, बैंगलोर-560020
2.श्रीमति वीणा बाफना पत्नि निरंजन बाफना पुत्री जयंतिलाल शाह जाति जैन निवासी फ्लेट संख्याः सी -001, विक्टरी हारमोनी एपार्टमेंट, सुमनगली, सेवाआश्रम रोड, कोला नगर, आर टी नगर पोस्ट, बैंगलोर-560032
हरगाह कि ..वादीगण..ने आपके खिलाफ एक दावा वास्ते शहर सिरोही के वहित्रावास में स्थिति सम्पति, जो पंजीकृत विक्रय विलेख संख्याः 75/1979 दिनांक 26.02.1979 के जरिए खरीद की गई थी, के विभाजन हेतु प्रस्तुत किया है।
लिहाजा आपको ब जरिए इस तहरीर के दावे की जवाबदेही के लिए तारीख 25 माह 9 सन् 2024 को दिन 10.00 बजे अदालत हाजा में असालतन मार्फत ऐसे वकील के जो हालात मुकदमा से वाकिफ किया गया हो व कुल अमर अहम मुताबिक जवाब दे उसके जिसके साथ ऐसा कोई शख्स हो जो सवाल का जवाब दे सके, हाजीर होने के लिए तलब किया जाता है और आपको हिदायत दी जाती है कि जुमले दस्तावेज जिन पर आप अपनी जवाबदेही का ताईन में इस्तेमाल करना चाहता हो, उस दिन पेश करो।
आहाग रहे कि अगर वकील मजकूर आप हाजिर न हुऐ तो दावा आपकी गैर हाजरी में सुना व फैसला किया जाएगा।
बसिब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 14 माह 9 सन् 2024 को जारी किया गया।
आज्ञा से-रीडर
मोहर अदालत अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश सिरोही

# दिलावर ने जनसुनवाई की

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर जिला प्रभारी एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बुधवार को सर्किट हाउस में जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

उन्होंने ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं। राज्य सरकार द्वारा जनसुनवाई के माध्यम से आमजन से जुड़े सरकारी कार्यों का त्वरित समाधान कर राहत प्रदान की जा रही है।

इस दौरान उन्होंने जोधपुर, जोधपुर ग्रामीण एवं फलोदी क्षेत्रों से आए आमजन की समस्याओं को सुना।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।

जनसुनवाई में आए परिवादियों ने शिक्षा, सडक़, चिकित्सा, विद्युत, पेयजल एवं पंचायतीराज विभाग सहित अन्य आमजन से संबंधित परिवेदनाएं मंत्री श्री दिलावर को सौंपी। जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परिवेदनाओं के शीघ्रातिशीघ्र निराकरण कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए।

### मसूरिया में पूजा की

जिला प्रभारी एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बुधवार को मसूरिया स्थित बाबा बालीनाथ मंदिर पहुंचकर बाबा रामदेव के गुरु बाबा बालीनाथ की समाधि के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने अखंड ज्योति के भी दर्शन किए। दिलावर ने बाबा बालीनाथ और बाबा रामदेव से प्रदेश की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए कामना की।

# करौली जिले में मानसून फिर सक्रिय, पांचना बांध के तीन गेट खोले

## पांचना बांध के तीन गेट खोलकर 3936 क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है

- करौली क्षेत्र में रुक-रुककर हो रही बारिश से पांचना बांध में भी पानी की आवक बढ़ी
- करौली जिला मुख्यालय पर करीब 34 एमएम (सवा इंच) बारिश दर्ज की गई

**करौली,** (निसं)। करौली जिले में एक बार फिर मानसून सक्रिय हो गया है। बुधवार प्रातः जिला मुख्यालय पर करीब 34 एमएम (सवा इंच) बारिश दर्ज की गई है। क्षेत्र में रुक-रुककर हो रही बारिश से पांचना बांध में भी पानी की आवक बढ़ी है। बांध के तीन गेट खोलकर 3936 क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है।

जानकारी के अनुसार जिले के सबसे बड़े बांध पांचना से गत आठ अगस्त से लगातार पानी की निकासी की जा रही है। हालांकि बांध से कभी कम तो कभी ज्यादा पानी की निकासी की जा रही है। जिसके चलते गंभीर नदी भी लगातार बह रही है। बाद में पानी की निकासी घाटा दी गई। मौसम विभाग ने आगामी तीन दिन क्षेत्र में मध्यम से भारी बारिश की चेतावनी दी है। करौली जिले में 15 जून से अब तक औसत से दोगुनी से अधिक बारिश दर्ज की जा चुकी है। जिले में करीब 1331.3 एमएम बारिश दर्ज हुई है जो औसत बारिश से दोगुनी से अधिक है। जिले में मानसून सत्र में बारिश का औसत 596 एमएम है। इसी तरह पांचना बांध कि कुल भराव क्षमता 2100 एमसीएफटी है, जबकि बांध से 7500 एमसीएफटी से अधिक पानी की निकासी हो चुकी है।


जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता सुशील कुमार गुप्ता ने बताया कि मंगलवार प्रातः आठ बजे से बुधवार प्रातः आठ बजे तक सपोटरा में 5 एमएम, कालीसिल बांध पर 11 एमएम, हिंडौन में 5 एमएम, जगर बांध पर 14 एमएम, नादौती में 1 एमएम, करौली में 34 एमएम, पांचना बांध पर 4 एमएम तथा मंडरायल में 9 एमएम बारिश दर्ज हुई है। जिले में अब तक सर्वाधिक बारिश करौली में 1832 एमएम तथा सबसे कम मंडरायल में 688 एमएम दर्ज की गई है।


करौली जिले के सबसे बड़े बांध पांचना से पानी की निकासी की जा रही है।

# बनास नदी में नहाने गए दो चचेरे भाइयों की डूबने से मौत

## नहाते समय दोनों भाई गहरे पानी में चले गए और उनकी सांसें फूल गई थी

**टोंक,** (निसं)। टोडारायसिंह थाना क्षेत्र से गुजर रही बनास नदी में बुधवार को नहाने गए दो चचेरे भाईयों की डूबने से मौत हो गई। घटना का पता लगने के बाद लोग बनास नदी की ओर दौड़े और उनके शवों को तलाशा। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दोनों चचेरे भाइयों को बाहर निकाला और टोडारायसिंह अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।


मृतक चचेरे भाई।

- घटना का पता लगने के बाद लोगों ने बनास नदी में से दोनों चचेरे भाइयों को बाहर निकाला
- दोनों को टोडारायसिंह अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया
- मृतक सुदर्शन कक्षा 11 में साइंस का और तेजप्रकाश कक्षा 12 में कला वर्ग का स्टूडेंट था

टोडारायसिंह थाना पुलिस ने बताया कि सवाई माधोपुर जिले के बोंली थाना क्षेत्र के जस्टाना निवासी सत्यनारायण मीना टोडारायसिंह कस्बे में बिजली निगम में लाइनमैन हैं, यहा सपरिवार रहता है। इनके साथ इसके बड़े भाई जसराम मीना का एक लड़का तेजप्रकाश भी पढ़ाई के लिए रहता था। सुदर्शन (15) और तेजप्रकाश (15) एक निजी स्कूल पढ़ते थे। मंगलवार को दोनों स्कूल गए थे।

सुदर्शन कक्षा 11 में साइंस का और तेजप्रकाश कक्षा 12 में कला वर्ग का स्टूडेंट था। मंगलवार दोपहर को स्कूल से वापस आने के बाद शाम को परिजनों के साथ क्षेत्र के कुरासिया गांव में एक परिचित के सामाजिक कार्यक्रम में गए थे, रात में वहीं रहे थे। बुधवार सुबह करीब नौ बजे परिजनों को बिना बताए गांव के पास से गुजर रही बनास नदी में नहाने चले गए। जहां अभी बीसलपुर बांध का पानी छोड़ने से बनास नदी में तेज गति से पानी बह रह है, उसमें नहाते समय दोनों गहरे पानी में चले गए और उनकी सांसें फूल गई। इस दौरान वे डूबने लगे तो बचाने के लिए आवाज भी लगाई। कुछ दूरी पर नदी किनारे बैठकर नहा रही दो तीन महिलाओं ने इनके चिल्लाने की आवाज सुनी तो घबरा गई। वे संभलती उससे पहले ही वे कुछ ही पल में पानी में डूब गए और दिखाई नहीं दिए। बाद में महिलाओं ने गांव के लोगों को इस घटनाक्रम की जानकारी दी।

बाद में ग्रामीण नदी की ओर दौड़े। इसका पता लगने के बाद परिजन भी मौके पर पहुंचे और बाहर कपड़े देख बिलख पड़े। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने दोनों के शवों को निकाला। पुलिन ने दोनों के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजन दोनों के शवों को लेकर अपने मूल गांव के लिए रवाना हो गए।

# नाबालिग युवती का अपहरण कर दुष्कर्म

- आरोपियों ने युवती का अश्लील वीडियो बनाकर धमकी दी

**खाजूवाला,** (निसं)। यहां एक चक में नाबालिग युवती का अपहरण करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने युवती का अश्लील वीडियो भी बनाया। खाजूवाला में करीब एक माह पूर्व सूरतगढ़ से आए तीन लोग रात के समय ग्रामीण इलाके में घर के आगे सो रही 17 साल की युवती का मुंह दबाकर उसे उठा ले गए। युवती को दूर सुनसान जगह खेत में ले गए और एक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके दो साथियों ने अश्लील वीडियो बनाया।

इस दौरान युवती का मुंह तौलिए से बंद कर दिया। उसके साथ बार-बार दुष्कर्म किया गया। वारदात के बाद युवती को किसी को बताने या मुकदमा दर्ज कराने पर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी और फरार हो गए। डरी-सहमी युवती ने कुछ दिन पहले ही अपने परिजनों को वारदात के बारे में बताया। युवती के पिता ने पुलिस को रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि उसकी 17 साल की पुत्री अपनी छोटी बहन के साथ बुआ के बेटे की सगाई में गई और छह-सात दिन वहां रुकी। इस दौरान वहां गुरविन्द्रसिंह रायसिख उसके पीछे लग गया और शादी का दबाव डालने लगा। युवती अपने घर लौट आई पर आरोपी गुरविन्द्र उसे लगातार फोन करने लगा। उसने अपने माता-पिता से भी मोबाइल पर शादी का दबाव डलवाया।

पांच सितंबर की रात को पीड़िता अपने घर के बाहर मां और दादी के साथ सो रही थी। रात को 11.30 बजे आरोपी गुरविन्द्र अपने दो साथियों के साथ बाइक लेकर पहुंचा और पीड़िता का मुंह दबाकर जबरन उठा ले गया। उसे सुनसान जगह ले जाकर दुष्कर्म किया और उसके साथियों ने अश्लील वीडियो बनाया। पुलिस ने दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज किया है। मामले की जांच सीओ खाजूवाला विनोद कुमार करेंगे।

# राजस्थानी भाषा के आठ साहित्यकारों को अलंकृत किया जाएगा

**जयपुर।** साहित्य, संस्कृति एवं सामाजिक सरोकारों में संलग्न प्रयास संस्थान, चूरू द्वारा प्रदेश के आठ प्रमुख साहित्यकारों को राजस्थानी भाषा में उल्लेखनीय योगदान के लिए संस्थान के विभिन्न पुरस्कार-सम्मानों से अलंकृत किया जाएगा।

प्रयास संस्थान के सचिव कमल शर्मा ने बताया कि संस्थान प्रवर्तित कन्हैयालाल रतनलाल पारख साहित्य पुरस्कार, मोहन आलोक साहित्य सम्मान, बैजनाथ पंवार कथा साहित्य पुरस्कार, सावित्री चौधरी

- 15 सितम्बर को चूरू में आयोजित होगा कार्यक्रम

खूमसिंह साहित्य पुरस्कार एवं दुर्गेश युवा साहित्यकार पुरस्कार से क्रमशः प्रो. जहूर खां मेहर जोधपुर, सुरेंद्र पारीक रोहित चूरू, अरविंद सिंह आशिया उदयपुर, जितेंद्र निर्मोही कोटा, मोनिका गौड़ बीकानेर, बसंती पंवार जोधपुर, महेंद्र सिंह छायण जैसलमेर तथा पूनमचंद गोदारा गुसाईंसर बड़ा-श्रीडूंगरगढ़ सम्मानित किया जायेगा। प्रयास संस्थान के सचिव ने बताया कि वार्षिक राजस्थानी साहित्य पुरस्कार समारोह 15 सितंबर, रविवार को अपराह्न चार बजे चूरू के सूचना केंद्र में आयोजित होगा। साहित्य अकादेमी नई दिल्ली में राजस्थानी भाषा एडवायजरी बोर्ड के कन्वीनर प्रोफेसर अर्जुनदेव चारण की अध्यक्षता में होने वाले इस समारोह के मुख्य अतिथि चूरू सांसद राहुल कस्वां होंगे। वहीं राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी बीकानेर के पूर्व अध्यक्ष डॉ. भरत ओला तथा जय नारारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर के राजस्थानी विभाग के अध्यक्ष डॉ. गजेसिंह राजपुरोहित बतौर विशिष्ट अतिथि समारोह में शिरकत करेंगे।


सम्मानित होने वाले साहित्यकार।

# अजमेर रेलवे स्टेशन से चार साल की मासूम का अपहरण

## अहमदाबाद से दस घंटे के अंदर आरोपी को बालिका के साथ पकड़ा

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर रेलवे स्टेशन पर मासूम बच्चियों के अपहरण और दुराचार की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। मंगलवार देर रात ऐसा ही एक मामला सामने आया, जब अजमेर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर संख्या एक से 4 साल की मासूम बालिका अपहरण हो गया। बालिका का परिवार सिरोही से दरगाह जियारत के लिए अजमेर आया था और गंतव्य स्थान पर जाने के लिए स्टेशन के प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार कर रहा था। घटना के बाद जीआरपी, आरपीएफ और रेलवे अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को दस घंटे के अंदर अहमदाबाद के चांदोलिया रेलवे स्टेशन पर पोरबंदर एक्सप्रेस से गिरफ्तार कर लिया और बच्ची को सुरक्षित कब्जे में ले लिया। आरोपी को पुलिस टीम देर अजमेर लेकर आई।


वारदात के बाद अजमेर रेलवे स्टेशन का जीआरपी एसपी ने मौका मुआयना किया।

- बालिका का परिवार सिरोही से दरगाह जियारत के लिए अजमेर आया था
- बच्ची को आरोपी कोल्ड ड्रिंक और टॉफी वगैरा का लालच देकर ले गया

जीआरपी एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि दरगाह जियारत कर परिवार अजमेर से सिरोही जा रहा था। मंगलवार देर रात करीब पौने दस बजे घटना घटित हुई। जब सिरोही से अजमेर आई महिला अपने परिवार के साथ रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रही थी। इस दौरान एक अज्ञात युवक परिवार के पास आकर बैठ गया और मासूम से बातचीत करने लगा। शातिर युवक मौका पाकर मासूम बच्ची का अपहरण कर फरार हो गया।

जीआरपी एसपी जोशी ने बताया कि आरोपी बच्ची को स्टेशन से लेकर पहले बाजार गया और कुछ देर बाद वापस प्लेटफार्म नंबर चार पर पहुंचा और एक ट्रेन से बच्ची को लेकर रवाना हो गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस टीम ने विभिन्न स्टेशनों पर इसकी सूचना दी गई। बुधवार सुबह करीब 6 बजे के करीब अहमदाबाद के नजदीक चांदोरिया पर खड़ी पोरबंदर ट्रेन से मासूम बच्ची को दस्तयाब कर आरोपी को पकड़ कर हिरासत में ले लिया। अजमेर जीआरपी को सूचना दी। सूचना मिलते ही टीम मौके के लिए रवाना हो गई और देर रात आरोपी को अजमेर ले आई।

**बच्ची को कोल्ड ड्रिंक और टॉफी का लालच दिया:-** जीआरपी एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि महिला जायरीन दरगाह जियारत के लिए आई थी। कल 8 बजे वापस स्टेशन पर घर लौटने के लिए आई थी। प्लेटफार्म नंबर एक पर ट्रेन का इंतजार किया जा रहा था। इस बीच एक अज्ञात युवक वहां पहुंचा और महिला से बातचीत और जान पहचान करने लग गया। बाद में उसकी चार साल की बच्ची को कोल्ड ड्रिंक और टॉफी वगैरा का लालच देकर गोद में खिलाने लग गया। बाद में जैसे ही बच्ची की मां का ध्यान भटका वह बच्ची को लेकर फरार हो गया। बच्ची को पास न पाकर परिवार घबरा गया और उन्होंने तुरंत शोर मचाया, जिसके बाद यात्रियों की भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी और आरपीएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और जांच शुरू की।

जीआरपी एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि बुधवार सुबह रेलवे स्टेशन दौर का निरीक्षण किया। प्लेटफार्म सहित स्टेशन परिवार से नशेड़ियों को बाहर खदेड़ा गया। साथ अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए है कि प्लेटफार्म की सुरक्षा व्यवस्था दुरस्त रखी जाए।

# नाबालिग से दुष्कर्म

**अजमेर,** (कासं)। श्रीनगर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी के साथ युवक द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। रिश्तेदार के यहां पर आरोपी युवक से पीड़िता की मुलाकात हुई थी। पीड़िता और आरोपी एक ही समाज के हैं और उनके बीच रिश्ते की बात चल रही थी, लेकिन आरोपी युवक ने किशोरी को अपनी हवस का शिकार बना लिया। पीड़िता ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दीपक कुमार ने बताया कि पीड़िता के पिता ने अजमेर पुलिस अधीक्षक को तहरीर पेश की थी।


OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIV. HINDAUN

File No. 2089-98 Date:- 09.09.2024

Notice Inviting Bid

Bid (E-NIT No. 06/2024-25) for "Water Harvesting Work" are invited from Registard & Interested bidders up to 6.00 PM on 26.09.2024. procurement portal (http://eproc. rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state departmental website may be Visited for Other Details of Bid. The approximate value of the procurement is Rs. 14.70 lacs.

UBN No. PWD2425WSOB05432

(Hari Narayan Meena)
DIPR/C/8585/2024 Executive Engineer PWD Division Hindaun

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIV. HINDAUN

File No. 2100-2110 Date:- 09.09.2024

Notice Inviting Bid

Bid (E-NIT No. 07/2024-25) for "Rate Contract for Immediatd Flood Work" are invited from Registard & Interested bidders up to 6.00 PM on 26.09.2024. procurement portal (http://eproc. rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state departmental website may be Visited for Other Details of Bid. The approximate value of the procurement is Rs. 66.75 lacs.

UBN No. PWD 2425 WS0B05433
PWD 2425 W50B05434

(Hari Narayan Meena)
DIPR/C/8586/2024 Executive Engineer PWD Division Hindaun

कार्यालय नगर पालिका मण्डल, कि0रेनवाल, जिला जयपुर (राज.)

क्रमांक/ई–बोली/2024–2025/निर्माण/1843 दिनांक 11.09.2024

ई–बोली आमन्त्रण सूचना 04/2024–2025

नगर पालिका कार्यालय कि0रेनवाल द्वारा स्थानीय निकाय विभाग/राजस्थान सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत विभागों द्वारा पंजीकृत निविदा हेतु पात्रता की श्रेणी के नियमानुसार संवेदकों से निर्धारित निविदा प्रपत्र में दिनांक 23.09.2024 तक बोली आमन्त्रित की जाती है। बोली से संबंधित विवरण इन्टरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है तथा अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में देखी जा सकती है।

UBN No. DLB2425WSOB07874, DLB2425WSOB07875

अध्यक्ष नगर पालिका कि0रेनवाल — अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका कि0रेनवाल
राज.संवाद/सी/24/5097

कार्यालय नगर निगम, उदयपुर

टाउनहॉल लिंक रोड उदयपुर (राज.) 313001, दूरभाष सं. 0294-2421255, 2420013
Helpline no. 0294 2426262, Helpline no.0294-2426262, वेबसाइट - www-udaipurmc.org

क्रमांक :- निविदा/2024-25/ई -18 दिनांक :- 12/09/2024

(ई-भुगतान) बोली आमन्त्रण सूचना संख्या - ई 18/2024-25

नगर निगम कार्यालय उदयपुर द्वारा विभिन्न विकास कार्यो हेतु कुल राशि रु. 199.41 लाख के कुल 08 कार्यो हेतु इच्छुक निविदादाताओं से निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा के कार्यो की प्रारम्भ तिथि 12.09.2024 एवं अंतिम तिथि 23.09.2024 तथा निविदा खुलने की तिथी 24.09.2024 रहेगी। निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण इंटरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है। UBN No. : UNP2425WSOB00086

राज.संवाद/सी/24/5056 अधीक्षण अभियन्ता, नगर निगम, उदयपुर

बीकानेर नगर निगम

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक :- निर्माण/2024-25/12813 दिनांक :- 09/09/2024

ई - निविदा-सूचना सं0 50/2024-25

नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.sppp.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा की कुल लागत :– 59.14 लाख

UBN Number :- DLB2425WSOB07862

आयुक्त, नगर निगम, बीकानेर
राज.संवाद/सी/24/5089

Office of The Executive Engineer Water Resources Division Kota

क्रमांक-EE/WRD/Ac./2024-25/ Date:

NIT No.- 08/2024-25

On behalf of the Governor of Rajasthan, e-Tenders are invited from eligible Bidders for the Works of
Item No. 01 "Repair and Renovation of Methi Ki Talai G.P and Tehsil Kanwas Distt. Kota" (Estimated Cost Rs. 29.39 Lac)
Item No. 02 "Converstion of old causeway into anicut near village Jagdishpura-Bishanpura Tehsil-Kanwas Distt. -Kota" (Estimated Cost Rs. 44.09 Lac)
Item No. 03 "Restoration of Dhulet Anicut on Local Nallah. G.P.Dhulet Tehsil Kanwas, Distt. -Kota" (Estimated Cost Rs. 63.70 Lac)
Item No. 04 "Restoration of Payara Talab Near Village Moikalan Tehsil Sangod Distt. Kota" (Estimated Cost Rs. 68.59 Lac)
Item No. 05 "Restoration of Khedadhirpur Talab Village Vinodkalan Tehsil Sangod, Distt. - Kota" (Estimated Cost Rs. 68.60 Lac)
Item No. 06 "Conversion of old causeway into anicut on near village Digod Tehsil Sangod District Kota" (Estimated Cost Rs. 73.48 Lac)
Item No. 07 "Repair and Renovation of Umarheri Talab, G.P-Bulahera, Tehsil Kanwas Distt. -Kota" (Estimated Cost Rs. 73.50 Lac)
are invited from interested bidders from 11.09.2024 (9:30 Hr) to 23.09.2024 till 18:00 Hr other particulars, terms & conditions may be seen on the procurement portal https://eproc.rajasthan.gov.in & https://sppp.rajasthan.nic.in, www.dipr.rajasthan. gov.in & www.water.rajasthan.gov.in.
NIB Code: WRD2425A0182
UBN ???
Item No. 01- WRD2425WSOB00599
Item No 02- WRD2425WSOB00600
Item No. 03- WRD2425WSOB00601
Item No 04- WRD2425WSOB00602
Item No 05- WRD2425WSOB00603
Item No 06- WRD2425WSOB00604
Itern No 07- WRD2425WSOB00605

DIPR/C/8594/2024 Executive Engineer Water Resources Division, Kota

राजस्थान सरकार
कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम
मिनी स्वास्थ्य भवन, सेठी कॉलोनी, जयपुर

क्रमांकः स्टोर/2024/222 दिनांकः 6/9/24

ई-निविदा सूचना

इस कार्यालय के अधीन जिला स्वास्थ्य समिति जयपुर प्रथम के अन्तर्गत वित्तिय वर्ष 2024-25 में आयोजित किये जाने वाले विभिन्न प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिये जाने हेतु भोजन, आवास एवं मिटिंग हॉल की व्यवस्था किये जाने हेतु ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती है।
निविदा फार्म एवं भरे हुये निविदा फार्म (ई-निविदा) के माध्यम से दिनांक 09.09.2024 से 30.09.2024 को प्रातः 11.30 तक डाउनलोड एवं अपलोड किया जा सकेगा। ऑनलाईन ई-निविदा के माध्यम से जमा/अपलोड करायी गयी निविदाओं को दिनांक 30.09.2024 को दोपहर 3:00 बजे खोला जायेगा। शेष शर्तें निविदा प्रपत्र मे अंकितानुसार होगीं जो SPPP.raj.nic.in एवं eprocure.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरिक्षत रहेगा। अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा शुल्क 1000/- प्रति टेन्डर व अमानत राशि के डिमाण्ड ड्राफ्ट जिला स्वास्थ्य समिति जयपुर प्रथम के नाम देय होंगे, एवं प्रोसेसिंग शुल्क नियमानुसार अनुसार होगा। जिसका डीडी MDRISL JPR के नाम देय होगा। जो निर्धारित तिथि तक अथवा उससे पूर्व कार्यालय में जमा कराने होगे।

| | समान विवरण | अनुमानित राशि (लाखों मे) | बयाना राशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विभिन्न प्रशिक्षणों में चाय, नाश्ता, लंच, डिनर व इत्यादि की व्यवस्था। विस्तृत जानकारी टेन्डर फार्म में उपलब्ध है। | 10000000.00 (एक करोड) | 200000.00 (दो लाख) | 1000.00 (एक हजार) |
| 2 | विभिन्न प्रशिक्षणार्थियों के लिए मीटिंग हाल आवास व्यवस्था हेतु विस्तृत जानकारी टेन्डर फार्म में उपलब्ध है। | 150000000.00 (एक करोड पचास लाख) | 300000.00 (तीन लाख) | 1000.00 (एक हजार) |

ट्रेनिंग हॉल, आवास व्यवस्था व भोजन व्यवस्था के लिए अलग-अलग निविदाएँ प्रस्तुत की जानी है।
UBN: MHS 2425SLOB02876
UBN: MHS 2425SLOB02877

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम
DIPR/C/8575/2024

OFFICE OF THE MEDICAL SUPERINTENDENT, RUHS HOSPITAL,
Sector – 11, Kumbha Marg, Pratap Nagar, Jaipur - 302033
Ph. : 0141-2795577 Email: supdt.ruhscms.hms.2020@ruhsraj.org

No. RUHS HMS/Store/2024-25/4912-13 Date: 10/09/2024

अल्पकालीन ई–निविदा/दर संविदा सूचना

राज.स्वा.वि.वि. आयुर्विज्ञान चिकित्सालय हेतु इच्छुक एवं अनुभवी फर्मो/सेवा प्रदाताओं से निम्नानुसार दर संविदा हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

| S. No. | Description of Tender | Estimated Cost in Rs. | Bid Security in Rs. | Tender Fee in Rs. | RISL Processing Fee | Bid Submission Start Date/Time | Bid Submission End Date/Time | Bid Opening Date/Time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rate Contract for Procurement of Services of Radiologist with Sonography Machine for USG Tests in Dept. of Radiology, RUHS Hospital, Jaipur (UBN:CMS2425SLRC00018) | 90.00 Lacs | 180000.00 | 1000.00 | 1500.00 | 24/09/2024 at 2:30 PM onwards | 04/10/2024 at 2:00 PM | 05/10/2024 at 01:00 PM |
| 2. | Rate Contract for Procurement of Service of High Skilled Man Power (Nurse Grade-II) as per Nature of Work in NICU/PICU/ICU at RUHS Hospital, Jaipur (UBN:CMS2425SLRC00019) | 125.00 Lacs | 250000.00 | 1500.00 | 2000.00 | 10/09/2024 at 2:00 PM onwards | 21/09/2024 at 2:00 PM | 23/09/2024 at 01:00 PM |

- Details may be seen in the Bidding Document at https://sppp.rajasthan.gov.in, eproc.rajasthan.gov.in or on RUHS CMS website: www.ruhscms.org

Raj.Samwad/C/24/5102 Medical Superintendent, RUHS Hospital, Jaipur

# जिस देश में महिलाएं सुरक्षित नहीं, वो देश प्रगति भी नहीं कर सकता : मूमल राजवी

## महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में 90 प्रतिशत अपराधी परिचित होते हैं : पालीवाल

**जयपुर।** भारतीय महिला को सशक्तीकरण की आवश्यकता नहीं, वह सशक्त हैं। पुरुष महिलाओं को नहीं बनाता बल्कि महिलाएं पुरुषों का निर्माण करती हैं। ये विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक बाबूलाल ने बुधवार को राजस्थान विश्वविद्यालय के मानविकी पीठ सभागार में आयोजित महिला सुरक्षा-चुनौतियां एव समाधान प्रबुद्ध जन गोष्ठी में व्यक्त किए।

■ **राजस्थान विश्वविद्यालय के मानविकी पीठ सभागार में महिला सुरक्षा-चुनौतियां एव समाधान प्रबुद्धजन गोष्ठी का आयोजन**

उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रथम गुरु माँ होती है। वही उन्हें संस्कारित करती है। शिवाजी को प्रेरणा देने वाली उनकी मां जीजाबाई थीं। स्वामी विवेकानंद और मदन मोहन मालवीय के जीवन में भी उनकी माँ की महत्वपूर्ण भूमिका थी। आज भी माताओं के ऊपर जिम्मेदारी है कि वे अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें, ताकि एक सभ्य समाज का निर्माण हो सके। उन्होंने दूसरे पंथों में स्त्रियों की स्थिति बताते हुए महिला के प्रति भारतीय व अभारतीय दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए स्वतंत्र पत्रकार और विचारक डॉ. शिप्रा माथुर ने कहा कि देश में यौन हिंसा के मामलों में बढ़ोतरी हुई है, साथ ही जघन्यता भी बढ़ी है। पहले सिर्फ रेप होते थे, अब दुष्कर्म के बाद पीड़िताओं की हत्या भी हो रही है। ऐसे अपराधियों से निपटने के लिए हमें बालिकाओं और महिलाओं को सक्षम बनाना होगा। मीडिया को भी सिलेक्टिव पत्रकारिता से ऊपर उठकर अपना दायित्व निभाना होगा। दुष्कर्म तो दुष्कर्म होता है, यहाँ पर भी यदि जाति या सम्प्रदाय देखेंगे तो यह पत्रकारिता के साथ न्याय नहीं हो सकता।

वरिष्ठ आईपीएस और वर्तमान में एडीजी रेलवे अनिल पालीवाल ने कहा कि महिला सुरक्षा का विषय समाज और संस्कृति से जुड़ा है। इसको लेकर राज्य सरकार और पुलिस भी चिंतित है। उन्होंने कहा कि महिलाएं हमेशा से समाज की पोषक रही है। इसे समाज ने स्वीकारा भी है। चाहे गाय हो या फिर नदियां, हमने इन्हें भी मां का स्थान दिया है। सनातन संस्कृति में महिला का सम्मान रचा बसा है। एडीजी पालीवाल ने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में 90 प्रतिशत अपराधी परिचित ही होते हैं।

अधिवक्ता मूमल राजवी ने कहा कि महिला सुरक्षा और सम्मान सभ्य समाज के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि जिस देश में महिलाएं सुरक्षित नहीं, वो देश प्रगति भी नहीं कर सकता। मूमल राजवी ने अजमेर सेक्स स्कैंडल की चर्चा करते हुए कहा कि वह दौर कितना भयावह रहा होगा, जब एक बालिका से शुरू हुआ यह घिनौना कृत्य 250 बालिकाओं के जीवन को तबाह कर गया। कुछ बालिकाओं ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने कहा कि इस मामले में आरोपी यूथ कांग्रेस से जुड़े थे और अजमेर दरगाह के खादिम परिवार से थे। उनकी पहुंच और दबदबे के आगे सिस्टम भी कुछ नहीं कर पाया। कुछ आरोपी बरी हो गए और कुछ जमानत पर रिहा होकर आराम का जीवन गुजार रहे हैं। 32 वर्ष बाद 6 आरोपियों को सजा हुई है। यह बताता है कि हमारा सिस्टम कितना कमजोर है। मूमल ने कहा कि चुप्पी अपराधियों को निडर बनाती है। इतिहास उन्हीं का लिखा जाता है, जो अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाते हैं।

अजमेर सेक्स स्कैंडल के बाद 1999 से 2003 तक अजमेर में शिक्षा ग्रहण करने वाली पुष्पा यादव ने कहा कि उस समय लोग इस मामले की चर्चा करने से भी डरते थे। घर वाले दरगाह की ओर जाने से भी मना करते थे। एक बार जब सहेलियों के साथ दरगाह गए तो मुस्लिम लड़के दरगाह में भी फब्तियां कसने से बाज नहीं आए। वे हमें देखकर गा रहे थे, हुस्न की चक्की चली फिर एक दाना फंसा, हम फंसे तो क्या फंसे मौलाना और चिश्ती फंसा। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि उस समय अजमेर में कैसा वातावरण रहा होगा।

समर्थ सेवा न्यास की अध्यक्ष डॉ. मंजु शर्मा ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि महिला सुरक्षा का विषय सिर्फ महिलाओं का नहीं बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र का विषय है। इन दिनों मानवता को शर्मसार करने वाले मामले सामने आ रहे हैं। कानून महिलाओं के पक्ष में है, इसके बावजूद घटनाएं हो रही हैं। कोलकाता का मामला आप सबके सामने है।


मनसा अध्यक्ष डॉ. सुनीता अग्रवाल ने सभी का आभार जताया। संगोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मां शारदे के भजन से हुआ तथा समापन शांति मंत्र से। कार्यक्रम में क्षेत्र कार्यवाह गेंदालाल और डिपार्टमेंट ऑफ लाइफ लॉन्ग लर्निंग के निदेशक डॉ. जय सिंह सहित काफी संख्या में महिलाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम का आयोजन समर्थ सेवा न्यास, मनसा और डिपार्टमेंट ऑफ लाइफ लॉन्ग लर्निंग की ओर से किया गया था।

## राहुल गांधी के आरक्षण समाप्त करने का वक्तव्य निंदनीय : गोठवाल

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश महामंत्री और विधायक जितेंद्र गोठवाल ने राहुल गांधी के अमेरिकी यात्रा के दौरान आरक्षण को लेकर दिए गए बयान की घोर निंदा की और कहा कि आरक्षण समाप्त करने वाली सोच रखने वाले राहुल गांधी का गुरूवार को एससी, एसटी मोर्चा और भाजपा कार्यकर्ता पुतला दहन करेंगे। ये सभी कार्यकर्ता सुबह 11 बजे अम्बेडकर सर्किल पर राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध जताएंगे।

भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि राहुल गांधी का आरक्षण समाप्त करने वाला वक्तव्य दर्शाता है कि कांग्रेस पार्टी आरक्षण को समाप्त करने के बारे में सोच रही है। राहुल गांधी के इस बयान से बाबा साहब के द्वारा समाज के वंचित, शोषित और दलितों के उत्थान के लिए शुरू किए गए आरक्षण प्रावधान के बारे में कांग्रेस की सच्चाई देश के सामने आ गई है।

गोठवाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से लेकर राहुल गांधी तक कांग्रेस पार्टी की आरक्षण समाप्त करने वाली सोच समय-समय पर उजागर हो रही है। एक ओर पूर्व पीएम नेहरू थे जिन्होंने आरक्षण को लेकर तत्कालीन जिला कलेक्टरों को पत्र लिखा था। इसमें उन्होंने आरक्षण को लेकर सवाल उठाए थे, वहीं दूसरी ओर मंडल कमीशन की रिपोर्ट को वर्षों तक दबाने का काला कारनामा भी इसी कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने किया था। जिसके कारण से अन्य पिछडा वर्ग को वर्षों तक आरक्षण का लाभ नहीं मिल पाया। अब राहुल गांधी के द्वारा दलितों और पिछड़ों के आरक्षण को लेकर अमेरिका में इस तरह का बयान देना घोर निंदनीय है।



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे बुधवार सांय आमेर स्थित शिला माता मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने महिषासुर मर्दिनी स्वरूप माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने मां जगत जननी से राष्ट्र और प्रदेश के सुख, समृद्धि और सम्पन्नता के लिए प्रार्थना की।

# भाजपा पी.एम. मोदी के जन्मदिन पर मनाएगी "सेवा पखवाड़ा"

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती और गांधी जयंती के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी देशभर में सेवा पखवाडा मनाएगी। सेवा पखवाडे के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार भाजपा प्रदेश महामंत्री और विधायक जितेंद्र गोठवाल ने प्रदेश टोली का गठन किया।

भाजपा महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाडे के लिए प्रदेश से भाजपा के 5 वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की प्रदेश टोली गठित की गई है। इनमें पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल, महिला मोर्चा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुमन शर्मा, सवाई माधोपुर जिला प्रभारी प्रणवेंद्र शर्मा, पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य धुरेंद्र मेघवाल और उदयपुर जिला महामंत्री गजपाल सिंह को नियुक्त किया गया है। सेवा पखवाडे की प्रदेश स्तरीय टोली अब जिलों में चार सदस्यों की टोली बनाएंगे फिर उन्हें जिलों में होने वाले कार्यों की जिम्मेदारी दी जाएगी।

भाजपा महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने बताया कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से सेवा पखवाडा शुरू करेगी। सेवा पखवाडे में 25 सितंबर को पंडित दीन दयाल उपाध्याय जयंती और 2 अक्टूबर को गांधी जयंती मनाई जाएगी। इस सेवा पखवाडे में रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, सचित्र प्रदर्शनी, विषय आधारित संगोष्ठी, वृक्षारोपण अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## दिया कुमारी दो उच्च जलाशयों का शिलान्यास करेंगी

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी गुरुवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर पाँच और 12 में उच्च जलाशयों का शिलान्यास करेंगी। उप मुख्यमंत्री वार्ड 12 बैनाड रोड पवनपुरी में तथा दोपहर 3 बजे वार्ड 5 पार्षद कार्यालय के सामने बढ़ारणा में उच्च जलाशयों का शिलान्यास करेंगी।

बीसलपुर योजना में विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 के बढ़ारणा में 7 लाख लीटर और वार्ड 12 में 20 लाख लीटर क्षमता के उच्च जलाशयों का निर्माण करवाया जाएगा। इन उच्च जलाशयों का निर्माण कार्य मार्च 2025 तक पूरा किया जाना है। उच्च जलाशय से वार्ड नंबर पाँच की जेडीए स्कीम क्वार्टर, सूर्य नगर विस्तार, गौतम विहार, प्रेमनगर एस एवम् डी ब्लॉक,देविका नगर, यादव मार्केट, युवराज विहार, विशाल नगर, श्रीराम विहार,उद्योग विहार कॉलोनियों की लगभग 20,000 आबादी को निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

इसी प्रकार वार्ड 12 की पवनपुरी में बनने वाले उच्च जलाशय से बालाजी नगर, गणेश नगर, महेश नगर, अन्नापरम एंक्लेव, ओलमपुया सिटी कॉलोनी, राज रेजीडेंसी, उदय नगर, रामेश्वरम, कानोडिया कॉलोनी, बालाजी विहार, गणेश नगर, चमत्कार नगर, तिरुपति नगर, मोहन वाटिका आदि इन कॉलोनियों के लगभग 38,000 लोग लाभान्वित होंगे।

# कारोबार की लागत कम करना सरकार की प्राथमिकता में सबसे ऊपर : कर्नल राठौड़



■ **उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 से पहले मीडिया को संबोधित किया**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में इस वर्ष दिसंबर में जयपुर में आयोजित होने वाले 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 से पहले उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने आज मीडिया को संबोधित किया। आज आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में माननीय मंत्री कर्नल राठौड़ ने कहा कि सरकार अगले पांच वर्षों में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद को मौजूदा 15 लाख करोड़ रुपये से दोगुना करके 30 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चल रही है और 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के जरिए प्रदेश में निवेश जुटाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कर्नल राठौड़ ने यह भी कहा कि सरकार 'इज ऑफ डूइंग बिजनेस' के तहत व्यवसाय करने की लागत में कमी लाना और लालफीताशाही को कम करने का निरंतर प्रयास कर रही है, ताकि उद्योग जगत को प्रदेश में काम करने में आसानी हो।

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के बारे में बोलते हुए उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा, यह ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट राजस्थान को व्यापार के लिए सबसे अधिक अनुकूल राज्यों में से एक के रूप में प्रदर्शित करने का बेहतरीन अवसर है और इसके लिए राज्य सरकार प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य को निवेशक-अनुकूल बनाने के लिए बड़े पैमाने पर प्रशासनिक सुधार कर रही है। राजस्थान में पहली बार वैश्विक स्तर का इन्वेस्टमेंट समिट आयोजित किया जा रहा है और इसके लिए भागीदार देशों और भागीदार अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ गठजोड़ किया जा रहा है।

इस अवसर पर कर्नल राठौड़ ने यह भी कहा कि जिस स्तर पर यह ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट आयोजित किया जा रहा है, वह सरकार की प्रशासनिक इच्छाशक्ति और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार द्वारा जल्द ही कई नई नीतियां शुरू की जाने वाली हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अर्थव्यवस्था के सभी प्रमुख क्षेत्र सरकार के निवेशक-अनुकूल दृष्टिकोण के अनुरूप हों।

## देवनानी ने दिल्ली में केंद्रीय नेताओं से मुलाकात की

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी बुधवार को नई दिल्ली प्रवास पर रहे। उन्होंने केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, केन्द्रीय संसदीय कार्य एवं अल्प संख्यक मामलों के मंत्री किरन रिजीजू तथा केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी से मुलाकात की। उन्होंने केन्द्रीय मंत्रियों से राजस्थान और अजमेर के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बी.एल. संतोष एवं सुनील बंसल से भी मुलाकात कर चर्चा की। देवनानी ने केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से उनके निवास पर मुलाकात कर देश-प्रदेश से जुड़े विभिन्न विषयों एवं राजस्थान विधानसभा में किये जा रहे नवाचारों पर चर्चा की।

## 'भाजपा के लिए राष्ट्र सर्वप्रथम'

**कैथल/कलायत।** कलायत विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी कमलेश ढांडा की नामांकन सभा में बोलते हुए भाजपा हरियाणा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि भाजपा के लिए राष्ट्र सर्वप्रथम है और देश हित की नीति के साथ भाजपा काम करती है। हम सभी देश भक्त लोग हैं, तिरंगे का मान और सम्मान करते हैं। जम्मू कश्मीर में तिरंगे का अपमान होता था। भारत मां के लाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने तिरंगे का मान बढ़ाया, इसी का परिणाम है कि आज कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा आन, बान और शान के साथ लहरा रहा है। डा. सतीश पूनिया ने नामांकन सभा से पहले भाजपा प्रत्याशी कमलेश ढांगा का नामांकन भी कराया।

## 'शिक्षा से वंचित बच्चों का स्कूलों में नामांकन करवाएं'

**जयपुर ।** जिन बच्चों का नामांकन अभी तक किसी भी स्कूल में नहीं हुआ है, उन्हें शिक्षा से जोड़ने के लिए शिक्षा अधिकारी 30 सितंबर तक उनका नामांकन सरकारी विद्यालय में सुनिश्चित करें। यह कहना है जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी का। डॉ. सोनी ने यह बात गुरुवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला निष्पादक समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा अधिकारी अपने क्षेत्राधिकार के सभी राजकीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

# डॉ. भागवत और होसबाले राजस्थान क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले उत्तर पश्चिम क्षेत्र (राजस्थान) के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न संगठनात्मक बैठकों में सम्मिलित होंगे और कार्यकर्ताओं का प्रबोधन करेंगे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संघचालक डॉ. रमेशचंद्र अग्रवाल ने बताया कि डॉ. भागवत राजस्थान क्षेत्र के प्रवास के पहले चरण में जयपुर प्रांत के अलवर में 14 से 17 सितम्बर तक रहेंगे। क्षेत्र प्रवास के दूसरे चरण में डॉ. भागवत 3 से 6 अक्टूबर तक चित्तौड़ प्रांत में रहेंगे।

## जर्जर इमारतों और अवैध निर्माणों पर रिपोर्ट मांगी आयुक्त ने

**जयपुर ।** बारिश से जर्जर हुए मकानों और अवैध निर्माणों पर कार्रवाई को लेकर हैरिटेज नगर निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बुधवार को अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सभी जोन उपायुक्तों, अधिशाषी अभियंता, सहायक व कनिष्ठ अभियंताओं से गत एक सप्ताह में की गई कार्रवाई का विवरण मांगा।

आयुक्त सुराणा ने हैरिटेज निगम क्षेत्र में चिन्हित जर्जर इमारतों पर जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए, साथ ही अवैध निर्माणों की 4 तरह से रिपोर्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने निगम द्वारा अवैध निर्माण, सीज के दौरान हो रहे निर्माण, सीज किए अवैध निर्माण, शपथ पत्र लेकर सीज हटाए निर्माण पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। सिविल लाइन जोन में शपथ पत्र के अनुसार काम नहीं करने पर एक मकान को पूरी तरह से सीज किया गया।

वहीं निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने सभी जोन उपायुक्त और शाखा प्रभारी शहर में सड़क पर पेचवर्क, ओपन कचरा डिपो हटवाने के भी निर्देश दिए।

# स्वायत्त शासन विभाग ने महापौर मुनेश गुर्जर को नोटिस थमाया

## भ्रष्टाचार के आरोपों पर तीन दिन में जवाब मांगा

**जयपुर** (कासं)। स्वायत्त शासन विभाग ने जयपुर हैरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर को नोटिस जारी किया है। नोटिस में मुनेश पर लगे आरोपों पर जवाब मांगा गया है, इसके लिए 3 दिन का समय दिया है।

ज्ञात रहे कि महापौर मुनेश के पति सुशील गुर्जर को पिछले साल 4 अगस्त को एंटी करप्शन ब्यूरो (ए.सी.बी.) की टीम ने पकड़ा था। इसके बाद से ही मुनेश गुर्जर के खिलाफ एसीबी की जांच लंबित चल रही थी। इस पर बीजेपी सरकार ने गत दिनों अभियोजन स्वीकृति जारी की है।

सूत्रों की मानें तो स्थानीय निकाय विभाग के उप निदेशक विनोद पुरोहित ने मेयर मुनेश गुर्जर को धारा 39 (1), राजस्थान नगर पालिका अधिनियम, 2009 के तहत नोटिस जारी कर पूछा है कि आपको भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा पट्टा जारी करने की एवज में 2 लाख रुपए की रिश्वत राशि लेने के आरोप से आरोपित किया है। आपके



हैरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर

पति सुशील गुर्जर और अन्य को गिरफ्तार भी किया है। उस मामले में अधोहस्ताक्षरकर्ता को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। ऐसे में आप मामले से संबंधित सभी तथ्यों, लिखित कथन मय दस्तावेज साक्ष्य आदि सहित 3 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर दें। निर्धारित समय अवधि में आप द्वारा अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किए जाने की स्थिति में यह मानते हुए कि आपको उक्त मामले के संबंध में कुछ नहीं कहना है। जांच कार्यवाही पूर्ण कर ली जाएगी।

वहीं राजस्थान हाईकोर्ट ने मुनेश गुर्जर के खिलाफ चालान पेश करने के लिए 2 सप्ताह का समय दिया है। कोर्ट में मुनेश गुर्जर के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी देने की रिकॉर्ड पर लेकर सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी। जस्टिस एनएस ढड्डा ने यह निर्देश सोमवार को सुधांशु सिंह ढिल्लन की याचिका पर दिया था। ज्ञात रहे कि मेयर मुनेश गुर्जर के पति सुशील गुर्जर की पट्टे बनाने की एवज में 41 लाख रुपए की रिश्वत मामले में गिरफ्तारी हुई थी। उन पर आरोप था कि पट्टे जारी करवाने के लिए दो दलालों के जरिए रिश्वत मांगी गई थी। सुशील के साथ दलाल नारायण सिंह और अनिल दुबे को भी गिरफ्तार किया था।

# जल जीवन मिशन कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए ऑनलाइन मॉड्यूल बनेगा : भास्कर सावंत

**जयपुर ।** प्रमुख शासन सचिव भास्कर ए. सावंत ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत जो कार्य आदेश जारी किये गये है, उनकी योजना-वार मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही प्रत्येक स्तर पर समय सीमा निर्धारित की जाए। उन्होंने कहा कि

■ **"जल जीवन मिशन के ऐसे कार्यों को चिन्हित किया जाए, जिनका अधिकांश कार्य पूर्ण हो गया है, उन्हें शीघ्र पूर्ण करके आमजन को लाभान्वित किया जा सकें"**




प्रमुख शासन सचिव भास्कर सावंत ने बुधवार को जल भवन में आयोजित जल जीवन मिशन कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित किया।

जल जीवन मिशन कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए ऑनलाइन मॉड्यूल बनाया जाएगा। जिससे किये जा रहे कार्यों की वास्तविक प्रगति एवं गुणवत्ता का सही ढंग से विभिन्न स्तरों पर आकलन किया जा सकें। सावंत बुधवार को जल भवन में आयोजित जल जीवन मिशन कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत चल रहे ऐसे कार्यों को चिन्हित किया जाए, जिनका अधिकांश कार्य पूर्ण हो गया है। उन्हें शीघ्र पूर्ण किया जाए जिससे आमजन को लाभान्वित किया जा सकें। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों की गति बढ़ाने के लिये जिन-जिन कार्य-योजना की आवश्यकता है उन्हें चिन्हित कर एजेण्डा एपेक्स कमेटी में प्रस्तुत किया जाए ताकि उन पर राज्य स्तर पर निर्णय लेकर कार्यवाही की जा सकें। उन्होंने कहा कि वित्तीय संसाधनों, संचालन एवं संधारण की पॉलिसी को भी अन्तिम रूप देकर एपेक्स कमेटी में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करावें।प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए, इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी साथ ही थर्ड पार्टी इन्वेस्टीगेशन एजेंसी का विभागीय अधिकारियों के साथ अधिकतम उपयोग लिया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन की योजनाओं पर किये जाने वाले व्यय की मासिक गणना की जाए जिससे राज्य सरकार को प्रतिमाह खर्च की जाने वाली राशि के बारे में अवगत कराया जा सकें। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत वॉटर क्वालिटी में रैंकिंग सुधारने हेतु धरातल पर अधिकतम जल नमूने लेने के निर्देश दिये। बैठक में जल जीवन मिशन के एमडी कमर उल जमान चौधरी, मुख्य अभियंता (प्रोजेक्ट) संदीप शर्मा, मुख्य अभियंता जल जीवन मिशन दलीप गौड़ सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## दस्तावेज सत्यापन 18 सितम्बर से

**जयपुर ।** कृषि पर्यवेक्षक भर्ती-2023 के तहत राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा गैर अनुसूचित क्षेत्र के 385 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 45 पदों को सीधी भर्ती से भरने हेतु दोगुना अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच एवं सत्यापन हेतु सूचीबद्ध किया गया है।

## रामगंज में जर्जर इमारत ढहने से हड़कंप मचा

**जयपुर ।** राजधानी जयपुर के रामगंज थाना इलाके में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया,जब एक जर्जर इमारत ढह गई। सूचना मिलने पर पुलिस, नगर निगम और सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंच रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हुई है। फिलहाल किसी व्यक्ति के हताहत होने की जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन नगर निगम की टीम का सर्च ऑपरेशन चल रहा है।नगर निगम सतर्कता शाखा उपायुक्त पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि जर्जर इमारत को नगर निगम द्वारा पहले ही नोटिस दिया जा चुका था।

# मुनेश गुर्जर के समर्थन में कई सामाजिक संगठन उतरे

**जयपुर।** हैरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति जारी होने और स्वायत्त शासन विभाग की ओर से उन्हें नोटिस जारी करने के विरोध में बुधवार को कई सामाजिक संगठन उतरे हैं। उन्होंने कहा कि मुनेश गुर्जर को जबरदस्ती फंसाया जा रहा है। उनके पति प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि उनको किसी भी प्रकरण में फंसाया जाए। यदि सरकार ने हमारी मांगे नहीं मानी तो हम खुली चुनौती भी देंगे। हमारी सरकार से अपील है कि एक कमेटी गठित करके मुनेश गुर्जर के खिलाफ जो भी प्रकरण सामने आया है उसकी फिर से उच्च स्तरीय जांच की जाए, जिससे दूध का दूध पानी का पानी हो सके। बुधवार को पिंकसिटी प्रेस क्लब में रामगोपाल मेहरा-अध्यक्ष जयपुर मेहरा समाज, देवनारायण गुर्जर-राष्ट्रीय अध्यक्ष अखंड भारत गुर्जर महासभा, मनीष- अध्यक्ष गुर्जर समाज, मोहनलाल वर्मा-प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजस्थान गुर्जर महासभा, गोविंदपुरी गोस्वामी-अध्यक्ष गोस्वामी समाज, पवन शर्मा-अध्यक्ष बिहार समाज, गौरव गुर्जर-प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान गुर्जर महासभा (युवा प्रकोष्ठ) ने यह बात कही। इन सभी लोगों ने एक स्वर में मुनेश गुर्जर के खिलाफ हो रही कार्रवाई को रोकने और उसकी जांच करके ही कोई कदम उठाने की मांग की।

देवनारायण गुर्जर ने कहा कि हम सरकार से निवेदन कर रहे हैं लेकिन उन्होंने हमारी बात नहीं मानी तो राजस्थान के सभी जिलों में सभी समाज की कमेटी बनाकर आंदोलन भी किया जाएगा

## राइजिंग राजस्थान में मदद करेगा मारवाड़ी इंटरनेशनल फैडरेशन

**जयपुर ।** मारवाड़ी इंटरनेशनल फैडरेशन ने जयपुर में 9 से 11 सितंबर तक आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान में सहयोग की पेशकश की है।

इसके लिए संस्था का एक प्रतिनिधि मंडल ने राजस्थान फाऊंडेशन की कमिश्नर डॉ. मनीषा अरोड़ा एवं अन्य अधिकारियों से मुलाकात की है। यह जानकारी मारवाड़ी इंटरनेशनल फैडरेशन के संस्थापक महासचिव सीए विजय गर्ग ने दी। उन्होंने बताया कि मारवाड़ी इंटरनेशनल फैडरेशन पिछले कुछ वर्षों से प्रवासी राजस्थानियों के बीच सामाजिक व व्यापारिक नेटवर्किंग बढ़ाने का कार्य कर रहा है और आज पूरे विश्व में 44 देश में मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन का नेटवर्क फैला हुआ है।

## सार-समाचार

### दानिश अली मीडिया प्रभारी बने


दानिश अली

**जोधपुर**, (कासं)। जिला जोधपुर शहर युवा कांग्रेस की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। इसमें दानिश अली को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। मीडिया प्रभारी दानिश अली ने बताया कि भारतीय युवा कांग्रेस के वरिष्ठ राष्ट्रीय सचिव व राजस्थान युवा कांग्रेस के प्रभारी मोहम्मद शाहिद, राष्ट्रीय सचिव व सह प्रभारी राजस्थान अरुणा महाजन, प्रदेशाध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुधिंद्र मूंड, यशवीर शूरा एवं संभाग प्रभारी लक्ष्मण सिंह सांखला व जिलाध्यक्ष योगेश कच्छवाहा एवं जिला प्रभारी इल्मदीन के निर्देशानुसार जिला जोधपुर शहर की जिला कार्यकरिणी की घोषणा की गई हैं। दानिश अली ने बताया कि एबी अशोक भाटी सहित चार उपाध्यक्ष व एक प्रवक्ता, एक सोशल मीडिया प्रभारी, एक मीडिया प्रभारी, 11 महासचिव व 11 सचिव नियुक्त किए गए। नियुक्ति के बाद सभी ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, आरसीए के पूर्व अध्यक्ष वैभव गहलोत, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुधिन्द्र मूंड,यशवीर शूरा, राजस्थान युवा कांग्रेस प्रभारी मोहम्मद शाहिद, राजस्थान सह प्रभारी अरूणा महाजन व पशुधन विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सोलंकी, पूर्व शहर विधायक मनीषा पंवार, नगर निगम उत्तर की महापौर कुंती परिहार, जोधपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी उत्तर व दक्षिण के अध्यक्ष सलीम खान व नरेश जोशी व जिला प्रभारी इल्मदीन व जिलाध्यक्ष योगेश कच्छवाहा का आभार जताया।

### तीरंदाजी व जिम्नास्टिक प्रति. संपन्न

**रेवदर**, (निसं)। जिला स्तरीय 68 वीं तीरंदाजी व जिम्नास्टिक प्रतियोगिता का समापन हुआ। जिला स्तरीय 68वीं तीरंदाजी व जिम्नास्टिक खेलकूद प्रतियोगिता का बुधवार को आदर्श बाल निकेतन माध्यमिक विद्यालय में समापन हुआ। समापन समारोह में मार्गदर्शक के रूप में 1008 महंत रामशरणदास महाराज करोडी ध्वज आश्रम अनादरा व महंत राजभारतीजी महाराज के प्रतिनिधि संत हरि ओम भारतीजी महाराज वीजाण माता आश्रम, मुख्य अतिथि झालाराम पुरोहित व्यवसायी व समाजसेवी, अध्यक्ष अशोक चौधरी जिला खेल अधिकारी सिरोही, विशिष्ट अतिथि के रूप में देवाराम देवासी व्यवसायी व सरपंच प्रतिनिधि, तुलसीराम माली, रतनलाल पुरोहित एवम् क्कश्वश्वह्व व पर्यवेक्षक अशोक सिंह देवडा मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों ने विजेता, उपविजेता व सांत्वना पुरस्कार टीमों, दल प्रभारियों व निर्णायक मंडल से परिचय किया गया। माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर एवम् विद्यालय के छात्र गौतम रावल ने विजयी शंखनाद कर प्रारम्भ किया। विद्यालय की छात्राओं ने रणछोड रंगीला गीत पर देवी एण्ड पार्टी ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। विद्यालय की संचालिका दीपा राजगुरु ने बताया कि इस चार दिवसीय खेलकुद प्रतियोगिता में तीरंदाजी व जिम्नास्ट की कुल 24 टीमों ने भाग लिया। जिसमें जिम्नास्टिक छात्र वर्ग में एवं छात्रा वर्ग में विजेता रा.उ. प्रा.वि. अणगौर एवं रा.उ. मा. वि. ठण्डीवेरी रहे। वहीं निम्नास्टिक में सर्वश्रेष्ठ जिम्नास्ट छात्र व छात्रा वर्ग में शिवराज सिंह, अणगौर व टिंकल कुमारी, ठण्डीवेरी रहे। तीरंदाजी प्रतियोगिता में इंडियन राउंड में छात्र वर्ग में प्रथम रा.उ.प्रा.वि. बडेची तो छात्रा वर्ग में प्रथम रा.उ.प्रा.वि. केरला पादर टीम रही। तीरंदाजी फीटा राउण्ड में छात्र वर्ग में प्रथम स्थान पर रा.उ.मा.वि वासा की टीम रही। सभी विजेता,उपविजेता व सांत्वना पुरस्कार प्राप्त प्रतियोगियों को शील्ड, स्मृति चिन्ह व मेरीट प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किए।

### पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग

**सायला**, (निसं)। पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन राजस्थान इकाई सायला द्वारा बुधवार को अंशदायी पेंशन योजना (यूपीएस/एनपीएस) के बजाय पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी सूरजभान बिश्नोई को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि गत दिनों केंद्रीय कैबिनेट द्वारा एक नई पेंशन योजना (यूनिफाइड पेंशन स्कीम) को पारित किया गया है जो सी.सी. (पेंशन) नियम 1972 के तहत नहीं है बल्कि एनपीएस की तरह एक फंड पोषित और अंशदान आधारित योजना है। सरकारी नोकरी का असली आकर्षण बु?ापे में सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन नियम से मिलने वाली सुपरिभाषित पुरानी पेंशन योजना है। देशभर के 90 प्रतिशत कर्मचारी यूपीएस/एनपीएस जैसी योजनाओं से सहमत नहीं है और वो पूरे सेवाकाल में अपने बढापे में आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा को लेकर चिंतित रहेगा। इसके अलावा एक तथ्य ये भी है कि यूपीएस योजना से देश के लगभग एक करोड कर्मचारियों का पूर्व में ही प्रतिमाह 28.5 प्रतिशत निवेश से देश के खजाने पर भारी आर्थिक बोझ आएगा जबकि ओपीएस पूर्व की तरह एक धारा में चलने वाली राज्य खजाने के लिए किफायती योजना है। यूपीएस और ओपीएस स्कीम पर फिर से मंथन किया जाना चाहिए और ये जानना चाहिए कि वर्तमान में कर्मचारी और देशहित में कौनसी योजना अच्छी है। देशभर के लाखो लाख कर्मचारी जब यूपीएस जैसी स्कीम से असहमत है तो इसे तुरंत वापिस लिया जाना चाहिए और ओपीएस को लागू करना चाहिए। अन्यथा कर्मचारियों में भारी असंतोष उत्पन्न होगा। जो न राज्य हित में है और न कर्मचारी हित में है। ज्ञापन में पूरे देश में ओपीएस योजना लागू करने की मांग की है। इस दौरान लुम्बाराम चौधरी, सुरेशचन्द्र बेनीवाल, अमराराम चौधरी, दुर्गसिंह, तिलोकाराम, घनश्याम सेन, ओमप्रकाश, भीखाराम समेत कर्मचारी मौजूद थे।

### शिक्षक संघ (रा.) का चुनाव कार्यक्रम

**जालोर**, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जालौर जिले के विभिन्न उप शाखाओं का चुनाव कार्यक्रम चुनाव विज्ञप्ति जारी कर घोषित की गई है। शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जालौर जिले के चुनाव अधिकारी एवं पाली मंडल के संभाग संगठन मंत्री सतीश शर्मा ने बताया कि जालोर उप शाखा के चुनाव आदर्श विद्या मंदिर भीनमाल रोड जालौर में 13 सितंबर को चुनाव अधिकारी कपूर सिंह राजपुरोहित एवं ललित ओझा के पर्यवेक्षण में, उप शाखा भीनमाल के चुनाव 15 नवंबर को कचहरी रोड भीनमाल में चुनाव अधिकारी राम शर्मा एवं पर्यवेक्षक विक्रम सिंह, 16 नवंबर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आहोर में चुनाव अधिकारी नथाराम भाटी एवं पर्यवेक्षक नरेंद्र कुमार बोहरा , उपशाखा जसवंतपुरा के चुनाव 16 नवंबर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जसवंतपुरा में चुनाव अधिकारी विजय सिंह एवं पर्यवेक्षक किशोर सिंह सिसोदिया तथा उप शाखा सायला के चुनाव 22 नवंबर को विवेकानंद विद्या मंदिर सायला में चुनाव अधिकारी रामकरण चारण एवं पर्यवेक्षक बाबूलाल सेन के निर्देशन में आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि शिक्षक संघ राष्ट्रीय के विधान के अनुसार उपशाखा अध्यक्ष, मंत्री ,महिला मंत्री, जिला महासमिति सदस्य ,प्रदेश महासमिति सदस्य एवं ब्लाक कार्यकारिणी के पदों पर निर्वाचन होगा।

### अनुज्ञाधारियों के साथ बैठक आयोजित

**बालोतरा**, (निसं)। जिला आबकारी अधिकारी बाडमेर के निर्देशन में आबकारी विभाग एवं बालोतरा जिले के अनुज्ञाधारीयों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। आबकारी निरीक्षक वीणा वैष्णव ने बताया कि बैठक में जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशो से अवगत करवाते हुए अपनी मासिक एवं बकाया गांरटी को समय पर पूरा करने एंव मदिरा दुकानों को समय पर खोलने एंव बंद करने हेतु निर्देश दिये गये। बकाया गांरटी को समय पर पूरा नहीं करने पर तथा समयावधि का उल्लघंन करने पर विभागीय नियमानुसार कार्यवाही से अवगत करवाते हुए निर्देशित किया गया तथा अनुज्ञाधारीयों के द्वारा गांरटी उठाव में आ रही समस्या को सुना गया। उन्होंने बताया कि राजस्व अर्जन हेतु वित्तीय वर्ष 2024-2025 माह अप्रेल 2024 से सितम्बर 2024 तक में निर्धारित राजस्व लक्ष्य 108.44 करोड के विरूद्ध 10 सितंबर तक कुल 82.51 करो? राजस्व की प्राप्ति हुई है। जो कुल राजस्व का 76.09 प्रतिशत है। अभियोग कार्य अवैध शराब के परिवहन, संग्रहण तथा उत्पादन पर प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही व मदिरा दुकानो के नियमानुसार संचालन हेतू आबकारी विभाग द्वारा चलाये जा रहे अभियानों के तहत आबकारी विभाग ने 01 अप्रेल से 10 सितंबर तक कुल 43 अभियोग (03 विशेष प्रतिवेदन श्रेणी, 35 सामान्य श्रेणी व 5 बी.एल.सी. श्रेणी) राजस्थान आबकारी अधिनियम 1950 की धारा 16/54,19/54,54ए,58 सी के तहत अभियोग पंजीकृत किये गये।

# ठोस व तरल कचरा प्रबंधन सुनिश्चित करें : डॉ. गवांडे


जालोर के कलैक्ट्रेट सभागार में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गवांडे की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गवांडे की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गवांडे ने ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के कार्यों की प्रगति के संबंध में समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नरेगा के तहत व्यक्तिगत कार्यों तथा अमृत सरोवर के कार्यों को लक्ष्यानुरूप नियत समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने ब्लॉकवार विकास अधिकारियों से चर्चा कर कार्यो के बारे में जानकारी ली तथा विकास अधिकारियों को ग्राम पंचायतवार आधार सीडिंग की समीक्षा कर लक्ष्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जिले में नरेगा के तहत प्रति परिवार उपलब्ध करवाये जा रहे रोजगार की स्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए रोजगार दिवस सृजन की स्थिति सुधारने के साथ ही नरेगा मजदूरी का समय पर भुगतान किये जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने नरेगा के तहत श्रमिकों को अधिकतम रोजगार मुहैया करवाने के साथ ही मनरेगा कार्य पूर्ण होने पर उसकी जियो टैगिंग करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत समितियों के पदस्थापित विकास अधिकारियों को कार्यों का विभाजन कर लक्ष्यानुरूप प्रगति अर्जित करने के साथ ही प्रगतिरत कार्यों का नियमित निरीक्षण किये जाने की बात कही। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना में लक्ष्यानुरूप स्वीकृत आवास, किस्त स्वीकृति व निर्माणाधीन आवासों की प्रगति देखते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना व विधायक कोष के तहत पूर्ण व प्रगतिरत विकास कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिए।

जिला कलैक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्कूलों में नवीन शौचालयों के निर्माण को लेकर प्रस्ताव भिजवाने के साथ ही स्वीकृति उपरांत शीघ्र निर्माण करवाने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों के निर्माण को लेकर विकास अधिकारियों से जानकारी लेते हुए विभागवार पेंडेंसी देखते हुए नियत समय में कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने व्यक्तिगत कार्य श्रेणी में स्वीकृत कार्यों की प्रगति को लेकर आहोर व जालोर पंचायत समिति के विकास अधिकारियों को प्रदर्शन सुधारने के लिए निर्देशित किया।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गवांडे ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए ग्राम स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग तथा प्रबंधन सुनिश्चित करें तथा ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर ग्रामों को स्वच्छ बनाने की दिशा में प्रयास किये जावें। उन्होंने सामुदायिक शौचालयों के सुचारू संचालन के साथ ही पानी की उपलब्धता व सफाई व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों को मॉडल ग्राम पंचायतों का निरीक्षण कर विभागीय योजनाओं के तहत संचालित कार्यों की प्रगति की मौका रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वामित्व योजना के तहत किये गये ड्रोन सर्वे की ब्लॉकवार रिपोर्ट तथा शेष रहे ग्रामों में कार्यों की प्रगति देखी।

इस अवसर पर जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदम्बरा परमार, वाटरशेड के अधीक्षण अभियंता अरूण आमेटा लेखाधिकारी हमीराराम मेघवाल, अधिशासी अभियंता सोहम शर्मा व कुलवंत कालमा सहित जिले के समस्त विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# वित्तीय साक्षरता से संबंधित कार्यशाला का समापन


जालोर में वित्तीय साक्षरता समूह स्त्रोत व्यक्ति आवासीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। फोटो राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के सहायक महाप्रबंधक, जयपुर मनीष मंडल की अध्यक्षता व अग्रणी बैंक अधिकारी रमेश कुमार के विशिष्ट आतिथ्य में स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के द्वारा आयोजित व राजीविका द्वारा प्रायोजित वित्तीय साक्षरता समूह स्त्रोत व्यक्ति 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का समापन संपन्न हुआ।

वरिष्ठ अनुदेशक योगेश दवे ने बताया कि पाली व सिरोही जिले की 31 महिलाए जो कि स्वयं सहायता समूह से जुडी थी 6 दिवसीय प्रशिक्षण मैं भाग लेकर सफलतापूर्वक पूर्ण किया। उन्हें अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र व टूलकिट वितरण किया गया। मनीष मंडल द्वारा अपने गांव के क्षेत्र में जाकर रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशन में वित्तीय साक्षरता कैंप लगाकर ग्रामीणों को जागरूक करने का आव्हान किया। गांव के प्रत्येक नागरिक को बैंक से जोड़ने व बैंक की विभिन्न योजनाओं से लाभ लेने के लिए मार्गदर्शन किया। रमेश कुमार ने अपना स्वरोजगार स्थापित करने के लिए बैंक की विभिन्न ऋण योजना की जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर गोपाल सिंह राठौड़ द्वारा बैंक से जुडी बीमा योजना की जानकारी देते हुए प्रत्येक नागरिक को आयु सीमा के अनुसार बीमा करने की जानकारी दी तथा उसका लाभ बताए। पाली से डीएम एफआई राज किशोर सिरोही से डीएम एफआई कार्तिक ने राजीविका संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी व सक्षम एप्लीकेशन पर गतिविधियों को अपलोड करने के बारे में बताया। सफल प्रशिक्षणथियो को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं अतिथियों द्वारा दी गई।

कार्यक्रम में अनुदेशक अजय रावत कार्यालय सहायक फुलाराम सहित अन्य उपस्थित थे।

## कई स्थानों से वाहन चोरी

**जोधपुर** , (कासं)। शहर में वाहन चोरों ने अलग अलग स्थानों से आधा दर्जन से ज्यादा गाड़ियों को चुराया है। संबंधित थाना पुलिस वाहन चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

सरदारपुरा थाने में मेघवालों का बास रामड़ावास निवासी दुर्गाराम पुत्र धोकलराम मेघवाल ने पुलिस को बताया कि रात्रि के समय अज्ञात व्यक्ति गुलाब भवन चौपासनी रोड के बाहर खड़ी की उसकी बाइक को चुराकर ले गया। इसी तरह कुड़ी भगतासनी थाने में दी गई रिपोर्ट में मूलतः बीकानेर और हाल शंकर नगर में किराए के मकान में रहने वाले आशीष पुत्र रामरतन जाट ने बताया कि 9 सितम्बर को वह मोती मार्केट झालामंड आया था जहां से उसकी बाइक चोरी हो गई।

इसी तरह देवनगर थाने में दी रिपोर्ट में श्रमिक मसूरिया निवासी अमित ओड पुत्र जगदीश ओड ने पुलिस को बताया कि रोटरी स्कूल के सामने बाबा रामदेव रोड मसूरिया से उसकी बाइक चोरी हो गई। जबकि बासनी थाने में दी रिपोर्ट में सांगरिया फांटा दिप्ती नगर निवासी चंदन भाटी पुत्र जेठाराम घांची ने पुलिस को बताया कि 9 सितम्बर की रात्रि के समय घर के बाहर खड़ी की उसकी बाइक को अज्ञात वाहन चोर चुराकर ले गया।

वहीं रातानाडा पुलिस ने बताया कि विजय चौक नागौरी गेट निवासी मयंक अमिताभ गहलोत की बाइक गंदे नाले के पास से चोरी हो गई।

लूणी पुलिस के अनुसार सिरोही के मंडार थानान्तर्गत मालपुरा निवासी जितेन्द्र पुत्र रामाराम चौधरी ने पुलिस को बताया कि वह शिकारपुरा आया था। जहां से उसकी बाइक कोई चुरा ले गया।

## द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 से

**जोधपुर**, (कासं)। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर एवं जोधपुर, फलोदी, पाली, जालोर, सांचौर, बाड़मेर, बालोतरा और जैसलमेर के सबद्ध महाविद्यालयों के स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 सितबर से शुरू हो रही हैं।

परीक्षा में नियमित और स्वयंपाठी दोनों ही विद्यार्थी बैठेंगे। एमएससी और एमए द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 18 सितबर और एमकॉम द्वितीय सेस्टर की परीक्षा 24 सितबर से शुरू होगी। एमपीएड द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 23 सितबर से शुरू होंगी।

## अवैध डोडा पोस्त व शराब बरामद

**जोधपुर**, (का.सं.)। कमिश्ररेट पुलिस ने मंगलवार की शाम को अभियान चलाते हुए मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों को पकड़ा। इसमें पुलिस ने अवैध डोडा पोस्त के साथ शराब को जब्त किया।

बनाड़ थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर त्रिलोकदान ने बनाड़ सरकारी अस्पताल के सामने अवैध रूप से डोडा पोस्त बेच रहे महिराम पुत्र बुधाराम विशअनोई निवासी विश्नोईयान की ढाणी बनाड़ को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 किलो 127 ग्राम डोडा पोस्त जब्त किया। विवेक विहार थाने के एएसआई सुखदास ने हेलीपेड चौराहा के पास अवैध रूप से शराब बेच रहे अभिषेक सिंह पुतत्र जबर सिंह को गिरफ्तार कर बेचने को रखी अवैध शराब जब्त की। रातानाड़ा थाने के एएसआई जेठाराम ने वाल्मिकी बस्ती रातानाडा में अवैध रूप से शराब बेच रही सुमन को पकड़ा। एयरपोर्ट थाने के एसआई पूर्णसिंह ने सांसी कॉलोनी रातानाडा में हथकढ़ शराब के साथ सीता सांसी को पकड़ा।

# जिला कलैक्टर ने नरसाणा ग्राम में रात्रि चौपाल लगाई

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गवांडे ने मंगलवार को नरसाणा ग्राम में रात्रि चौपाल कर उपस्थित ग्रामवासियों की समस्याओं को सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण किया।

रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गवांडे के समक्ष ग्रामीणों ने पेयजल पाइप लाईन दुरस्त करवाने, ग्रेवल सड़क निर्माण, अतिक्रमण हटवाने, पशु चित्सालय में स्टाफ लगवाने, पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ दिलवाने सहित विभिन्न परिवाद प्रस्तुत किए जिनको जिला कलक्टर ने गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण किया।

जिला कलैक्टर ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत आवेदन की प्रक्रिया, कौशल उन्नयन व आवेदन की विभिन्न 18 श्रेणियों के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देकर योजना का लाभ लेने की बात कही। रात्रि चौपाल के दौरान विभागीय अधिकारियों ने प्रधानमंत्री मातृत्व योजना, जननी सुरक्षा योजना, सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत ईकेवाईसी करवाने, ताराबंदी योजना एवं षि यंत्रों पर देय अनुदान सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी। पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को पशुओं की बीमारी से सुरक्षा व टीकाकरण के संबंध में जानकारी दी।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलैक्टर शिवचरण मीना, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी, जालोर तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी, नरसाणा सरपंच जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिक्षण अभियंता आर.सी.मीना, सीएमएचओ डॉ. रमाशंकर भारती, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक राजीव सुथार, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक दुर्गासिंह उदावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व बड़ी संख्या ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### श्रमिक की मौत, हत्या की आशंका जताई

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर के गंगाना क्षेत्र में एक श्रमिक की मौत का मामला सामने आया है। घटना बुधवार दोपहर की है। सूचना मिलने के बाद बोरानाडा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। इसके बाद शव को मॉर्च्युरी पहुंचाया है। श्रमिक की मौत के मामले में परिजनों ने उसके साथियों पर मारपीट व हत्या का आरोप लगाया है। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद एसीपी नरेंद्र सिंह देवड़ा व बोरानाड़ा थानाधिकारी शकील अहमद भी मौके पर पहुंचे। बोरानाडा थानाधिकारी शकील अहमद ने बताया कि बुधवार को थाना क्षेत्र के गंगाना क्षेत्र में एक युवक की मौत होने की सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची थी। मृतक की पहचान गंगाना निवासी नजीर खान पुत्र सुल्तान खान के रूप में हुई है। मृतक पेशे से मजदूरी करता था। बुधवार को वह अपने साथियों के साथ गंगाना में ही शराब पार्टी कर रहा था। उन्होंने बताया कि जांच में मौत का कारण शराब के नशे में नीचे गिरने का सामने आ रहा है। मृतक के शरीर पर किसी भी प्रकार की चोट के निशान नहीं है। हालांकि शव का पोस्टमॉर्टम होने के बाद ही उसकी मौत के सही कारण सामने आएंगे। मृतक के परिवार के लोगों ने उसके साथ शराब पीने वाले लोगों द्वारा मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस इस एंगल से ही जांच कर रही है।

### सबरंग साहित्य परिषद् की गोष्ठी हुई

**जोधपुर** , (कासं)। पर्यावरण संरक्षण के निमित्त आयोजित संगीतमय काव्य गोष्ठी का आगाज "नवोदय सबरंग साहित्य परिषद" के बैनर तले संस्था के अध्यक्ष एन. के. मेहता के सानिध्य में किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में बीकानेर कीी राजस्थानी और हिंदी की जानी मानी कवियत्री मोनिका गौड़ का अध्यक्ष एन.के. मेहता ने शॉल एवं अनुराधा अडवाणी ने पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर श्रीमती गौड़ ने अपनी कुछ चुनींदा रचनाओं का पाठ भी किया। नगर के लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक कवि, गायक, शायर, कवियत्री एवं साहित्यिक मिज़ाज के रचनाकारों ने उक्त कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर शिरकत की। जिनमें प्रमुख रुप से अशफाक अहमद फौजदार, जाने माने गायक और गज़लकार कर्नल सुरेश श्रीमाली, नामचीन कवि श्याम गुप्ता शान्त, एडवोकेट एवं दिग्गज कवि एन.डी. निंबावत सागर, डॉ. एम. के जैन, हंसराज हंसा, रजा मोहम्मद खान, ग़ज़ल सम्राट अर्जुन सांखला, वीरेंद्र पुरी, राजेन्द्र शाह राजन, जे. के. महेश्वरी, एन.के. कोठारी प्रमुख थे। महिला कवियत्रियों में राखी पुरोहित ने अपनी दिलकश कविताओं से एक अलग ही शमां बांध दिया।

### गंदे पानी से परेशान लोगों ने रोका रास्ता

**जोधपुर** , (कासं)। भीतरी शहर नवचौकिया में रहने वाले लोग सीवर लाइन से बह रहे गंदे पानी को लेकर परेशान हो गए है। पानी में मजबूरी में निकलते रहने से उनके पैरों में अब छाले पडऩे शुरू हो गए है। गंदे पानी को लेकर लोगों ने आज सुबह क्षेत्र में रास्ता जाम कर प्रदर्शन किया। नगर निगम और पार्षदों द्वारा कोई सुनवाई नहीं होने पर क्षेत्रवासी सडक़ पर उतर आए। सूचना पर पुलिस भी वहां पहुंची। क्षेत्र के लोगों का कहना है किनवचौकिया-आड़ा बाजार मोड़ तक और इससे आगे खांडाफलसा तक करीब एक डेढ़ माह से गंदे पानी की निकासी अवरूद्ध होने के कारण शहर की सडक़ों पर चौबीस घंटे गंदा पानी बह रहा है। इस व्यवस्था को सुधारने के लिये क्षेत्रवासियों ने संबंधित नगर निगम के अधिकारियों और पार्षदों को भी कई बार आगाह किया लेकिन उनके कानों पर जूं नहीं रेंग रही है। लगातार बह रहे गंदे पानी के कारण जहां पर सडक़े क्षितठास्त होने से रोजाना वाहन चालकों के गिरकर घायल होने की संख्या में इजाफा हो रहा है तो इसी क्षेत्र में शहर के प्राचीन मंदिरों में सुबह सवेरे और शाम को पैदल जाने वाले श्रद्धालुओं को भी नहा धोकर जाने पर भी गंदगी से रूबरू होना पड़ा है।

### जल संसाधन मंत्री ने बैठक ली

**जोधपुर**, (कासं)। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत की अध्यक्षता में बुधवार को सर्किट हाउस में जल संसाधन विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। रावत ने बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन सहित विभागीय परियोजनाओं की समीक्षा कर अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। जल संसाधन मंत्री रावत ने कहा कि बजट घोषणाओं सहित सभी परियोजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन और प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।उन्होंने विभागीय अधिकारियों को बेहतर गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में सेई नदी पर बांध निर्माण कार्य,सालगांव बांध निर्माण, बिलिया आरडब्लूआर एवं बतीसा नाला एमआईपी, राजीकावास बांध परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा हुई। साथ ही जंवाई बांध से जोधपुर फीडर नहर जीर्णोद्धार, जोजड़ी नदी पुनरुद्धार की डीपीआर,गुढ़ामालानी नहरी तंत्र के सुदृढ़ीकरण,अरणियाली लिफ्ट माइनर एवं फूटिया बांध जीर्णोधार सहित बजट घोषणाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा हुई।

### केशरिया कंवरजी मन्दिर पर उत्सव आज

**जोधपुर** , (कासं)। श्री केशरिया कंवरजी महाराज का उत्सव 12 सितंबर, गुरुवार को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। मन्दिर पर सुबह सुबह 7:30 फूलमण्डली की जाएगी। उसके बाद 8:00 बजे महाआरती होगी। 12:00 बजे से लेकर 2:00 बजे तक किर्तन का कार्यक्रम रहेगा। दोपहर 2:00 बजे शोभायात्रा यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए जालोरी गेट भीतर स्थित केशरिया कंवरजी महाराज के धाम जाएगी। इसमें महिलाओं सहित अनेक भक्तजन शामिल होंगे। शाम 5 बजे महाप्रसादी का शुभारंभ होगा जो 8 बजे तक जारी रहेगी। रात्रि 8:30 बजे विशाल भजन संध्या शुरू होगी, जिसमें जाने माने कलाकार दिनेश वैष्णव,नरेंद्र कुमावत, दीपक जोशी एंड पार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुत दी जाएगी। कार्यक्रम में सूरसागर बड़ा रामद्वारा के गादीपति रामप्रसाद महाराज तथा चांदपोल बड़ा रामद्वारा के संत हरिराम तथा मुरली महाराज का सानिध्य प्राप्त होगा।

# मोबाइल वैन से विधिक सेवाओं का प्रचार हो रहा



जालोर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सैशन न्यायाधीश हारून ने विधिक मोबाइल वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संचालित मोबाइल वाहन बुधवार को जालोर न्याय क्षेत्र में पहुंचा।

इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर गांवों में प्रचार प्रसार के लिए रवाना किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने बताया कि यह वाहन जालोर न्याय क्षेत्र में 21 सितंबर तक रहेगा। उन्होंने बताया कि बुधवार को वाहन बिशनगढ़, बालवाडा सहित आस पास के गांवों में जाकर विधिक सेवा कार्यक्रमों एवं योजनाओं का प्रचार प्रसार किया। उन्होंने बताया कि वाहन द्वारा तालुका विधिक सेवा समिति भीनमाल, रानीवाडा व सांचौर के विभिन्न गांवों में जाकर विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं व कार्यक्रमों का प्रचार किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के पंपलेट्स भी वितरित किए जाएंगे। बुधवार को वाहन के रवाना करने के दौरान अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश महेश कुमार, प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण कुमार के अलावा कई अधिवक्ता मौजूद रहे।



इंग्लैंड की टीम ने अच्छे दौर के बाद आत्मसंतुष्ट हो जाने की आदत बना ली है। ये हार टीम के लिए एक चेतावनी होगी, जो कठिन चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार है। इंग्लैंड ने टेस्ट क्रिकेट का अपमान किया है। **- माइकल वॉन**

**इंग्लैंड के पूर्व कप्तान, श्रीलंका से मिली हार पर टीम की आलोचना की।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ **युजवेंद्र चहल**



**भारत** के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने इंग्लिश काउंटी चैम्पियनशिप के डिवीजन दो मैच में डर्बीशर के खिलाफ नॉर्थम्पटनशर के लिए 45 रन देकर पांच विकेट लिए। भारत के सीमित ओवर प्रारूप के विशेषज्ञ गेंदबाज ने इस दौरान प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपने 100 विकेट पूरे कर लिए हैं। चहल ने तीसरी बार प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पांच विकेट चटकाये हैं। वहीं चहल के लिए काउंटी क्रिकेट का यह सत्र शानदार रहा है। युजवेंद्र चहल ने पिछले महीने वनडे कप में केंट के खिलाफ 14 रन देकर पांच विकेट लिये थे।

**क्या आप जानते हैं ?...** ऑस्ट्रेलिया के खब्बू स्पिनर फ्लीटवुड स्मिथ ने इंग्लैंड के विरुद्ध 1938 में 37 ओवर में 298 रन पर एक विकेट लिया था। ये आज तक एक टेस्ट पारी में किसी भी गेंदबाज द्वारा दिए गये सबसे ज्यादा रन हैं।

# राजकुमार की हैट्रिक, भारत ने मलेशिया को 8-1 से रौंदा

## सेमीफाइनल में पहुंचा भारत, तीन मैचों में नौ अंकों के साथ अंकतालिका में शीर्ष पर आया भारत

मोकी (चीन), 11 सितंबर। राजकुमार पाल की हैट्रिक की मदद से भारत ने बुधवार को यहां चीन में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के अपने तीसरे मैच में मलेशिया को 8-1 के अंतर से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारत ने सेमिफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।

राजकुमार पाल (3, 25, 33) के अलावा अरिजीत सिंह हुंदल (6,39) जुगराज सिंह (7), कैप्टन हरमनप्रीत सिंह (22) और उत्तम सिंह (40) ने भी भारत के लिए गोल किये।इस जीत के साथ भारत ने तीन मैचों में नौ अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी बढ़त मजबूत कर ली है। मलेशिया के लिए एकमात्र गोल अखिमुल्लाह अनुआर (34) ने किया।

लगातार दो जीत के बाद उत्साह से लबरेज भारत ने खेल की आक्रामक शुरुआत की। उन्होंने कुछ ही समय में मलेशिया को बैकफुट पर ला दिया और मैच के शुरुआती सात मिनट में ही तीन गोल दाग दिए। पहला गोल राजकुमार पाल (3) ने किया, जबकि दूसरा गोल अरजीत सिंह हुंदल (6) ने किया, जिन्होंने मलेशियाई गोलकीपर के बाएं कंधे को पार करते हुए सुदूर पोस्ट से शीर्ष कॉर्नर पाया, जबकि तीसरा गोल पेनल्टी कॉर्नर रूटीन के दौरान जुगराज सिंह के शक्तिशाली ड्रैग-फ्लिक के माध्यम से आया।



मलेशिया को संभलने में समय लगा। मलेशिया को 18वें मिनट में मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन बार के नीचे मौजूद सूरज कारकेरा ने आसान बचाव किया। भारत ने तुरंत पलटवार किया और एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन मलेशियाई फर्स्ट रशर ने खतरे को टाल दिया।

भारत ने मलेशियाई हाफ में आक्रामक हमले जारी रखे। उन्हें कई पेनल्टी कॉर्नर मिले, जिनमें से आखिरी कॉर्नर को कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने गोल में बदला, जिससे स्कोर 4-0 हो गया। 25वें मिनट में राजकुमार ने सर्कल के अंदर उत्तम सिंह द्वारा लिए गए शॉट के बाद मलेशियाई गोलकीपर के रिबाउंड पर नेट के पीछे जाकर दूसरा गोल अपने नाम किया। पहले हाफ का अंत 5-0 की शानदार बढ़त के साथ हुआ। तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम ने लगातार हमलों के जरिए खेल पर नियंत्रण बनाए रखा। राजकुमार ने मलेशियाई गोलकीपर एड्रियन के रिबाउंड पर गोल करके अपनी हैट्रिक पूरी की, जिन्होंने ओपन प्ले में विवेक सागर प्रसाद के शुरुआती शॉट को रोक दिया था।

इस बीच, मलेशिया भारत के घेरे में घुस गया और अगले मिनट में अखिमुल्ला अनुआर (34) ने गोल कर दिया। हालाँकि, भारत ने अपनी संख्या में दो और गोल जोड़ लिए क्योंकि हुंदल ने 39वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया, जबकि उत्तम ने 40वें मिनट में एक पेनल्टी कॉर्नर रूटीन के बाद गेंद को गोल में डाल दिया, जिससे तीसरा क्वार्टर 8- के विशाल स्कोर के साथ समाप्त हुआ। भारत टूर्नामेंट के अपने चौथे मैच में गुरुवार को 1315 पर कोरिया से भिड़ेगा।

## वडोदरा के इंद्रजीत ने 43 किमी. की लद्धाख मैराथन को किया पूरा

वडोदरा, 11 सितंबर। पश्चिम रेलवे में गुजरात के वडोदरा मण्डल के इन्द्रजीत कौशिक ने लद्दाख में 43 किलोमीटर की लद्दाख मैराथन को सफलता पूर्वक पूरा किया है। वरिष्ठ जन संपर्क अधिकारी ने बुधवार को बताया कि वरिष्ठ मंडल इंजीनियर कौशिक ने आठ सितंबर को आयोजित हुई चुनौतीपूर्ण लद्दाख फुल मैराथन 2024 में भाग लिया। उन्होंने 42.195 किमी की लद्धाख फुल मैराथन वाली इस चुनौतीपूर्ण दौड़ को पांच घंटे और 29 मिनट में पूरा किया। उन्होंने बताया कि यह दौड़ एनडीएस मेमोरियल स्टेडियम जो कि 11155 फीट की ऊँचाई पर है से शुरू हुई, जो नीचे की ओर सुंदर लुभावने परिदृश स्मारकों सिंधु नदी , चोगलमसार पुल, चिचोर इमामबाड़ा , चिचोर गोंपा, स्थाकना मठ , ठिकसे मठ, व शा पैलेस होते हुए वापस स्टेडियम पंहुची। यह दौड़ दुनिया की सबसे कठिन पैदल दौड़ में से है जो पूरी तरह से धावक के स्वास्थ पर एवं उस प्रतिकूल मौसम में उसके अभ्यास पर निर्भर करती है। वडोदरा मण्डल के डीआरएम जीतेन्द्र सिंह व वरिष्ठ साथी अधिकारियों ने गर्मजोशी से श्री कौशिक का स्वागत करते हुए इसे एक उपलब्धि बताया व भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी।

## 18 वर्ष से कम उम्र वाले महिला टी-20 विश्व कप का मुफ्त में लेंगे मजा

दुबई, 11 सितम्बर। तीन अक्टूबर से शुरु होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्वकप लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को किफायती मूल्य वाले टिकटों की घोषणा की। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने तीन से 20 अक्टूबर तक चलने वाले टूर्नामेंट में पांच दिरहम से शुरू होने वाले टिकटों और 18 वर्ष से कम उम्र के लोगों के लिए मुफ्त प्रवेश की घोषणा की। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) बोर्ड के सदस्य ज़ैद अब्बास के साथ एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा यह प्रभावी रूप से सभी 10 टीमों के लिए घरेलू विश्व कप है और खिलाड़ी उत्साही प्रशंसकों के समर्थन का आनंद ले सकते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, मुझे आज यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि टिकट केवल पांच दिरहम से उपलब्ध होंगे और 18 वर्ष से कम आयु वालों के लिए टिकट निःशुल्क होंगे। उन्होने कहा हम आयोजन की विरासत पर ईसीबी और दुबई स्पोर्ट्स काउंसिल के साथ भी काम करेंगे। हम 500 से अधिक लड़कियों को खेल में शामिल होने और क्रिकेट का पहला मजेदार अनुभव देने का मौका देने के लिए क्रियो फेस्टिवल आयोजित करेंगे। एलार्डिस ने प्रतिष्ठित बुर्ज खलीफा में टूर्नामेंट पर एक शानदार लेजर शो का एक वीडियो भी जारी किया। ईसीबी बोर्ड के सदस्य ज़ैद अब्बास ने कहा कि वे आईसीसी और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हैं। तीन से 20 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले 10-टीम टूर्नामेंट में 23 मैचों के बाद एक चैंपियन टीम उभर कर सामने आएगी। 20 लीग मैच दुबई और शारजाह के बीच विभाजित होंगे और सेमीफाइनल 17 अक्टूबर को दुबई में और 18 अक्टूबर को शारजाह में होंगे। फाइनल दुबई में खेला जाएगा। ग्रुप ए में छह बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के साथ भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं, जबकि ग्रुप बी में बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और स्कॉटलैंड शामिल हैं।

## रोहित शर्मा के टेस्ट करियर का सबसे खराब औसत बांग्लादेश के खिलाफ

### तीन पारियों में सिर्फ 33 रन ही बनाए



मुंबई, 11 सितम्बर। भारत और बांग्लादेश के बीच 19 सितंबर से दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। इसका पहला मुकाबला चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। दूसरा मैच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में होना है। वहीं इस सीरीज के लिए भारतीय टीम की कमान रोहित शर्मा के हाथों में होगी। जिन्होंने आखिरी टेस्ट मैच मार्च में इंग्लैंड के खिलाफ खेला था।बांग्लादेश टीम हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 से विजयी होकर आई है। बांग्लादेश ने पाकिस्तान को पहली बार उनकी ही जमीन पर टेस्ट सीरीज में मात दी है। जिससे बांग्लादेश टीम का आत्मविश्वास सातवें आसमान पर है। वहीं बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के लिए स्क्वॉड का ऐलान हो चुका है। इस सीरीज में कप्तान रोहित शर्मा पर सबकी नजरें होंगी। दरअसल, रोहित शर्मा का बल्ला बांग्लादेश के खिलाफ ज्यादातर शांत रहता है। रोहित इस टीम के खिलाफ एक भी शतकीय या अर्धशतकीय पारी नहीं खेल पाए हैं। जबकि उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 21 रन का रहा है। रोहित शर्मा ने बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट साल 2015 में खेला था। उन्होंने 3 मुकाबले खेले हैं और इसकी 3 पारियों में सिर्फ 33 रन ही बनाए हैं।

## कोकीन लेने के आरोप में ऑस्ट्रेलियाई हॉकी खिलाड़ी निलंबित

आस्ट्रेलिया, 11 सितम्बर। आस्ट्रेलिया के हॉकी खिलाड़ी टॉम क्रेग को पेरिस ओलिंपिक के दौरान कोकीन खरीदने की कोशिश के आरोप में हॉकी आस्ट्रेलिया ने बारह महीने के लिये निलंबित कर दिया है। क्रेग को सात अगस्त की रात पेरिस में कोकीन खरीदने की कोशिश में गिरफ्तार किया गया लेकिन बाद में छोड़ दिया गया था। फ्रांस के अभियोजकों ने बयान जारी करके पुष्टि की थी कि 29 वर्ष के ओलंपियन और तोक्यो ओलिंपिक के रजत पदक विजेता आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को आपराधिक चेतावनी देकर एक रात हिरासत में रखने के बाद छोड़ दिया गया। हॉकी आस्ट्रेलिया ने बुधवार को जारी बयान में कहा ," राष्ट्रीय पुरूष हॉकी टीम के खिलाड़ी टॉम क्रेग की पेरिस ओलिंपिक 2024 के दौरान गिरफ्तारी के मामले की जांच के बाद हॉकी आस्ट्रेलिया

## अविनाश साबले पहली बार डायमंड लीग फाइनल खेलेंगे

### 4 टॉप रैंक खिलाड़ियों के हटने से क्वालीफाई किया, 13 सितंबर को इवेंट होगा



नई दिल्ली, 11 सितम्बर। भारत के मिडिल डिस्टेंस रनर अविनाश साबले पहली बार डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेंगे। वे इस लीग के फाइनल में जगह बनाने वाले दूसरे भारतीय हैं। उनसे पहले नीरज चोपड़ा इस इवेंट में हिस्सा ले चुके हैं। 29 साल के अविनाश 3000 मीटर स्टीपलचेज इवेंट में भारतीय चुनौती पेश करेंगे। उनका इवेंट शुक्रवार, 13 सितंबर को होगा। साबले ने इस सीजन में डायमंड लीग के 5 में से 2 इवेंट में हिस्सा लिया है और टेबल में 3 अंक के साथ तालिका में 14वें स्थान पर थे। लेकिन, उनसे ज्यादा रैंकिंग वाले 4 एथलीट्स ने नाम वापस ले लिया। इससे साबले 12 खिलाड़ियों वाले फाइनल के लिए क्वालिफाई हो गए। स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज इस सीजन के फाइनल के लिए पहले ही क्वालिफाई कर चुके हैं। 2 दिनी डायमंड लीग फाइनल का आयोजन ब्रसेल्स में होने जा रहा है। इसे जीतने वाले एथलीट को प्रतिष्ठित डायमंड ट्रॉफी, 30,000 डॉलर की इनामी पुरस्कार राशि और वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप की वाइल्ड कार्ड एंट्री का कार्ड मिलता है। जबकि उपविजेता को 12,000 डॉलर और 8वें स्थान पर रहने वाले को 1000 अमेरिकी डॉलर मिलते हैं।

## दिलीप ट्रॉफी के दूसरे दौर में रिंकू और श्रेयस पर होंगी नजरें

नई दिल्ली, 11 सितम्बर। रिंकू सिंह समेत राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की अनदेखी के शिकार कुछ अनुभवी खिलाड़ियों पर सभी की नजरें होंगी जब गुरुवार से दलीप ट्रॉफी के दूसरे दौर के मुकाबले शुरू होंगे। बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई में 19 सितंबर से शुरू हो रहे पहले टेस्ट से पूर्व भारतीय टीम के खिलाड़ियों को आराम दिया गया है जिससे कई सितारे दूसरे दौर में नहीं खेल सकेंगे। सरफराज खान भारतीय टीम के अकेले सदस्य हैं जो इस घरेलू टूर्नामेंट के दूसरे दौर में दिखेंगे। शानदार प्रथम श्रेणी रिकॉर्ड के बावजूद पहले दौर में नहीं चुने गए रिंकू पर सभी की नजरें होंगी जो भारत के लिये टी20 क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करते आये हैं। शुभमन गिल के भारतीय टीम में जाने से मयंक अग्रवाल भारत ए टीम के कप्तान होंगे। आखिरी टेस्ट मार्च 2022 में खेलने वाले मयंक को राष्ट्रीय टीम में चयन का दावा फिर बुलंद करने के लिये बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा चोट के कारण पहले दौर में नहीं खेल सके थे। उन्हें भारत ए टीम में रखा गया है। भारत बी टीम में कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन को मोर्चे से अगुवाई करनी होगी जो पिछले सप्ताह बेंगलुरू में पहले दौर में फ्लॉप रहे थे। सरफराज के छोटे भाई मुशीर खान ने पहले दौर में 181 रन बनाकर भारत बी को भारत ए पर जीत दिलाई थी। अब बड़े भाई की नजरें भी बड़ी पारी खेलने पर होंगी। भारत बी टीम में वॉशिंगटन सुंदर भी हैं। वहीं पहले टेस्ट में आकाश दीप को तेज गेंदबाज मुकेश कुमार पर तरजीह दी गई जिसके बाद मुकेश भी अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे। भारत सी के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन और रूतुराज गायकवाड़ भी रन बनाकर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं का ध्यान खींचना चाहेंगे। भारत डी के कप्तान श्रेयस अय्यर टेस्ट टीम से बाहर किये जाने के बाद रन बनाकर अपनी उपयोगिता साबित करने की कोशिश करेंगे। इसी तरह देवदत्त पड्डिकल और संजू सैमसन भी अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने की फिराक में होंगे।

## चैम्पियंस ट्रॉफी की तैयारियों का जायजा लगी आईसीसी

कराची, 11 सितंबर। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का प्रतिनिधिमंडल चैंपियन्स ट्रॉफी की तैयारियों का जायजा लेने इसी महीने पाकिस्तान जायेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को उम्मीद है कि आईसीसी का प्रतिनिधिमंडल तैयारियों का जायजा लेने के साथ ही प्रतियोगिता के संभावित कार्यक्रम पर भी विचार विमर्श करेगा। पीसीबी के सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तानी क्रिकेट बोर्ड ने आईसीसी को संभावित कार्यक्रम भेजा था जिसमें उन्होंने भारतीय टीम को लाहौर में रखने का सुझाव दिया था। उम्मीद है कि चैंपियन्स ट्रॉफी में हिस्सा लेने वाले देशों के बोर्ड ने अब कार्यक्रम देख लिया होगा और इसे अंतिम रूप देने और घोषणा करने से पहले कुछ काम किए जाने की जरूरत है। आईसीसी प्रतिनिधिमंडल चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन स्थलों कराची, लाहौर और रावलपिंडी में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करेगा, साथ ही सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक करेगा और प्रसारण व्यवस्था, टीम होटल और यात्रा कार्यक्रमों की समीक्षा भी करेगा।

## महिला टी-20 विश्व कप में न्यूजीलैंड की संभावनायें प्रबल : मैकमिलन

वेलिंगटन, 11 सितंबर। न्यूजीलैंड के सहायक कोच क्रेग मैकमिलन का मानना है कि अगले महीने यूएई में होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में उनकी टीम की संभावनायें प्रबल हैं। न्यूजीलैंड ने मंगलवार को टी20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी।

टीम में युवा जोश् और अनुभव का संगम है। बेट्स और डिवाइन न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम में कितना अच्छा प्रदर्शन करते हैं, यह कीवी टीम की संभावनाओं के लिए महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि यह जोड़ी टूर्नामेंट की शुरुआत से ही टूर्नामेंट के हर संस्करण में शामिल रही है। यह जोड़ी दो बार न्यूजीलैंड (2009, 2010) के साथ प्रतियोगिता में उपविजेता



रही और अन्य दो मौकों (2012,2016) में सेमीफाइनल तक पहुंची और मैकमिलन उन्हें प्रतिष्ठित ट्रॉफी उठाते हुए देखने के अलावा और कुछ नहीं चाहेंगे। मैकमिलन ने कहा जब वे (डिवाइन और बेट्स) रिटायर हो जाएंगे, तो वे न्यूजीलैंड के लिए खेलने वाले दो सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बन जाएंगे। दोनो के लिये यह विश्वकप की ट्राफी उठाने का सुनहरा अवसर है।

मैकमिलन ने कहा मुझे हमारे पास मौजूद अनुभवी खिलाड़ियों से सीखने वाले युवाओं के साथ संतुलन पसंद है, लेकिन हमें जो चाहिए वह है कि हर कोई अपनी क्षमता के अनुसार अपना काम करे और अगर ऐसा होता है, तो आप कभी नहीं जान सकते कि विश्व कप के समय क्या हो सकता है। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि हमने सीखा है कि दुनिया की शीर्ष टीमों के साथ लगातार प्रतिस्पर्धा करने के लिए काम करना होगा और हमने हाल ही में इंग्लैंड के साथ खेला है, जो निश्चित रूप से उन टीमों में से एक है जो शीर्ष तीन (पसंदीदा) में हैं।

## पाकिस्तान दौरे के लिए इंग्लैंड की टेस्ट टीम में दो नये खिलाड़ी

लंदन, 10 सितंबर। इंग्लैंड ने सात अक्टूबर से पाकिस्तान के खिलाफ शुरु होने वाली तीन टेस्ट मैचों सीरीज के लिए दो अनकैप्ड खिलाड़ियों सहित 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। इंग्लैंड की टीम में पाकिस्तान दौरे के लिए हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरे बेन स्टोक्स और उंगली में फ्रैक्चर वाले सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली भी रिकवरी के बाद टीम में वापस आए हैं। ब्रायडन कार्स और जॉर्डन कॉक्स की अनकैप्ड जोड़ी भी इस टीम में शामिल है। वहीं श्रीलंका के खिलाफ अंतिम टेस्ट में पदार्पण करने वाले तेज गेंदबाज जोश हल को उनके पहले विदेशी दौरे के लिए बरकरार रखा गया है। स्पिन आक्रमण की जिम्मेदारी शोएब बशीर के साथ रेहान अहमद और जैक लीच पर होगी।

## पाकिस्तान ने जापान को 2-1 से हराया

मोकी (चीन), 11 सितंबर। पाकिस्तान ने बुधवार को जापान को 2-1 से हराकर हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी पहली जीत दर्ज की। चीन के हुलुन बुइर में मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस में खेले गये मैच में अहमद नदीम (10) और सुफियान खान (21) ने गोल किए जबकि जापान के लिए एकमात्र गोल रायकी फुजीशिमा (28) ने किया।

इस जीत के साथ, पाकिस्तान पूल स्टैंडिंग में शीर्ष पर भारत से पांच अंक पीछे दूसरे स्थान पर है। मलेशिया के खिलाफ 2-2 और कोरिया के खिलाफ 2-2 के ड्रा के साथ पाक अब तक टूर्नामेंट में अजेय रहा हैं, लेकिन खिताब की दौड़ में बने रहने के लिए उन्हें एक जीत की जरूरत थी।

स्ट्राइकिंग सर्कल में तीन शुरुआती आक्रमण करके पाकिस्तान के इरादे को प्रदर्शित किया, लेकिन जापानी गोलकीपर ताकुमी कितागावा के आगे उनकी नहीं चली। कुछ शुरुआती प्रयासों के बाद,



पाकिस्तान आखिरकार अहमद नदीम के शानदार फील्ड गोल किया।

दूसरे क्वार्टर में गति बरकरार रखते हुए 21वें मिनट में पेनाल्टी कार्नर हासिल कर पाक ने अपनी बढ़त 2-0 कर ली। मैच के 27वें मिनट में जापान को पेनाल्टी कार्नर मिला मगर पाकिस्तानी की डिफेंस ने उसे विफल कर दिया मगर अगले ही मिनट में एक और फ़ुट फ़ाउल के कारण उन्हें एक और पेनाल्टी कार्नर मिला और कप्तान रायकी फुजीशिमा ने गेंद को पाकिस्तान के गोलकीपर इश्तियाक अब्दुल्ला खान के पास पहुंचा दिया।

आधे समय के ब्रेक के बाद, दोनों टीमों ने गोल के लिए कई बार कोशिश की मगर रक्षकों के चौकन्ना रहने से कोई गोल नहीं कर सका।अंतिम छह मिनट तनावपूर्ण रहे, जापान ने गेंद पर अपना दबदबा बनाए रखा, लेकिन पाकिस्तान ने बढ़त बनाए रखने के लिए कड़ा संघर्ष किया और तीन अंकों के साथ मैच अपने नाम कर लिया।

## अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच तीसरे दिन का खेल भी बारिश ने बिगाड़ा

ग्रेटर नोएडा, 11 सितम्बर। अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल बुधवार को बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। ग्रेटर नोएडा में कल रात से हो रही बारिश के चलते मैदानी अंपायरों ने दिन का खेल रद्द करने की घोषणा की। आउटफील्ड में जगह जगह पानी भरा हुआ था जिसे देखते हुये बाकी के दो दिन के खेल में भी संशय के बादल मंडरा रहे हैं। मैदान की खस्ता हालत और खराब मौसम को देखते हुये दोनो टीमें आज मैदान में नही आयीं। वर्ष 2008 के बाद यह पहला मौका है जब किसी टेस्ट मैच में तीन दिन का खेल बगैर गेंद फेंके रद्द किया गया है। इससे पहले मीरपुर में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट मैच में इस तरह की अप्रिय स्थिति का सामना करना पड़ा था। गौरतलब है कि ग्रेटर नोएडा का मैदान दोयम दर्जे की सुविधाओं के कारण चर्चाओं के घेरे में है। अफगानिस्तान की टीम ने हालांकि इसे अपना घरेलू मैदान चुना था मगर बारिश ने मैदान और आउटफील्ड की पोल खोल दी है और यह मैदान अब आलोचनाओं का शिकार बन चुका है।

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में रोहित 5 व जायसवाल 6 पर, रूट नंबर वन

नई दिल्ली, 11 सितम्बर। आईसीसी ने ताजा टेस्ट रैंकिंग में भारतीय टीम के तीन सूरमाओं की रैंकिंग में सुधार हुआ है। बांग्लादेश संग शुरू होने वाली सीरीज से पहले भारत के लिए ये शानदार खबर है। इस रैंकिंग में रोहित शर्मा नंबर 5 पर आ गए हैं। जबकि यशस्वी जायसवाल नंबर 6 पर पहुंच गए हैं।आईसीसी की इस रैंकिंग में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा नंबर 5 पर हैं। जबकि यशस्वी जायसवाल नंबर 6 पर पहुंचे गए हैं, और विराट कोहली टेस्ट रैंकिंग में नंबर 7 पर हैं। आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में टॉप 10 में ये 3 भारतीय बल्लेबाज हैं। खास बात ये है कि तीनों बल्लेबाजों की रैंकिंग में एक-एक स्थान का उछाल देखने को मिला है। वहीं आईसीसी कई नई रैंकिंग में श्रीलंका के कई खिलाड़ियों को बड़ी सफलता मिली है। ओवल में इंग्लैंड पर अपनी उलटफेर भरी टेस्ट जीत के बाद 6 श्रीलंकाई खिलाड़ियों ने नवीनतम आईसीसी पुरुष टेस्ट रैंकिंग में अपने करियर की नई हाइएस्ट रैंकिंग हासिल की है। वहीं आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजों की इस रैंकिंग में टॉप पर इंग्लैंड के जो रूट काबिज हैं। रूट 899 अंकों के साथ पहले स्थान पर हैं। जबकि दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के केन विलियमसन 859 अंक के साथ हैं। न्यूजीलैंड के ही डेरल मिचेल 768 अंक के साथ तीसरे नंबर पर हैं। तो ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ 757 चौथे नंबर पर हैं।

## पंजाब एफसी ने 26 सदस्यीय टीम की घोषणा की

मोहाली, 11 सितंबर। पंजाब एफसी ने आगामी आईएसएल सीज़न के लिए अपनी 26 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम 15 सितंबर को कोच्चि में केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। जबकि 20 सितंबर को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अपना पहला घरेलू मैच खेलेगी। हेड कोच पनागियोटिस डिल्मपेरिस ने बताया कि उन्होने युवा और अनुभव का संतुलन रखते हुए टीम चुनी है। लुका माजसिन, मुसागा बकेंगा, इज़ेकियल विडाल, इवान नोवोसेलेक, अस्मीर सुल्जिक और फिलिप मर्ज्लाक टीम के विदेशी खिलाड़ी हैं जबकि भारतीयों में विनीत राय, निन्थोइंगनबा मीतेई, मुहीत शबीर, निहाल सुदेश और लिकमाबम राकेश सिंह शामिल हैं। अकादमी से मोहम्मद सुहैल एफ. और शामी सिंगमायुम को सीनियर टीम में प्रमोट किया गया है। पहले से ही टेकचम अभिषेक सिंह, मंगलेन्थांग किपगेन, और आयुष देशवाल अकादमी से टीम का हिस्सा हैं। डिल्मपेरिस ने कहा, हमने एक ऐसी टीम बनाई है जो इस सीज़न में शीर्ष स्थानों के लिए चुनौती पेश कर सकती है। विदेशी खिलाड़ी काफी अनुभव रखते हैं और हमारे पास भारतीय खिलाड़ियों का भी एक शानदार समूह है। हमने पिछले सीज़न के भारतीय खिलाड़ियों के कोर को भी बनाए रखा है। हमारा प्री-सीज़न अच्छा रहा है और हमें उम्मीद है कि हम अपने सीज़न की अच्छी शुरुआत करेंगे और अपनी पूरी क्षमता के साथ प्रदर्शन करेंगे।

## यूएस प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी टीमों ने प्रमुख खिलाड़ियों को किया रिटेन

फ्लोरिडा, 11 सितम्बर। युनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग (यूएसपीएल) के तीसरे सत्र के शुरू होने से पहले टीमों ने प्रमुख खिलाड़ियों को रिटेन कर लिया है। नवंबर में फ्लोरिडा के ब्रावर्ड काउंटी स्टेडियम में खेली जाने वाली लीग से पहले पांचों फ्रेंचाइजी एनजे टाइटंस, न्यूयार्क काउबायज, मैरीलैंड मैवरिक्स, कैरोलिना ईगल्स और कैलिफोर्निया गोल्डन ईगल्स ने अपनी कोर टीम को बनाए रखने के लिए रणनीतिक फैसले लिए हैं। एनजे टाइटंस ने आलराउंडर हरमीत सिंह, विस्फोटक बल्लेबाज एंड्रीस गौस और अमेरिका के पूर्व कप्तान सौरभ नेत्रावल्कर समेत छह खिलाड़ियों को रिटेन किया है। आक्रामक खेल के लिए प्रसिद्ध न्यूयार्क काउबायज ने पांच खिलाड़ियों को रिटेन किया है। इनमें शीर्ष क्रम के बल्लेबाज जलाध दुआ, मुख्तार अहमद और तजिंदर सिंह ढिल्लों शामिल हैं।

वहीं, मैरीलैंड मैवरिक्स ने अनुभवी आलराउंडर ड्वेन स्मिथ, अमेरिकी खिलाड़ी नास्थुश केनजिगे, उभरते सितारे साईतेजा मुक्कामल्ला और नील ब्रूम को रिटेन किया है। कैरोलिना ईगल्स ने गजनंद सिंह, केसरिक विलियम्स और शयान जहांगीर समेत छह खिलाड़ियों को रिटेन किया है। कैलिफोर्निया गोल्डन ईगल्स ने पांच खिलाड़ियों को रिटेन किया है। इनमें उन्मुक्त चंद, चैतन्य बिश्नोई और जुनैद सिद्दीकी शामिल हैं।

## वर्ल्ड कप 2023 से इंडियन इकोनॉमी ने 11,736 करोड़ कमाए

### भारतीय अर्थव्यवस्था में किया इजाफा

दुबई, 11 सितंबर। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 आर्थिक रुप से अब तक का सबसे बड़ा क्रिकेट आयोजन साबित हुआ है जिसने भारतीय अर्थव्यवस्था में 11 हजार 637 करोड़ रुपये का योगदान दिया। भारत के दस शहरों अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, धर्मशाला, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई और पुणे में विश्व कप 2023 पिछले साल पांच अक्टूबर से 19 नवंबर के बीच खेला गया था। आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार आईसीसी क्रिकेट विश्वकप में एक करोड़ 25 लाख दर्शकों ने भाग लिया जिसके चलते मेजबान शहरों में पर्यटन,आवास,यात्रा,परिवहन और भोजन आदि के जरिये 861.4 मिलियन डालर का राजस्व प्राप्त हुआ। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में लगभग 75 फीसदी दर्शकों ने पहली बार मैचों का लुफ्त उठाया जबकि लगभग 55 प्रतिशत विदेशी दर्शक पहले भी भारत का दौरा कर चुके थे लेकिन खासकर विश्व कप के कारण 19 फीसदी दर्शकों ने भारत की यात्रा की। अपने भारत प्रवास के दौरान इन क्रिकेट प्रेमियों ने कई पर्यटन स्थलों का दौरा किया, जिससे 281.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर का आर्थिक प्रभाव पड़ा और लगभग 68 प्रतिशत विदेशी दर्शक ऐसे भी थे जिन्हे भारतीयों की मेजबानी खूब रास आयी और उन्होने वादा किया कि वे वे भविष्य में भारत की वैश्विक छवि को और बढ़ाने के लिए दोस्तों और परिवार के लोगो को यहां आने का सलाह देंगे। अधिकांश विदेशी आगंतुकों ने देश में पांच से अधिक रातें बिताईं, जबकि घरेलू यात्रियों ने मेजबान शहरों में औसतन दो रातें बिताईं। प्रभावशाली 73 फीसदी स्थानीय लोगों ने माना कि क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी से भारत की छवि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी से होटल और पर्यटन उद्योग निखरा, नतीजन और 48 हजार से अधिक पूर्ण और अंशकालिक नौकरियां पैदा हुईं, जिन्होंने अर्थव्यवस्था में 18 मिलियन डालर का योगदान दिया। रिपोर्ट में भारतीय अर्थव्यवस्था पर स्थायी प्रभाव पैदा करने के लिए विश्व कप अवधि के बाद भी मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डाला गया है, क्योंकि 59 फीसदी विदेशी पर्यटकों ने भारतीय पर्यटन की सराहना की ह। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी, ज्योफ एलार्डिस ने कहा, आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 ने क्रिकेट की महत्वपूर्ण आर्थिक शक्ति का प्रदर्शन किया है, जिससे भारत को 1.39 बिलियन अमेरिकी डॉलर का आर्थिक लाभ हुआ है। इस आयोजन ने हजारों नौकरियां पैदा कीं और भारत को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में प्रदर्शित किया।

# मैट्रोलाइन बैंगलोर से होसुर ले जाने पर विवाद, कर्नाटक के लोगों को रोजगार छिनने का डर

## तमिलनाडू का तर्क है कि मैट्रो प्रोजैक्ट दोनों राज्यों के लिए फायदेमंद है, पर, बेंगलुरु के स्थानीय लोगों का कहना है कि यह तमिलनाडू की चाल है

-लक्ष्मण वेंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

■ तमिलनाडू का होसुर तेजी से उभरता इण्डस्ट्रियल टाउन है और साउथ बैंगलोर, जहाँ बेंगलुरु की इलैक्ट्रॉनिक सिटी है, के ज्यादा नज़दीक है। होसुर में हवाई अड्डा बनाने की योजना है। यह हवाई अड्डा बेंगलुरु एयरपोर्ट की तुलना में साउथ बैंगलोर के ज्यादा करीब होगा।

नई दिल्ली, 11 सितम्बर। दक्षिण भारत के दो इकोनॉमिक हब्ज, कर्नाटक में बेंगलुरु और तमिलनाडु में होसुर, के बीच टकराव बढ़ रहा है। बेंगलुरु का पड़ोसी क्षेत्र होसुर बहुत तेजी से एक इण्डस्ट्रियल हब और इकोनॉमिक सैंटर का रुप लेता जा रहा है, जो कि अपने पड़ोसी कर्नाटक के लिए चुनौती खड़ी कर सकता है।

होसुर में एक एयरपोर्ट बनाने की योजना है, जो कि साउथ बेंगलुरु के निवासियों के लिए बेंगलुरु एयरपोर्ट की तुलना में अधिक पास पड़ेगा तथा दक्षिण बेंगलुरु क्षेत्र को होसुर से जोड़ने वाले हाइवे के कारण होसुर एयरपोर्ट पहुंचने में समय भी कम लगेगा।

अब, साउथ बेंगलुरु स्थित इलैक्ट्रानिक सिटी से होसुर तक मैट्रोलाइन को बढ़ाने का प्रस्ताव है। ज्ञातव्य है कि इलैक्ट्रॉनिक सिटी आई.टी. तथा सॉफ्टवेयर इण्डस्ट्री का केन्द्र है और अपनी तरह का पहला टैक्नॉलजी एरिया है। दूसरी तरफ होसुर, तमिलनाडु का अंतिम इण्डस्ट्रियल टाउन है, जो कि दक्षिण भारत के दोनों राज्यों के बीच बॉर्डर का काम करता है। उपरोक्त दोनों राज्यों में इण्डिया गठबंधन के दो अलग-अलग घटकों का शासन है, तमिलनाडू में द्रमुक (डी.एम.के.) तथा कर्नाटक में कांग्रेस का।

लेकिन, मैट्रोलाइन को लेकर कर्नाटक तथा कन्नड़ एक्टिविस्टों ने दोनों राज्यों के बीच लड़ाई शुरु करवा दी है। ये एक्टिविस्ट नहीं चाहते कि होसुर तक मैट्रोलाइन को बढ़ाया जाए। इन्हें डर है कि यदि आवाजाही आसान हो गई तो तमिलनाडू के इस शहर से आने वाले प्रवासियों की बाढ़ लग जाएगी। यहाँ के स्थानीय लोगों को भय है कि पड़ोसी राज्यों से कम दिहाड़ी पर काम करने वाले मजदूरों के आने से उनकी आजीविका व रोजगार छिन जाएगा।

कर्नाटक सरकार को अभी उस प्रस्ताव पर निर्णय लेना है, जिस पर इस बिन्दु को लेकर चर्चा हो रही है कि मैट्रो-सेवा को बैंगलोर से होसुर तक बढ़ाया जाये। जब कांग्रेस विधायक रिजवान अरशद से उन कर्नाटक समर्थक ग्रुपों द्वारा किए जा रहे विरोध के बारे में पूछा गया, जो इन दोनों शहरों के बीच मैट्रो-सेवा के विचार का विरोध कर रहे हैं, तो उन्होंने पत्रकारों को बताया कि "जो भी निर्णय लिया जायेगा, वह राज्य और उसकी जनता के सर्वोत्तम हित में होगा। इस समय तो सरकार केवल यह जाँच और विचार कर रही है कि यह प्रस्ताव व्यवहार्य है भी या नहीं तथा यह राज्य के हित में होगा या नही।" तमिलनाडू सरकार ने बोम्मासन्द्रा से होसुर तक 23 किमी. एलिवेटेड मैट्रो लाइन के लिये 6900 करोड़ रूपए प्रस्तावित किये हैं। इस लाइन का 11 किमी. का हिस्सा कर्नाटक में तथा 12 किमी. का हिस्सा तमिलनाडु में पड़ता है। इस मैट्रो सर्विस से ये दोनों शहर जुड़ जायेंगे तथा श्रम शक्ति के त्वरित आवागमन के फलस्वरूप, इन दोनों ही क्षेत्रों के उद्योगों तथा सेवा क्षेत्र के लिये काफी सुविधा एवं सुगमता हो जायेगी।

जहाँ तमिलनाडु का तर्क है कि यह मैट्रो प्रोजैक्ट दोनों राज्यों के लिये लाभदायक रहेगा, वहीं बैंगलोर के स्थानीय लोग तथा कन्नड़ संगठन इसके विरोध में उठ खड़े हुये हैं तथा इसे तमिलनाडु की एक चाल बताते हुये, संभावित लाभ को खारिज कर रहे हैं तथा कह रहे हैं कि कर्नाटक को इससे लाभ नहीं, बल्कि हानि होगी।

विपक्षी भाजपा का मत यह है कि बँगलोर शहर में वैसे ही ट्रैफिक सम्बन्धी कई चुनौतियाँ हैं तथा शहर के बहुत से क्षेत्र मैट्रो से जुड़े हुए नहीं हैं। इसलिए एक भाजपा नेता एम.रेड्डी ने कहा कि सरकार को अपनी प्राथमिकताओं के बारे में बिल्कुल स्पष्ट होना चाहिए तथा मैट्रो लाइन के तमिलनाडु तक के विस्तार के सुझाव पर खुली आपत्ति किए बिना, प्रस्ताव में कोई अड़ंगा लगा देना चाहिए।

## 'उचित शिक्षा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

असंवैधानिक, धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत तथा संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत दिए गए गारंटीयुक्त 'समानता के अधिकार" का उल्लंघनकर्ता घोषित कर दिया था। यह कहते हुए कि उत्तर प्रदेश बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट, 2004 असंवैधानिक है, उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को निर्देश दिए थे कि "मदरसों के विद्यार्थियों को 'प्राइमरी एजूकेशन बोर्ड' तथा 'हाईस्कूल एंड इन्टरमीडिएट एजूकेशन बोर्ड ऑफ द स्टेट उत्तर प्रदेश' के तहत मान्यता प्राप्त नियमित स्कूलों में समायोजित करने के कदम तत्काल उठाए जायें।" उच्च न्यायालय का यह फैसला एक वकील द्वारा दायर की गई याचिका पर आया था। याचिका में "मदरसा एक्ट" को चुनौती दी गई थी। लेकिन अप्रैल में, सर्वोच्च न्यायालय ने उच्च के इस फैसले पर रोक लगा दी थी तथा कहा था कि उच्च न्यायालय ने प्रथम दृष्टया मदरसा एक्ट का गलत अर्थ निकाला था तथा इस निर्णय से करीब 17 लाख विद्यार्थी प्रभावित होंगे।

## अमेरिकी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हैरिस के मुकाबले में आने से ट्रम्प पिछड़ गए। अगर हैरिस नवम्बर में हुए चुनावों में जीत जाती हैं तो वे अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति होंगी।

# श्रीगंगानगर में दोपहर 12:58 पर भूकम्प के झटके

## रिक्टर स्केल पर भूकम्प की तीव्रता 5.8 नापी गई

■ भूकम्प का असर राजस्थान, पंजाब व जम्मू-कश्मीर में महसूस किया गया। भूकम्प का केन्द्र पाकिस्तान के वाहोवा प्रांत में था।

■ राजस्थान में श्रीगंगागनर के अलावा, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ व जैसलमेर में भी भूकम्प के झटके महसूस किये गए।

श्रीगंगानगर, 11 सितम्बर (कासं)। पाकिस्तान में बुधवार दोपहर आये 5.8 तीव्रता के तेज भूकम्प से राजस्थान में भी धरती कांप उठी। इस भूकम्प का असर राजस्थान के सीमावर्ती जिले गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, जैसलमेर के एरिये में रहा। जहां हल्के झटके महसूस होने के बाद लोग घरों और दफ्तारों से बाहर निकल गए।

मौसम विभाग के मुताबिक भूकम्प भारतीय समयानुसार 12.58 बजे आया और इसका केन्द्र पाकिस्तान के वाहोवा प्रांत के पास था। भूकम्प के झटके राजस्थान, पंजाब और जम्मू कश्मीर के कई हिस्सों में झटके महसूस हुए। राजस्थान में श्रीगंगानगर, बीकानेर के एरिया में इस भूकम्प से सबसे ज्यादा झटके महसूस किए गए। वहीं जैसलमेर, हनुमानगढ़ और चूरू के कुछ ग्रामीण एरिया में भूकम्प के बहुत हल्के झटके महसूस किए गए। बॉर्डर के जिले श्रीगंगानगर में 4-5 सैकण्ड तक भूकम्प के हल्के झटके महसूस किये।

नेशनल सैंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक रिएक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.8 नापी गई। भूकम्प का केन्द्र जमीन से करीब 33 किमी नीचे था। दोपहर करीब 12.58 बजे भूकम्प के झटके महसूस होने पर लोग डर के कारण घरों से बाहर निकल आए। श्रीगंगानगर के निवासी अरविंद ने बताया कि अचानक उन्हें लगा कि कुछ हिल रहा है। भूकम्प का एहसास होते ही वे दौड़कर बाहर निकले। अरविंद ने बताया कि उन्होंने करीब 4 सैकण्ड तक भूकम्प के हल्के झटके महसूस किये।

पड़ौसी देश पाकिस्तान में आये भूकम्प का बेहद मामूली असर श्रीगंगानगर इलाके पर भी नजर आया। पाकिस्तान से श्रीगंगानगर महज 25 किलोमीटर दूरी पर है। ऐसे में भूकम्प का कुछ असर श्रीगंगानगर इलाके पर दिखा। शहर में लोगों ने जैसे ही मामूली मूवमेंट देखा उन्होंने एक दूसरे को फोन कर इस बारे में जानकारी ली। यह असर कुछ सैकण्ड तक ही रहा। दोपहर 12 बजकर 58 मिनट पर लोगों को कुछ सैकण्ड के लिए धरती हिलती हुई महसूस हुई।

मौसम विभाग के सहायक निदेशक हिमांशु शर्मा ने बताया कि पाकिस्तान में 5.8 तीव्रता का भूकम्प आया है। हालांकि अब तक श्रीगंगानगर पर इसका असर रहने की कोई पुख्ता सूचना नहीं है, लेकिन नजदीक होने के कारण यह असर कुछ सैकण्ड तक रह सकता है। मौसम विभाग के स्थानीय सूत्रों ने भी हालांकि भूकम्प की पुष्टि नहीं की, लेकिन उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से सीमा सटी होने के कारण भूकम्प का असर हमारे यहां हो सकता है। हमारी धरती की सतह मुख्य तौर पर 7 बड़ी और कई छोटी-छोटी टेक्टोनिक प्लेट्स से मिलकर बनी है। ये प्लेट्स लगातार तैरती रहती हैं और कई बार आपस में टकरा जाती हैं। टकराने से कई बार प्लेट्स के कोने मुड़ जाते हैं और ज्यादा दबाव पड़ने पर ये प्लेट्स टूटने लगती हैं। ऐसे में नीचे से निकली ऊर्जा बाहर की ओर निकलने का रास्ता खोजती है और इस डिस्टर्बेंस के बाद भूकम्प आता है।

# म.प्र. के किसानों के लिए खुशखबरी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 सितम्बर। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, "किसानों की सेवा करना हमारे लिये भगवान की पूजा करने के समान है।" उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के किसान सोयाबीन को राज्य में बेचने को लेकर चिन्तित थे। चौहान ने कहा कि हाल ही में, मध्य प्रदेश के किसान इस बात को लेकर चिन्तित थे कि सोयाबीन न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर बिक रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले, केन्द्र ने महाराष्ट्र तथा कर्नाटक जैसे राज्यों को मिनिमम सपोर्ट प्राइस (एम.एस.पी.) पर सोयाबीन खरीदने की अनुमति दी थी।

मंगलवार को उन्होंने घोषणा की कि मध्य प्रदेश में सोयाबीन भी एम.एस.पी. दर पर खरीदा जायेगा। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश ने एम.एस.पी. दरें अनुमोदित कर दी हैं तथा केन्द्र को यह सूचना मिल चुकी है कि मध्य प्रदेश सरकार वहाँ के किसानों को सोयाबीन का पूरा मूल्य अदा करेगी।

■ केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्य प्रदेश के किसानों को सस्ती दर पर सोयाबीन बेचना पड़ रहा था इसलिए राज्य सरकार ने एम.एस.पी. रेट पर सोयाबीन खरीदने का निर्णय लिया है।

## क्या अमेरिका ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इन्टेलिजैंस ब्यूरो (आई.बी.) को दी। जैसे ही यह सूचना आई.बी. को मिली, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहार अजित डोवल ने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार से फोन पर बात की तथा उन्हें सचेत किया कि भारत में कोई अव्यवस्था पैदा करने की कोशिश नहीं करें।

गृह मंत्रालय को प्राप्त सूचना के अनुसार, आसन्न हरियाणा विधानसभा चुनावों में अमेरिकन हस्तक्षेप की प्रबल संभावनाएं हैं।

## प्रेमिका के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

का साथ दिया हो। अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक राघवेन्द्र पारीक ने अदालत को बताया कि घटना को लेकर अनिल सैनी ने 13 जुलाई, 2018 को आमेर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# बंगाल में आंदोलनरत डॉक्टर ममता बनर्जी से सशर्त मुलाकात को तैयार

■ आंदोलनरत डॉक्टरों ने कहा, मुख्यमंत्री से बातचीत का सीधा प्रसारण हो।

कोलकाता 11 सितंबर (वार्ता) पश्चिम बंगाल के कोलकाता में प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टरों ने बुधवार को सरकार के अस्पतालों में महीने भर से चल रहे काम बंद को खत्म करने के लिए वार्ता में शामिल होने के निमंत्रण को स्वीकार करने के लिए नयी शर्तें तय कीं जिसमें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की उपस्थिति और कार्रवाई का सीधा प्रसारण शामिल है। मुख्य सचिव मनोज पंत ने प्रदर्शनकारी डॉक्टरों को पत्र लिखकर बातचीत के लिए राज्य सचिवालय आने का निमंत्रण दिया। इसके बाद आंदोलनकारियों ने मांग की कि उन्हें 30 प्रदर्शनकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल भेजने की अनुमति दी जानी चाहिए। पंत ने हालांकि 15 सदस्यीय टीम को आमंत्रित किया था।

डाक्टरों ने कहा कि सरकार ने निमंत्रण में उल्लेख किया है कि डॉक्टरों का प्रतिनिधिमंडल 15 सदस्यों से अधिक नहीं होना चाहिए लेकिन राज्य में 26 मेडिकल अस्पताल हैं और प्रत्येक अस्पताल बातचीत के लिए कम से कम एक प्रतिनिधि भेजना चाहता है।

उल्लेखनीय है कि गत नौ अगस्त को आरजी कर अस्पताल में एक युवा महिला चिकित्सक के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या के विरोध में सरकारी अस्पतालों में अनिश्चितकालीन काम बंद को समाप्त करने के लिए वार्ता में शामिल होने से पहले डॉक्टर कोलकाता पुलिस प्रमुख के इस्तीफे की अपनी मांग पर भी अड़े रहे।

## खुली जेल में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जारी कर राजस्थान सरकार को कहा था कि ओपन जेल की जमीन को कम करने का प्रयास नहीं करे। वहीं, छह दशक से ओपन जेल के लिए काम आ रही इस जमीन को संरक्षित करे, लेकिन अदालती आदेश के बाद भी जेडीए ने 30 जुलाई 2024 को इस जमीन पर सेटेलाइट अस्पताल के लिए जमीन आवंटन करना मंजूर कर दिया है।

राज्य सरकार व जे.डी.ए. का ऐसा करना सुप्रीम कोर्ट के अदालती आदेश की अवमानना है। याचिकाकर्ता सेटेलाइट अस्पताल खोलने के खिलाफ नहीं है, लेकिन उसके लिए दूसरी जगह देखी जा सकती है। वहीं, सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब देने के लिए समय मांगा गया, जिस पर अदालत ने सीएस को हिदायत देते हुए सुनवाई टाल दी। न्याय मित्र अधिवक्ता प्रतीक कासलीवाल ने बताया कि ओपन जेल में हॉस्पिटल बनाए जाने का मुद्दा राजस्थान हाईकोर्ट में भी पेंडिंग चल रहा है।





VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI ARENA DEALERSHIP AND BOOK THE EPIC NEW SWIFT TODAY I CALL 1800 102 1800 I WWW.MARUTISUZUKI.COM/SWIFT

MARUTI SUZUKI AUTHORIZED DEALERS: AURIC MOTORS PVT LIMITED: SARSWATI NAGAR, NEW PALI ROAD: 9015900500. BALESAR: 9015900500. BORUNDA: 9015900500. BAORI: 9015900500. AHORE: 9015900500. SAYLA: 9015900500. SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.: PRATAP NAGAR: 0291 2762064/65 9929244412/9929244403. JALORE: 9116137669/ 9929244436. BHINMAL: 9680059999. SANCHORE: 9928568669. RANIWARA: 7340061247. PHALODI: 9929244412 /9119180984. L.M.J. SERVICES LTD: INDUSTRIAL ESTATE, OPP. UDYOG BHAWAN, NEW POWERHOUSE ROAD: 8094011123, 8094011151, 0291-2630478/79/80. BALOTRA: 8094011142, 8094017705. BARMER: 8094011135, 8094017719. SHEO: 8094011135. BILARA: 8094019882. BHOPALGARH: 8094009857, 8094011128. JAISALMER: 02992-203222, 8094011137. OSIAN: 8094019882. PIPAR: 8094019893, 8094011128. POKHRAN: 8094002631. SIWANA: 8094017705. LUNI: 8094017715. BAYTU: 8094011135. GUDAMALANI: 8094011135. CHANDAN: 8094011137. SUMERPUR: 8094017723, 8094011136. FALNA: 8094002640. SOJAT: 8094017722. MARWAR JUNCTION: 8094002640. RAIPUR: 8094017722. TIWARI: 8094019882. ASOP: 8094011128. JAITARAN: 8094010933. PALI: L.M.J. SERVICES LTD.: PALI: 02932 - 256177, 8094011136. SUMERPUR: 8094017723, 8094011136. FALNA: 8094010932. JAITARAN: 8094010933. SOJAT: 8094017722. MARWAR JUNCTION: 8094017701. RAIPUR: 8094017722. AURIC MOTORS PVT LIMITED: AHORE: 9015900500. SAYLA: 9015900500. SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.: JALORE: 9929244436 / 9116137669. BHINMAL: 9680059999 / 9929244436. SANCHORE: 9928568669 / 9929244436. RANIWARA: 7340061247/ 9929244436. TECHNOY MOTORS: REVDAR: 9116653762. JAWAL: 9530396910. NAVNEET MOTORS: SIROHI: 02972-222917/ 18, 7665010638. ABUROAD: 02974-220090, 7665016624.

Creative visualisation. Accessories and features shown may not be part of standard fitment and may vary according to variant. Images used are for illustration purposes only. Black glass on the vehicle is due to lighting effect. Colours shown may vary from actual body colours due to printing on paper. *Fuel efficiency as certified by test agency Rule 115 of CMVR 1989.


राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908